जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

## केएल राहुल एलएसजी से आरसीबी तो, रोहित-बुमराह और सूर्य कुमार छोड़ेंगे एमआई

Page 10



देश

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किए बाबा केदारनाथ के दर्शन

कृष्ण पक्ष, पूर्व भाद्रपद, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • गुरूवार • 25 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 225 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹70,760 | ₹87,500 |



## आज का इतिहास

- **1892 :** दादाभाई नौरोजी पहले भारतीय ब्रिटेन में संसद सदस्य के रूप में चुने गए।
- **2006 :** भारत और चीन को जोड़ने वाले हिमालय में एक पहाड़ी दर्रा नाथू ला, जो चीन-भारतीय युद्ध के दौरान सील किया गया था, 40 से अधिक वर्षों के बाद व्यापार के लिए फिर से खुल गया।

## न्यूज बाइट्स

### टैक्स घटने के बाद सोना 4 हजार रूपए तक सस्ता हुआ

**नई दिल्ली (ए.)।** बजट में सोना-चांदी की कस्टम ड्यूटी (इम्पोर्ट टैक्स) घटने के बाद से सोना 4000 रुपए और चांदी 3600 रुपए सस्ती हो चुकी है। सरकार ने बजट में सोना-चांदी पर कस्टम ड्यूटी को 15% से घटाकर 6% कर दिया है। इससे भाव में ये गिरावट आई है। बजट के अगले दिन, यानी आज 24 जुलाई को सोना 408 रुपए गिरकर 69,194 रुपए पर आ गया है। कल इसमें 3600 रुपए की गिरावट आई थी। वहीं चांदी आज 22 रुपए गिरकर 84,897 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। कल चांदी में 3600 रुपए की गिरावट थी।

### मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर, जवान शहीद

**श्रीनगर (जम्मू कश्मीर) (ए.)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में मंगलवार को शुरू हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि सेना का एक जवान शहीद हो गया। यह जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी। अधिकारियों ने बताया कि सेना का एक गैर-कमीशन अधिकारी (एनसीओ) सीमांत कुपवाड़ा के टुमखान जंगलों में चल रहे एक अभियान में गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में चिकित्सा के दौरान उसकी मौत हो गई।

### बिहार में सीओ की हड़ताल खत्म, काम में आयेगी तेजी

**पटना (नि.सं.)** बिहार राजस्व सेवा संघ के आह्वान पर सीओ की सांकेतिक हड़ताल मंगलवार को खत्म हो गयी। अंचल कार्यालयों में दाखिल-खारिज के निबटारे के मामले में तेजी आयेगी। संघ के आह्वान पर 18 जुलाई से सीओ द्वारा दाखिल-खारिज के निबटारे का काम बंद रखा गया था। हालांकि, दाखिल-खारिज के निबटारे का काम पूरी तरह से ठप नहीं था। अंचल कार्यालयों में आरटीपीएस में प्राप्त आवेदन, आपदा संबंधित सहित अन्य काम का निबटारा हो रहा था।

एंटी पेपर लीक बिल बिहार विधानसभा में पास, सदन से विपक्ष का वॉकआउट

# पेपर लीक पर 10 साल की सजा, 10 लाख से एक करोड़ तक का जुर्माना

- इसके अलावा परीक्षा की लागत भी सेवा प्रदाता से ही वसूली जाएगी। उसे चार साल के लिए ब्लैकलिस्टेड कर दिया जाएगा। संस्था की संपत्ति की कुर्की का भी प्रावधान है।

निज संवाददाता | पटना

बिहार विधानसभा से एंटी पेपर लीक विधेयक पास हो गया है। राज्यपाल के हस्ताक्षर के बाद यह बिल राज्य में लागू हो जाएगा। इस बिल के मुताबिक, अब पेपर लीक को सीरियस क्राइम माना जाएगा। विधानसभा से कानून पास होने के बाद पेपर लीक मामले के आरोपियों पर नॉन बेलेबल धाराएं लगाई जाएंगी।

नए कानून में 3 से 10 साल की सजा और 10 लाख से एक करोड़ तक जुर्माना लगाने का प्रावधान है। ये नियम राज्य सरकार की तरफ से आयोजित होने वाली सभी परीक्षाओं में लागू होंगे। इसके अलावा जो भी संस्था पेपर लीक में शामिल होगी उसे 4 साल के लिए ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा। विपक्ष के हंगामा को देखते हुए सदन गुरुवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

इस बिल को मानसून सत्र के दूसरे दिन ही पेश होना था, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण सरकार इसे पेश नहीं कर पाई। सदन में एंटी पेपर लीक विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया।

नए नियम के मुताबिक अब पेपर लीक मामले की जांच भी डीएसपी रैंक के अधिकारी से कराई जाएगी। इसके साथ ही नए कानून में इस बात का भी प्रावधान किया गया है कि मामले की जांच सरकार किसी भी जांच एजेंसी से करवा सकती है। विपक्ष के विधायक सदन में आरक्षण के समर्थन में बेल में तख्तियां लहराने लगे। स्पीकर नंदकिशोर यादव ने सभी से वेल से जाने की अपील की, लेकिन विपक्ष के नेता मुख्यमंत्री के खिलाफ नारे लगाने लगे। जवाब में सीएम नीतीश कुमार ने विपक्ष के नेताओं से कहा आप सब का हाय हाय। चुपचाप बैठ जाइए।

विपक्ष की मांग है कि 75 प्रतिशत आरक्षण को 9वीं अनुसूचित में शामिल किया जाए। वहीं, विपक्ष के विरोध पर मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि हमलोग केंद्र को अनुशंसा कर चुके हैं। मामला कोर्ट में है। सदन में आज भी नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और राजद नेता तेज प्रताप यादव नहीं आए।



### इन संस्थाओं की परीक्षा पर लागू होंगे नियम

- बिहार लोक सेवा आयोग
- बिहार कर्मचारी चयन आयोग
- बिहार तकनीकी सेवा आयोग
- बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग
- बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग
- केंद्रीय सिपाही चयन पर्षद, बिहार
- अन्य कोई प्राधिकरण, जो राज्य सरकार की तरफ से अधिसूचित हो

### लिफ्ट और एक्सेलेटर के लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी

बिहार सरकार का लिफ्ट एवं एक्सलेटर विधेयक 2024 विधानसभा में पारित हो गया। विधेयक पारित होने के बाद अब प्रदेश में लिफ्ट और एक्सेलेटर लगाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। इतना ही नहीं थर्ड पार्टी को भी बीमा कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इस विधेयक में कानून का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई और जुर्माने का भी प्रावधान है।

“ देश में एंटी-पेपर लीक कानून यानी पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 लागू हो गया है। केंद्र ने शुक्रवार (21 जून) की आधी रात इसका नोटिफिकेशन जारी किया। यह कानून भर्ती परीक्षाओं में नकल और अन्य गड़बड़ियां रोकने के लिए लाया गया है। इस कानून के तहत, पेपर लीक करने या आंसर शीट के साथ छेड़छाड़ करने पर कम से कम 3 साल जेल की सजा होगी। इसे 10 लाख तक के जुर्माने के साथ 5 साल तक बढ़ाया जा सकता है। ”

# नेपाल में प्लेन क्रैश, 18 लोगों की मौत



- प्लेन काठमांडू से पोखरा जा रहा था और त्रिभुवन एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ देर बाद क्रैश हो गया

निज संवाददाता | काठमांडू (नेपाल)

नेपाल की राजधानी काठमांडू में एक विमान क्रैश हो गया है। प्लेन में सवार 19 लोगों में से 18 की मौत हो गई है। वहीं घायल पायलट कैप्टन एम. शाक्य को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया है। प्लेन काठमांडू से पोखरा जा रहा था। प्लेन ने सुबह करीब 11 बजे त्रिभुवन एयरपोर्ट से उड़ान भरी। इसके कुछ ही देर के अंदर यह क्रैश हो गया। 9एन-एएमई प्लेन सौर्य एयरलाइन्स का था। हादसे में मारे गए लोगों में से 17 सौर्य एयरलाइंस के ही स्टाफ थे, जबकि बाकी 2 क्रू मेंबर्स थे। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, हादसे के तुरंत बाद पुलिस और फायर फाइटर्स की टीम घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए पहुंची। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि क्रैश के बाद विमान में आग लग गई थी। इसे तुरंत बुझा दिया गया। घटनास्थल से सामने आई तस्वीरों में धुएं का गुबार उठता दिख रहा है। हालांकि, हादसा किस वजह से हुआ इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।

घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों ने काठमांडू पोस्ट से बात करते हुए कहा, ‘प्लेन रनवे के दक्षिणी छोर से टेकऑफ कर रहा था। अचानक से इसमें झटका लगा और आग लग गई। इसके बाद यह रनवे के पूर्वी हिस्से में बुद्धा एयर हैंगर और रडार स्टेशन के बीच एक गड्ढे में गिर गया। सौर्य एयरलाइंस की वेबसाइट के मुताबिक, कंपनी नेपाल में 5 जगहों के लिए विमान संचालित करती है। इनके पास 3 बॉम्बार्डियर सीआरजे-200 जेट्स मौजूद हैं। क्रैश हुआ प्लेन 2003 में बना था।

नेपाल में एयर इंडस्ट्री में पिछले कुछ सालों में काफी विकास हुआ है। यह कई कठिन और पहाड़ी वाले इलकों में भी सेवाएं दे रही हैं। हालांकि, खराब सुरक्षा व्यवस्था और ट्रेनिंग की कमी की वजह से यहां अकसर हादसे होते रहते हैं। नेपाल में हर साल औसत एक विमान हादसा होता है। साल 2010 से अब तक 12 प्लेन क्रैश हो चुके हैं। 14 जनवरी 2023 को यहां बड़ा विमान हादसा हुआ था। यति एयरलाइंस का प्लेन काठमांडू से 205 किमी दूर पोखरा में क्रैश हो गया था। यह एटीआर-72 प्लेन था, जिसमें 68 यात्री और चार क्रू मेंबर सवार थे।

विमान पोखरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लैंडिंग से महज 10 सेकेंड पहले पहाड़ी से टकरा गया था। इससे प्लेन में आग लगी और वह खाई में जा गिरा था। हादसे में सभी 72 लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले 29 मई 2022 को मस्टैंग जिले में एक एयरप्लेन क्रैश हुआ था। इस हादसे में 22 लोगों की मौत हुई थी।

वहीं 2018 में काठमांडू के त्रिभुवन एयरपोर्ट के पास ही यूएस-बांग्ला एयरलाइंस का विमान क्रैश हो गया था। इसमें 51 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 20 गंभीर रूप से घायल हो गए थे। नेपाल में लगातार हो रहे विमान हादसों को देखकर यूरोपीय यूनियन ने नेपाली कैरियर्स को अपने एयरस्पेस में बैन कर रखा है।

# केंद्रीय बजट में बिहार को मिली सौगात से राजद-कांग्रेस मुद्दाविहीन : तारकिशोर

निज संवाददाता | पटना



बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने राजद और कांग्रेस के नेताओं द्वारा केंद्रीय बजट पर दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट में बिहार के विकास हेतु मिली सौगात से इन दोनों पार्टियों की स्थिति ‘शर्मीली बिल्ली, खम्भा नोचे’ वाली कहावत जैसी हो गई है। अब इनके पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। इसीलिए केंद्रीय बजट पर राजद और कांग्रेस के नेता अनर्गल बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन्हें मालूम होना चाहिए कि विशेष राज्य का दर्जा हो या विशेष सहायता अथवा विशेष पैकेज हो, सबका अंतिम लक्ष्य बिहार के विकास के लिए होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्रीय बजट में भारत सरकार ने बिहार के लिए पूर्व के अन्य प्रावधानों के अलावे लगभग 60 हजार करोड़ रुपए की योजनाओं की घोषणा की है। यह सब राजद और कांग्रेस के नेताओं को हजम नहीं हो रहा है। उन्हें बताना चाहिए कि जब सर्वप्रथम बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने हेतु बिहार से प्रस्ताव भेजा गया था, उस समय केंद्र में राजद और कांग्रेस समर्थित यूपीए की सरकार थी, तब ये लोग कहां थे और जब आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के विकास की गति को तीव्र करने हेतु प्रयास शुरू किये हैं तो इन्हें यह कुर्सी बचाने वाला बजट दिखाई दे रहा है।

# अध्यक्ष ने इंजीनियर के साथ हॉल निर्माण पर की मंत्रणा

पटना | निज संवाददाता



श्री श्री भारत माता मंदिर, लंगरटोली चैराहा, पटना-4 की अध्यक्ष उषा दुबे ने रविवार को मंदिर के ऊपर हॉल निर्माण के लिए पटना के बेहतरीन इंजीनियरों के साथ मंत्राणा की। इस अवसर पर उनके साथ न्यास समिति के सात सदस्य भी मौजूद थे। जब कि एक अन्य सदस्य किसी कारणवश अनुपस्थित थे। उषा दुबे एवं उनके पति प्रख्यात आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दुबे ने इंजीनियर के साथ निचले तल से लेकर छत तक का जायज़ा लिया। इसके उपरांत इंजीनियर को निर्देश दिया कि वह दो दिनों में हॉल का नक्शा बना लें ताकि यथाशीघ्र गरीबों के लिए हॉल का निर्माण हो सके। जहां गरीब हिन्दू परिवार अपने लड़के-लड़कियों का छेका, शादी-विवाह इत्यादि कर सकेंगे। हॉल गरीब हिन्दू परिवारों को बिलकुल निःशुल्क मिलेगा। यही नहीं, चूँकि मंदिर 554 वर्गपफीट में है, इसलिए गरीब हिन्दू परिवार शादी-विवाह की अन्य रस्में तथा बारातियों का खान-पान डॉ. सुनील दूबे के सुभाष मार्केट की छत के ऊपर कर सकेंगे। यह भी बिलकुल मुफ़्त होगा। उषा दूबे एवं उनके पति डॉ. दूबे ने बताया कि चूँकि सोमवार से सावन शुरु हो रहा है, अतः सावन के महीने में कोई ऐसा निर्माण कार्य नहीं किया जायेगा, जिससे भक्तों को पूजा-पाठ में कठिनाई हो। सावन खत्म होते ही हॉल निर्माण का कार्य यु( स्तर पर प्रारम्भ कर दिया जायेगा। अध्यक्ष उषा दूबे एवं उनके पति डॉ. सुनील दुबे ने बताया कि इस मंदिर की स्थापना 15 अगस्त, 1926 को हुई थी। यह मंदिर प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिर है। आगामी 13 अगस्त को न्यास समिति के सदस्य रणधीर आर्य एवं उनकी पत्नी अंजू आर्य यहाँ शंकर, गणेश, कार्तिक भगवान एवं नौ माताओं की पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण करेंगे।

# रांची स्मार्ट सिटी में बनेगा होटल ताज, 400 करोड़ रुपए होंगे खर्च

- 2028 तक बन कर होगा तैयार, टाटा ग्रुप को दी छह एकड़ जमीन

निज संवाददाता | रांची

वर्ल्ड क्लास होटल ताज अब झारखंड के रांची शहर में होगा। यह होटल रांची स्मार्ट सिटी कैंपस में छह एकड़ जमीन में बनेगा। इसके लिए आज सीएम हेमंत सोरेन की मौजूदगी में नगर विकास एवं आवास विभाग और द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (ए टाटा एंटरप्राइजेज) के बीच हुआ एमओयू हस्ताक्षर किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टी वी नरेंद्रन मौजूद रहे। इस होटल के लिए 8 जनवरी 2024 को कैबिनेट की बैठक में ताज होटल निर्माण के लिए टाटा ग्रुप को करीब 6 एकड़ जमीन लीज पर देने की स्वीकृति मिली थी। रांची में इस होटल का निर्माण झारखंड टूरिज्म पॉलिसी के तहत होगा। झारखंड देश का एक ऐसा राज्य है जहां टाटा ग्रुप पिछले कई सालों से माइनिंग से लेकर मैन्युफैक्चरिंग का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन पिछले कई सालों से रांची में ताज होटल खोले जाने को लेकर प्रयासरत थे। आज यह पूरा होता दिख रहा है। इसके लिए उन्हें धन्यवाद।

वहीं सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछले कई सालों से वे इसके लिए प्रयासरत थे। झारखंड की देश दुनिया में एक अलग पहचान है। केवल जमीन के अंदर खनन ही नहीं बल्कि जमीन के ऊपर की संपति से भी है।

उन्होंने कहा कि जब से हमारी सरकार आई है तब से हर वर्ग के लिए काम किया गया है। राज्य बनने के बाद नीति निर्माण की कमी थी जिसके कारण यह राज्य विकास के सही पायदान को छू नहीं पाया है। आज भी यह देश एक मजदूर प्रधान बन कर रह गया है। राज्य में रोजगार को लेकर हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। पलायन करने वाले मजदूरों के लिए रोज़गार की व्यवस्था कर रहे हैं।





### 400 करोड़ रुपए खर्च कर बनेगा होटल

द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (ए टाटा एंटरप्राइजेज) रांची में अगले चार साल (2028 तक) में इस विश्वस्तरीय होटल को बनाने का टारगेट रखा है। इसके लिए कुल 400 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। बनने वाले इस होटल में 200 के आसपास रूम होंगे। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से 1000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से रोजगार मिलेगा।

### झारखंड से हमारा सौ साल पुराना संबंध

एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम के दौरान टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टी वी नरेंद्रन ने कहा कि झारखंड का टाटा के संबंध कोई नया है। यह संबंध 100 साल से भी पुराना है।

बाबाधाम कांवरिया पथ शिवपुरी सुईया पहाड़ में

# निःशुल्क एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर हेतु टीम पटना से रवाना

निज संवाददाता | पटना

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, पटना, भारतीय एक्युप्रेशर योग परिषद् एवं माड़वारी युवा मंच, झाझा के संयुक्त तत्वावधान में बाबाधाम कांवरिया पथ पर सुईया पहाड़ से डेढ़ किलोमीटर अवस्थित शिवपुरी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सम्पूर्ण श्रावण मास तक चलेगा। संयोजक-सह-कॉलेज सचिव डा. अजय प्रकाश ने बताया कि विगत तीन दशक से शिविर का आयोजन होता है, शिविर में एक्युप्रेशर चिकित्सा के साथ कई अन्य सुविधाएं जैसे चाय, सत्तु, रात्रि विश्राम के साथ ही डाक बम सेवा कार्य भी किया जाता है। डा. प्रकाश ने सभी शिवभक्त श्रद्धालुगण से निवेदन किया है कि शिविर में अवश्य पधारें। कॉलेज अध्यक्ष डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त द्वारा विशेष प्रशिक्षण देकर सभी चिकित्सकों को आज कॉलेज परिसर से शिवपुरी सुईया पहाड़ शिविर हेतु रवाना किया गया।




रेल मंत्री ने विभिन्न राज्यों के लिए रेलवे हेतु आवंटित धनराशि की दी जानकारी

# नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में बिहार में रेलवे के विकास के लिए मिले 10,033 करोड़ रुपए

- पिछले वर्ष 700 करोड़ यात्रियों ने रेलवे से यात्रा की, 10 वर्षों में 5 लाख से अधिक लोगों को रेलवे में दी गई नौकरी

निज संवाददाता | हाजीपुर





रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा रेलवे बोर्ड से वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बजट 2024-25 के रेल पर आधारित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारतीय रेलवे हेतु रिकॉर्ड धनराशि रूपये 2,62,200 करोड़ आवंटित की गयी है। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न राज्यों के लिए रेलवे हेतु आवंटित धनराशि से अवगत कराया। रेल मंत्री ने कहा कि जहां 2009-14 के मध्य औसतन प्रतिवर्ष 60 से 65 किमी नई लाइन का निर्माण होता था वहीं 2014 से 2024 के मध्य औसतन प्रतिवर्ष 160 किमी नई लाइन का निर्माण हुआ है। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर इस समर सीजन में लगभग 12 हजार स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया गया है। पिछले वर्ष लगभग 700 करोड़ यात्रियों ने रेलवे से यात्रा की । उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 तक लगभग पांच लाख लोगों को रेलवे में भर्ती की गयी है। इसी कड़ी में उन्होंने बिहार राज्य के लिए रेलवे हेतु आवंटित धनराशि का जिक्र करते हुए बताया कि यूपीए के कार्यकाल 2004 से 2014 में बिहार में रेलवे के विकास के लिए 1,132 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में बढ़ाकर 10 हजार 33 करोड़ रूपये कर दिया गया है, जो कि पिछली सरकार की तुलना में 9 गुना ज्यादा है। उन्होंने कहा कि किसी भी परियोजना के लिए फंड की कमी नहीं होने दी जाएगी।

### 79,356 करोड़ की लागत से 55 परियोजनाओं पर चल रहा कार्य

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार में रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण किया जा चुका है तथा बिहार के 92 स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्निमाण किया जा रहा है। बिहार में 79356 करोड़ की लागत से नई लाईन, दोहरीकरण, आमान परिवर्तन की 55 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। रेल मंत्री के प्रेस कॉन्फ्रेंस के पश्चात उपस्थित संवाददाओं को पूर्व मध्य रेल के महाप्रबन्धक छत्रसाल सिंह ने भी बजट में रेलवे हेतु किये गये प्रावधानों से उन्हें अवगत कराया।

# नो योर पीपल नो योर पुलिस कार्यक्रम की शुरुआत

## लोगों की समस्या सुनने पहुंचे एसपी, बोले-अपराध कम करना प्राथमिकता

निज संवाददाता। मुंगेर



पुलिस मुख्यालय की ओर से नो योर पीपल नो योर पुलिस कार्यक्रम के तहत बुधवार को मुंगेर में जिला मुख्यालय के शहरी क्षेत्र में बनाये गए 77 बीट की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की शुरुआत एसपी सैयद इमरान मसूद ने लाल दरवाजा टीओपी क्षेत्र से की। उन्होंने बीट प्रभारी के साथ लोगों को घरों में जाकर उनकी समस्या, परेशानी आदि की पूछताछ करने की बात कही।

**शहरी क्षेत्र में बनाया गए 77 बीटः** मौके पर एसपी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की ओर से नो योर पीपल नो योर पुलिस कार्यक्रम के तहत शहरी क्षेत्र में 77 बीट बनाये गए। दो बीट पर एक पुलिस पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है।बीट प्रभारी अपने क्षेत्र में मौजूद हर घर में जाकर जानकारी लेंगे। इसके साथ ही किसी प्रकार की आवश्यकता होने पर कार्यवाही करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत ऐसे घर जहां बुजुर्ग दंपती अकेले रहते है और बाकी लोग बाहर रहते है। ऐसे बुजुर्ग दंपती की सूची बीट प्रभारी तैयार करेंगे, उनको अपना नंबर देंगे और उनका नंबर लेंगे। इससे आपातकालीन स्थिति में पुलिस उनकी मदद कर सकेगी। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से अपराध नियंत्रण में लगाम लगेगी और साथ ही पुलिस और जनता के बीच आपसी तालमेल स्थापित होगा। वहीं पुलिस की इस पहल के बाद अब शहरी क्षेत्र के लोगों में चर्चा विषय बन गया है। इसके अलावा कार्यक्रम के पहले दिन एसपी दल बल के साथ कुछ घरों में लोगों से बातचीत करने निकले। इस दौरान कई लोगों से उनकी समस्याओं को सूना और अपराध की ग्राफ को कम करने की बात कही।

# भागलपुर में महिला विंग का होगा उद्घाटन, कुलाधिपति ने दी सहमति

निज संवाददाता। भागलपुर



◆ रोजगार को लेकर कई तरह के चलाए जा रहे कोर्स

मारवाड़ी कॉलेज में वित्त समिति द्वारा निर्मित महिला विंग का उद्घाटन टीएमबीयू में होने वाले एकेडमिक सीनेट की बैठक के दिन होगा। महिला विंग का उदघाटन बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति करेंगे। इसके लिए उन्होंने मंगलवार को राजभवन में मिलने गए मारवाड़ी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डा शिव प्रसाद यादव, वित्ती समिति के सज्जन किशोरपुरिया, सिंडीकेट सदस्य डा रूबी कुमारी को आश्वासन दिया है।

**भव्य महिला विंग बनकर तैयारः** प्रतिनिधिमंडल ने कुलाधिपति को बताया कि टीएमबीयू अंतर्गत मारवाड़ी कॉलेज स्थित भव्य महिला विंग बनकर तैयार है। फिलहाल यहां नारी सशक्तिकरण और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के रोजगार परक कोर्स चलाए जा रहे हैं। अन्य कोर्सों की भी शुरुआत राजभवन से अनुमति और स्वीकृति मिलने के बाद की जाएगी। इसके लिए। विश्वविद्यालय स्तर पर इसके लिए पहल तेज कर दी गई है।

**क्या बोले पीआरओः** पीआरओ डॉ. दीपक कुमार दिनकर ने बताया की टीएमबीयू के कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने 12 जुलाई को विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर भी घोषणा किए थे की महिला विंग का उद्घाटन कुलाधिपति से कराने के लिए जल्द ही समय लिया जायेगा। उनके पहल पर आज यह ड्रीम पूरा हो रहा है। महिला विंग का विधिवत उद्घाटन हो जाने के बाद इसकी ख्याति और भी बढ़ेगी। साथ ही बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन और बढ़ावा भी मिलेगा। कुलपति प्रो. लाल ने कहा की कुलाधिपति ने महिला विंग का उद्घाटन टीएमबीयू में आयोजित होने वाले एकेडमिक सीनेट के दिन करने पर अपनी सहमति दी है। जो काफी हर्ष और प्रसन्नता की बात है।

# बजट में बाढ़ से राहत की बात से भागलपुर के ग्रामीणों को होगा लाभ

निज संवाददाता। भागलपुर

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को आम बजट पेश किया। बजट देखने के बाद भागलपुर के व्यापारियों की मिलीजुली प्रतिक्रिया रही। किसी ने इसे अच्छा बताया तो किसी ने कहा कि इस बार कुछ नहीं मिला है। भागलपुर से बक्सर एक्सप्रेस-वे और पीरपैंती में 2400 मेगावाट के पॉवर प्लांट को लेकर व्यापारियों ने सुखद माना है। वहीं, एयरपोर्ट और स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर में भागलपुर को शामिल करवाना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी होगी। बजट की समीक्षा करते हुए व्यापारियों ने कहा कि एमएसएमई को बढ़ावा देने के कुछ कदम उठाये गए हैं, जिसमें क्रेडिट गारंटी स्कीम, सेल्फ फाइनेंसिंग गारंटी फंड की स्थापना और उन्हें एनपीए होने से बचाने के लिए विशेष फंड का प्रावधान अच्छी बात है। एममएसएमई और परंपरागत कारीगरों को अपने उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बेचने के लिए ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट हब बनाने की बात एक अच्छा कदम व्यापारियों ने बताया। सीए रवि साह और क्रेडाई अध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने भूमि सुधार के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में बिल्डिंग बाईलॉज में सुधार की बात अच्छा कदम बताया है। इस्टर्न बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल ने बताया कि बजट मिला जुला रहा। कहा कि बजट में सड़कों पर सरकार ने कई सौगात दी हैं, जिनमें भागलपुर को एक्सप्रेसवे का काम आसान हुआ है। अधिवक्ता एसजे वेदांत ने बताया कि इनकम टैक्स के नए प्रावधानों में कुछ छूट दी गयी है। स्टैण्डर्ड डिडक्शन बढाया गया है। लेकिन महंगाई को देखते हुए यह कम है। उद्यमी ओपी सिंह ने बताया कि पर्यटन की संभवनाओं को देखते हुए विक्रमशिला को सर्किट में जोड़ने से पर्यटन क्षेत्र में लाभ होगा। इस्टर्न बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव राजीव प्रदीप ने कहा कि बजट में भागलपुर को बाढ़ से बचाव की बात से लाभ होगा। चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष अशोक भिवानीवाला ने बताया कि बजट संतुलित रहा। युवाओं के कौशल प्रशिक्षण व रोजगार से जोड़ने की बात को शामिल किया गया है। कैंसर की कुछ दवाईयों को भी सस्ता किया गया है। इस्टर्न बिहार चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल ने कहा कि बिहार के लिए एक ऐतिहासिक बजट है। वहीं चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व उपाध्यक्ष कुंज बिहारी झुनझुनवाला ने कहा कि केन्द्रीय बजट में सामान्य नागरिकों के लिए कोई छूट नहीं है। सीनियर सिटीजन को कोई सुविधा नहीं है।

# स्वास्थ्य केंद्रों पर सेवा भाव से काम करें : कमिश्नर

निज संवाददाता। मुंगेर

सरकार आमजन को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सभी आवश्यक व्यवस्था व सुविधाएं सभी स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध करा रही है। स्वास्थ्य सेवा में लगे सभी अधिकारी व कर्मी समर्पण व सेवा भाव से नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करें। ये बातें आज प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह प्रमंडल के सभी सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक के साथ आयोजित बैठक में कही। वहीं मंगलवार की बैठक में बिना सूचना व अनुमति के अनुपस्थित रहने पर खगड़िया के सिविल सर्जन से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। आयुक्त ने कहा कि सदर अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की उपस्थिति बायोमेट्रिक पद्धति से नहीं बनाने पर वैसे चिकित्सकों को चिन्हित कर जिलाधिकारी के माध्यम से उनके विरूद्ध कार्रवाई के लिए विभाग को प्रतिवेदित करें। उन्होंने उपलब्ध मानव बल का उनके कार्य स्वरूप के अनुरूप शत-प्रतिशत उपयोग करने का निर्देश दिया। फार्मेसी की समीक्षा में आयुक्त ने कहा कि ओपीडी अवधि के पश्चात देर तक फार्मेसी को खुला रखें ताकि सभी मरीजों को दवा की उपलब्धता सुनिश्चित हो जाए। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र प्रमंडल के तीन जिलों में यथा खगड़िया, लखीसराय एवं बेगूसराय में नहीं रहने पर आम जन को सस्ती दवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि जिन जिलों में जन औषधी केंद्र नहीं है, वहां उसके संस्थापन के लिए संबंधित जिलाधिकारी व सिविल सर्जन इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करें। बैठक में विशेष कार्य पदाधिकारी दिलीप कुमार देव, अपर क्षेत्रीय निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं व अन्य उपस्थित थे। ओपीडी की समीक्षा में जमुई जिला में सबसे कम 63 प्रतिशत उपलब्धी पर कमिश्नर ने असंतोष व्यक्त करते हुए उसमें सुधार का निर्देश दिया। साथ ही अनुपस्थित चिकित्सकों से स्पष्टीकरण पूछते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया।

# अग्निपथ योजना को वापस ले सरकार

निज संवाददाता। मुंगेर

केंद्र सरकार द्वारा सेना में अग्निवीर की बहाली रद्द करने, अग्निवीर योजना के खिलाफ आंदोलनकारियों पर दर्ज फर्जी मुकदमे वापस लेने की मांग को लेकर इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के देशव्यापी प्रतिवाद दिवस के तहत बांक चौक पर आरवाईए कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का अगुवाई कर रहे आरवाईए के जिला संयोजक सुमित कुमार यादव कहा कि केंद्र सरकार ने अग्निपथ योजना के जरिए सेना की बहाली में भी अवसर को घटाकर महज 4 साल कर दिया है। केंद्र सरकार के इस निर्णय से सम्मानजक रोजगार की बाट जोह रहे युवाओं को गहरा आघात लगा है। मौके पर शिवदत्त कुमार, रोहित कुमार, अनुज कुमार, संजीव कुमार, मणिकांत कुमार, रूपेश कुमार, शहदाब फातमी, लखन कुमार, रितेश कुमार सहित दर्जनों नौजवानो के इस कार्यक्रम में भाग लिया।


## झारखण्ड सरकार
## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा

अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– **ZP/GARHWA/**01/2024–25

15वें वित्त आयोग मद

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (राशि लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | भवनाथपुर | ग्राम–बनखेता अरसली में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2024-25/GR-01 |
| 2 | नगर उंटारी | ग्राम–जतपुरा में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2024-25/GR-02 |
| 3 | रमना | ग्राम–परसवान में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2024-25/GR-03 |
| 4 | नगर उंटारी | ग्राम–कोइन्दी में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2024-25/GR-04 |
| 5 | रंका | ग्राम–पूरेगाड़ा में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2024-25/GR-05 |
| 6 | रंका | ग्राम–बान्दू में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2024-25/GR-06 |

1 वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–26.07.2024
2 ई–निविदा प्राप्ति की तिथि :– 26.07.2024 से दिनांक–03.08.2024
3 निविदा खोलने की तिथि एवं समय–05.08.2024 को अपराह्न 3:00 बजे
4 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
5 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– मो0 नं0–8002373581
6 ई–निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
7 परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9 निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
10 भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
11 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, गढ़वा

PR 330537 Urban Development(24-25).D



## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू
## समाहरणालय भवन ब्लाक सी कमरा सं०–9
ईमेल–jepcpalamau@rediffmail.com

**कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में चयन हेतु आपत्ति से संबंधित सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक QU/40/207/2022/3060 दिनांक 03.08.2023 एवं पत्रांक GE/08/163/2022-23/1072 दिनांक 20.03.2024 के निदेशानुसार कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय तथा झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय पीपरा में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अर्हताधारी महिला अभ्यर्थियों से निहित शर्तों के अधीन शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विज्ञापन सं0 **03/JBAV/2023, 04/JBAV/3KGVB/2023** एवं **05/JBAV/3KGVB/2023** के द्वारा विभिन्न विषय के रिक्त पदों के विरूद्ध प्राप्त आवेदनों स्क्रुटनी पूर्ण कर लिया गया है जो NIC Palamu के अधिकारिक Website "www.palamu.nic.in" पर अपलोड़ कर दिया गया है, जिसे देखा जा सकता है। यदि किसी आवेदक को कोई आपत्ति है तो अपना लिखित आपत्ति दिनांक 27.07.2024 को 03.00 बजे अपराह्न तक समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय मेदिनीनगर, समाहरणालय ब्लॉक C कमरा नं0 9 में साक्ष्य के साथ जमा कर सकते है। इसके पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगा। यह मात्र औपबंधिक सूची है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू

PR.NO.330630 District(24-25):D



## समाहरणालय, चतरा
## (पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
sport.chatra@gmail.com

**आम सूचना**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–361/राँची, दिनांक–23.07.2024 द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता/प्रतिभागी राज्य के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को उनकी उपलब्धि के आधार पर ''नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि)'' दिया जाना है। तदालोक में चतरा जिला के वैसे खिलाड़ी, जिन्होंने दिनांक 01.04.2023 के बाद अन्तर्राष्ट्रीय/भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किये हों अथवा भागीदारी की हो तथा विभागीय संकल्प संख्या–03, दिनांक–11.03.2023 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत् नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) प्राप्त करने की अहर्त्ता (Eligibility) धारित करते हो, वे ''नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) हेतु विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन दिनांक–06.08.2024 तक जिला खेल कार्यालय, चतरा में जमा कर सकते है।

नोट :– अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, चतरा के सूचना पट्ट तथा **www.chatra.nic.in** पर अपलोडेड **Documents** देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,चतरा

PR 330614 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs(24-25).D



## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अतिअल्पकालीन् निविदा संख्या– 09/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 23.07.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टि फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाख) | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/CHATRA/39/2024-25 | ग्राम–सुईयाटांड़ में राहम–बड़गांव पथ गोन्दा स्कूल से सुईयाटांड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं॰–2.500 कि॰मी॰)। | 294.043 | दो कराड़ चौरानबे लाख चार हजार तीन सौ मात्र | 15 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/CHATRA/40/2024-25 | मयुरहण्ड प्रखण्ड के फुलांग पंचायत के ग्राम फुलांग पी॰एम॰जी॰एस॰वाई॰ रोड से तिलेटांड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं॰–3.000 कि॰मी॰)। | 303.387 | तीन करोड़ तीन लाख अड़तीस हजार सात सौ मात्र | 15 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **07.08.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **22.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **24.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।**
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **06541-296208**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 330519 Rural Work Department(24-25)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/05/2024-25**

**1.कार्य की विस्तृत विवरणी:**

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लम्बाई (मी0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के रमकण्डा प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत–रक्सी, ग्राम–रक्सी में देवी मण्डप से ढुलवा सीमा के पास हड़बडिया नदी पर उच्च स्तरीय पुल | 2,78,94,500.00 | 5,58,000.00 | 10000.00 | 18 माह | 58.08 |
| 2 | गढ़वा जिला के रमकण्डा प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत–चेटे में ग्राम–चेटे टेढ़ाकहुआ और बोडी के बीच हाठू नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण | 3,94,48,700.00 | 7,89,000.00 | 10000.00 | 18 माह | 96.8 |
| 3 | गढ़वा जिला के रंका प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत–बाहाहारा, ग्राम बाहाहारा एवं जासोबार (पानापोठी के बीच हाठू नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण | 2,96,42,400.00 | 5,93,000.00 | 10000.00 | 18 माह | 67.08 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 26.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–26.07.2024 से दिनांक–10.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–12.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा।

PR 330575 Rural Development(24-25)D



## झारखण्ड सरकार
## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा

अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– **ZP/GARHWA/**02/2024–25

राज्य योजना मद

1. कार्य का नाम :–

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (राशि लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गढ़वा | पंचायत भवन, अचला का अवशेष कार्य (जिर्णोद्धार) का निर्माण। | 12.39900 | 2500.00 | 24798.00 | 4 माह | ZP/GARHWA/02/2024-25/GR-01 |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 26.07.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि :– 26.07.2024 से दिनांक–03.08.2024
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 05.08.2024 को अपराह्न 3:00 बजे
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या: – मो0 नं0–8002373581
6. ई–निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
7. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
10. भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, गढ़वा।

PR.NO.330534 Urban Development and Housing(24-25):D

# कबाड़ वाला के पास चोरी कर बेचा जा रहा था स्कूल का किताब, ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ा

निज संवाददाता



**मेसकौर (नवादा)**। मेसकौर प्रखंड स्थित बारत पंचायत के आदर्श राजकीय कृत मध्य विद्यालय बैजनाथपुर में सरकारी किताबों को बेचकर पार्टी मनाने की तैयारी हो रही थी। तभी ग्रामीणों ने मौके पर धर दबोचा। सरकारी किताबों को बेचते हुए रंगे हाथ पकड़े जाने के बाद विद्यालय प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चौधरी ने ग्रामीणों से बदसलूकी करना शुरु कर दिया। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने पत्रकारों को फोन के माध्यम से सूचना दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पत्रकारों ने करीब चार पांच बोरा बच्चों के पढ़ने वाले किताबों को देखा, जिसके बाद सभी ने अपने अपने मोबाइल व कैमरा में तस्वीर को कैद किया। एक ओर नौनिहालों को किताबें नहीं मिल रही है, यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि बगैर किताब, या फिर फटी-पुरानी जुगाड़ माध्यम से विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं. प्रतिवर्ष सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को निःशुल्क किताबें मिलती है। यह किताब बाजार में उपलब्ध नहीं है कुछ वैसे जागरूक अभिभावक अपने बच्चों के लिए चाह कर भी किताबें नहीं खरीद सकते हैं। तो दूसरी तरफ विद्यालय के प्रधानाध्यापक चोरी चुपके किताबों को कबाड़ी वाले के पास बेच बेच कर पार्टी मनाने में लगे रहते हैं। और जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक गलत कार्यों को करते हुए रंगे हाथों पकड़े जाते हैं तो पकड़ने वालों को तरह तरह के धमकी देने लगते हैं की हम आप सभी पर जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल कर गाली गलौज देने के मामले में थाना में मुकदमा कर देंगे। बता दें कि करीब दो साल पहले इसी विद्यालय में पंद्रह अगस्त के दिन डी. जे. लाकर अश्लील गानों पर कुछ शिक्षक और प्रधानाध्यापक डांस करते पकड़े गए थें जिसके बाद सभी का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने के बाद प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चौधरी के साथ साथ कुल चार शिक्षकों पर विभागीय कारवाई की गई थी। डांस का मामला सभी के जेहन से हटा भी नहीं होगा कि उसके बाद फिर प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चौधरी ने गलती करते हुए एक दिन पूर्व स्कूल के खिड़की का गेट बेचा फिर बुधवार को स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के किताब को हीं बेच डाला। इधर इस घटना के बाद स्कूल पहुंचे मेसकौर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नौशाद आलम ने ग्रामीणों को आस्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षक को अधिकार नहीं है कि सरकारी स्कूलों के किताबों को बेच सके मौके पर पहुंचे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि पत्रकारों व सोशल मीडिया के माध्यम से मुझे सूचना प्राप्त हुई तभी मैंने देखा कि स्कूल का किताब करीब चार पांच बोरा ग्रामीण लोग जप्त किए हुए थें। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चौधरी पर कारवाई की जाएगी। इधर बैजनाथपुर गांव के सभी ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा से ऐसे ऐसे भ्रष्ट प्रधानाध्यापक को कार्य से तुरंत बर्खास्त करने की मांग की है। ग्रामीणों ने ये भी कहा कि अगर इसे यहां से हटाया नहीं गया और बर्खास्त नहीं किया जाता है तो हम सभी ग्रामीण धरना प्रदर्शन करेंगे।

# जांच चौकी पर शराब के नशे में रहे 17 शराबी धराए



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आने वाले विभिन्न वाहनों से 17 शराबियों को उत्पाद विभाग की टीम ने पकड़ लिया। उत्पाद विभाग के अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर समेकित जांच चौकी पर प्रत्येक दिन 24 घंटे उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा छोटी व बड़ी यात्री व मालवाहक वाहनों की सघन जांच की जाती है। जिसका नेतृत्व उत्पाद अवर निरीक्षक पिन्टू कुमार के द्वारा किया जा रहा है। मंगलवार की रात्रि से लेकर बुधवार की सुबह भी जांच चौकी पर तैनात उत्पाद पुलिस टीम के द्वारा झारखंड की ओर से आने वाली वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दरम्यान झारखंड से शराब पीकर आ रहे अलग-अलग वाहनों से 17 शराबियों को हिरासत में लिया गया। जिनकी ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच होने के बाद शराब पिए हुए होने की पुष्टि हुई। फलस्वरूप सभी लोगों को कब्जे में लेकर उत्पाद विभाग के नियमानुसार बुधवार को नवादा मजिस्ट्रेट के समक्ष पुलिस बलों के सहयोग से पेश किया गया। जहां शराबियों से जुर्माना राशि वसूल कर छोड़ दिया गया।समेकित जांच चौकी पर वाहन जांच के मौके पर उत्पाद एएसआई धीरज लाल पंचम के अलावे दर्जनों उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

# बाधी बरडीहा स्टेशन के निकट अज्ञात शव का हुआ खुलासा

निज संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)**। थाना क्षेत्र के बागी बरडीहा स्टेशन के समीप बरामद हुए अज्ञात लड़की के शव की शिनाख्त कर इस निर्मम हत्याकांड में संलिप्त अभियुक्त गिरफ्तार कर लिया गया घटना के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देतें हुए एसडीपीओ महेश चौधरी ने बताया की 22.07.24 को सुबह 9 बजे वारिसलीगंज थाना क्षेत्र स्थित बागी बरडीहा रेलवे स्टेशन के पास एक खंडहर में एक मृत लड़की का शव पाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पाकर SDPO पकरीबरावां घटनास्थल पर पहुंचे और अनुसंधान प्रारंभ किया गया। सीन ऑफ क्राइम सुरक्षित करते हुए FSI. टीम को बुलाया गया और महत्वपूर्ण साक्ष्य को एकत्रित किया गया। घटना के संदर्भ में वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 273/24 दिनांक. 22.07.23 धारा 103(1) बीएनएस दर्ज किया गया अनुसंधान के क्रम में आसूचना के आधार पर मृत लड़की की पहचान की गई उसके माता पिता से संपर्क कर उसके शव को ससम्मान के साथ उन्हें सौंप दिया गया। माता पिता से मिले अहम जानकारी एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर घटना कारित करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। अनुसंधान में यह बात सामने आई है की क़रीब छः माह पूर्व से मृतिका एवं अभियुक्त शिवजी उर्फ़ शिवा के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतिका के द्वारा इस कांड के अभियुक्त शिवजी के ऊपर बार बार शादी का दबाव बनाया जाने लगा जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो चुका था और इस से ऊब कर लड़की की हत्या का योजना बनाने लगा। दिनांक 21.07.24 को इस कांड के अभियुक्त शिवजी योजना के तहत लड़की को रेलवे स्टेशन पटना बुलाया और साथ में वहाँ से गया पहुंचा। तदोपरांत गया से किऊल जाने वाले ट्रेन पर दोनों चढ़ गए एवं एक सुनसान जगह की ताक झाँक करने लगा।इसी दौरान अभियुक्त शिवजी ने देखा की बागी बागड़ीहा रेलवे स्टेशन पर कोई भी यात्री नहीं उतरा है एवं प्लेटफार्म भी पूरी तरह से सुनसान है। इस मौके का फायदा उठा कर दोनों ट्रेन से उतर गये और मृतिका को एक खंडहर नुमा कमरे में ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दिया। लड़की की पहचान छुपाने के उद्देश्य से उसके चेहरे पर ईंट से मारकर चेहरे को विकृत कर दिया और घटनास्थल से फ़रार हो गया। अंततः नवादा पुलिस के द्वारा इस नृशंस हत्या के गुत्थी को 48 घंटे के अंदर सुलझा लिया गया है और इस कांड में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इन्हें स्पीडी ट्रायल के माध्यम से जल्द से जल्द सजा दिलाई जाएगी। मामले में शिवजी उर्फ़ शिवा, पिता-रामनारायण कुमार उर्फ ललन सिंह, ग्राम मसौढा थाना रामगढ़ ज़िला लखीसराय को गिरफ्तार कर लिया गया है। मौके पर थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा मौजूद थे।

## एससी-एसटी एवं मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के अधबरवा गांव से बीते मंगलवार की रात्रि एसआई पिंकी कुमारी ने एससी-एसटी एवं मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार की। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस पदाधिकारियों द्वारा लंबित थाना काण्डों में फरार चल रहे नामजद आरोपियों के गिरफ्तारी को लेकर प्रत्येक दिन छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि एससी-एसटी एवं मारपीट को लेकर दर्ज काण्ड संख्या 586/23 में नामजद आरोपी अधबरवा गांव निवासी कुलेश्वर यादव के बेटे विकास कुमार विगत कई माह से फरार चल रहा था। जिसे गुप्त सूचना के आलोक में एसआई पिंकी कुमारी ने सशस्त्र पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी को बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करवाया गया।

# वित्त मंत्री से मिले हम पार्टी के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण

निज संवाददाता



**नरहट (नवादा)**। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बजट पेश किया। बजट पेश होने के बाद हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) पार्टी के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण सिंह ने बुधवार को दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। आम बजट में बिहार को मिली सौगातों के लिए वित्त मंत्री और पीएम मोदी का धन्यवाद किया। उन्होंने बिहार को मिले 58900 करोड़ की मदद की चर्चा की। उन्होंने कहा कि बिहार की आर्थिक कमजोरी ऐतिहासिक कारणों से है। केंद्र की तत्कालीन यूपीए सरकार ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की दिशा में कोई भी काम नहीं किया। वहीं, नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने के बाद बिहार को 58900 करोड़ का स्पेशल पैकेज मिला है। इस मदद से बिहार के विकास को गति मिलेगी। अपने सीमित संसाधनों के बावजूद नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास के कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उम्मीद से अच्छा बजट पेश किया है। बिहार के लिए 58900 करोड़ के पैकेज की घोषणा और गया-बोधगया में कॉरिडोर निर्माण की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आभार जताया। साथ ही उन्होंने कहा कि मुद्रा लोन की सीमा 10 से बढ़ाकर 20 लाख किये जाने से लघु उद्यमियों को इससे काफी लाभ मिलेगा। छोटे उद्यमियों की प्रगति का रास्ता खुलेगा। इससे विकास को नई गति के साथ निरंतरता भी मिलेगी।

# बापू इंटर विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच एफएलएन कीट का किया गया वितरण

निज संवाददाता



**कौआकोल (नवादा)**। प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट में बुधवार को बारहवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच एफएलएन कीट का वितरण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ने बताया कि बिहार शिक्षा परियोजना के तहत सरकारी स्तर से विद्यार्थियों के बीच एफएलएन कीट वितरण हेतु विद्यालय को उपलब्ध कराया गया है। जिसका बुधवार से वितरण कार्य शुरू कर दिया गया। बुधवार को बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच तर्क शास्त्र की पुस्तक, सामान्य ज्ञान, स्पोकेन, डिक्शनरी, कॉपी आदि सामाग्री दी गई। अन्य सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को भी एफएलएन कीट उपलब्ध करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में शिक्षण कार्य के अलावे हर तरह की सुविधाएं दी जा रही है। विद्यार्थी एफएलएन कीट पाकर काफी खुश और उत्साहित नजर आ रहे थे। मौके पर विद्यालय के सभी सहायक शिक्षक मौजूद थे।

## 40 दिन से लापता वृद्ध का नहीं मिला सुराग

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)**। थाना क्षेत्र के वनगंगा निवासी शंकर विश्वकर्मा का 80 वर्षीय पिता फौदी विश्वकर्मा विगत 40 दिन से लापता है।जिससे उसके स्वजन में परेशानी बढ़ी हुई है। इस सम्बंध में लापता फौदी विश्वकर्मा का पुत्र शंकर विश्वकर्मा ने नारदीगंज थाना में आवेदन पत्र लिखकर अपने पिता को खोजने का गुहार लगाया था, लेकिन 40 दिन बीत जाने के बाद भी कहीं भी उनकी जानकारी नहीं मिलने से चिंता बढ़ी हुई है। इस सम्बंध में शंकर विश्वकर्मा व उसकी पत्नी पिंकी देवी ने बताया बीते 14 जून 2024 को सुबह छह बजे अपने निवास स्थान से नारदीगंज जाने के लिए कहकर निकले थे, उसके बाद से वापस घर नहीं लौटे हैं।

# प्रशिक्षण समापन उपरांत दिया गया प्रमाण पत्र

निज संवाददाता




**कौआकोल (नवादा)**। प्रखण्ड के सोखोदेवरा गांव अवस्थित जेपी आश्रम परिसर के राजेन्द्र भवन में कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल, सर्वोदय आश्रम, सोखोदेवरा, नवादा के बैनर तले मंगलवार से शुरू हुए खरीफ फसलों की खेती एवं पशुधन प्रबंधन विषयक दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सह परिभ्रमण कार्यक्रम का बुधवार को समापन किया गया। समापन उपरांत सभी प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। बता दें कि उक्त प्रशिक्षण अनुसूचित जाति उपयोजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र नवादा एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के द्वारा संचालित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तकनीकी परियोजना भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण सह परिभ्रमण कार्यक्रम में जिले के सिरदला एवं मेसकौर प्रखंड से 40 किसान शामिल हुए थे। कार्यक्रम समापन के अंतिम दिन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिषद पटना के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. शिवानी वरीय वैज्ञानिक डॉ. धीरज कुमार, वैज्ञानिक डॉ. अनिर्बन मुखर्जी, ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह, डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. शशांक शेखर सिंह, रोशन कुमार, सुमिताप रंजन, अनिल कुमार, परियोजना सहयोगी रोहित कुमार आदि मौजूद थे।

### आभा एप से रजिस्ट्रेशन में मरीजों और उनके परिजनों को हो रही परेशानी

# प्रतिदिन 300 से अधिक मरीज पंहुचते हैं ओपीडी में इलाज करवाने, अधिकांश के पास एंड्राइड मोबाइल नहीं

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)**। मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में ओपीडी में इलाज करवाने के लिए पहुंचने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को रजिस्ट्रेशन करवाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में संचालित ओपीडी में प्रतिदिन 300 से भी अधिक मरीज अपना इलाज करवाने प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आते हैं। जिनमें अधिकांश लोगों के पास एंड्रॉयड मोबाइल नहीं होता है। नई व्यवस्था में पहली बार इलाज कराने आये मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के चक्कर में भीड़ को देखकर कई मरीज लगातार दो-तीन अस्पताल में इलाज कराने को लेकर चक्कर काटते दिखाई दिए। रजौली निवासी संध्या कुमारी ने बताई कि वह तीन दिनों से अपनी बेटी के इलाज के लिए अस्पताल का चक्कर लगा रही हैं। अंततः बुधवार को एक स्वास्थ्यकर्मी से मदद मिलने के बाद वे अपनी बेटी जानवी कुमारी का इलाज करवा पाई हैं। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था के कारण लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनुमंडलीय अस्पताल में ओपीडी में इलाज करवाने वाले मरीजों को सबसे पहले ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होता था। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर तैनात कर्मी द्वारा मरीजों को पर्ची दिया जाता था। मरीज उस पर्ची को ओपीडी में रहे चिकित्सकों के पास ले जाते थे। चिकित्सक मरीज के पर्ची पर मरीज से जरूरी पूछताछ के बाद पैथोलॉजी जांच लिखा करते थे। जिसके बाद मरीज जांच के लिए अस्पताल में बने पैथोलॉजी कक्ष में पर्ची लेकर जाते थे, जहां उनका जांच के बाद पर्ची पर रिपोर्ट लिखा जाता था। जांच के आधार पर चिकित्सक दवाई लिखा करते थे।दवाई लिखे पर्चे को दवाई वितरण काउंटर पर जाकर मरीज दवाई लेकर घर आ जाय करते थे। बीते एक सप्ताह से ओपीडी में आने वाले मरीजों के पास एंड्रॉयड मोबाइल का होना आवश्यक है। मरीज अथवा परिजन के एंड्रॉयड मोबाइल में आभा एप को डाऊनलोड करने कहा जायेगा। उसके बाद मरीज अपना डिटेल्स एप के माध्यम से भरकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवायेंगे। मरीजों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक टोकन नम्बर मिलेगा। उस टोकन नम्बर को लेकर ओपीडी में बैठे चिकित्सक को दिखाने पर चिकित्सक अपने पास रहे लैपटॉप में टोकन नम्बर के आधार पर आपके द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का पेज खोलेंगे। उसके बाद चिकित्सक आपसे आपकी परेशानियों को पूछकर आवश्यक पैथोलॉजी जांच लिखेंगे। फिर आपको जांच के लिए पैथोलॉजी कक्ष अथवा एक्सरे कक्ष जाना होगा। जहां चिकित्सक द्वारा ऑनलाइन जांच का विवरण पहले से ही उनके कम्प्यूटर में रहेगा। पैथोलॉजी कक्ष द्वारा जांच रिपोर्ट भी ऑनलाइन चिकित्सक के कम्प्यूटर में भेज दिया जाएगा। फिर मरीज अथवा परिजन चिकित्सक से मिलेंगे और उसके बाद चिकित्सक रिपोर्ट के आधार पर कम्प्यूटर पर दवाई लिखेंगे। फिर मरीज को दवा वितरण कक्ष पर जाना होगा और अंततः उन्हें वहां से दवाई मिलेगी, जिसके बाद मरीज घर जा सकेंगे। अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार ने कहा कि पहले लोगों को लंबी लाइन में खड़े रहकर अपना पर्ची कटवाना पड़ता था। बीते एक सप्ताह से अस्पताल के ओपीडी में मरीजों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हो रहा है। जानकारी नहीं रहने के कारण शुरुआत में लोगों थोड़ी परेशानी हो रही है। वहीं जिन लोगों के पास एंड्रायड मोबाइल नहीं है, उनलोगों का रजिस्ट्रेशन ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर पर किया जा रहा है। ताकि उन्हें इलाज करवाने में कोई परेशानी न हो। साथ ही बताया कि लोग अपने घरों से एप के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं और अस्पताल आकर रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन करने के बाद मरीज को टोकन नम्बर मिल जाएगा।फिर मरीज सुगमतापूर्वक अपना इलाज करवा सकेंगे। साथ ही प्रभारी डीएस ने कहा कि लोगों की परेशानियों को दूर करने के लिए अस्पताल में महिला एवं पुरुष टेक्नीशियन की तैनाती किया जा रहा है। उन्होंने सम्भावना जताई कि आनेवाले समय में लोग जागरूक हो जाएंगे, तो उनकी परेशानियों का स्वतः निदान हो जाएगा।

- **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की आवश्यकताः**
  इलाज के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, एंड्रॉयड मोबाइल और आभा एप जरूरी।
- **तकनीकी समस्याएंः**
  अधिकांश मरीजों के पास एंड्रॉयड मोबाइल नहीं, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया से अनजान।
- **मरीजों के अनुभवः**
  संध्या कुमारी ने तीन दिनों तक अपनी बेटी के इलाज के लिए अस्पताल का चक्कर लगाया, स्वास्थ्यकर्मी की मदद से इलाज संभव हुआ।
- **पुरानी और नई व्यवस्था का अंतरः**
  पुरानी व्यवस्था में ओपीडी काउंटर पर पर्ची मिलती थी, नई व्यवस्था में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद टोकन नंबर मिलता है।
- **अस्पताल प्रशासन का दृष्टिकोणः**
  प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार के अनुसार नई व्यवस्था से लंबी लाइनों से बचा जा सकता है। एंड्रॉयड मोबाइल नहीं होने पर काउंटर पर रजिस्ट्रेशन की सुविधा। महिला एवं पुरुष टेक्नीशियन की तैनाती की जा रही है।
- **आगे का रास्ताः**
  नई व्यवस्था से परिचित होने पर परेशानियां कम होंगी। एप के माध्यम से घर से रजिस्ट्रेशन की सुविधा।

# सीडीपीओ एवं बीपीआरओ ने किया उद्घाटन जिप सदस्य व प्रमुख अतिथियों को किया सम्मानित

- कार्यक्रम में जीप सदस्य बच्चन देवी एवं प्रमुख रंजू कुमारी ने डीडीसी एसडीओ एसडीपीओ वीडियो सहित मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। निःशुल्क कांवरिया सेवा केंद्र पकरीबरावां का उद्घाटन समारोह में डीडीसी दीपक मिश्रा ने कहा सावन का पवित्र मास में कांवरिया का सेवा का भाव मानव का मानवीय धर्म एवं ईश्वरीय प्रेरणा होता है।



निज संवाददाता

**पकरीबरावां (नवादा)**। श्रावणी मेले के मौके पर पकरी बरमा के खपुरा मोड पर निशुल्क कांवरिया सेवा केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को उपविकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा एसडीओ अखिलेश कुमार एसडीपीओ महेश चौधरी वीडियो धनंजय कुमार तथा बीपीआरओ गौरव कुमार जिप सदस्य बच्चन देवी प्रमुख रंजू कुमारी ने किया। कार्यक्रम में जीप सदस्य बच्चन देवी एवं प्रमुख रंजू कुमारी ने डीडीसी एसडीओ एसडीपीओ वीडियो सहित मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। निःशुल्क कांवरिया सेवा केंद्र पकरीबरावां का उद्घाटन समारोह में डीडीसी दीपक मिश्रा ने कहा सावन का पवित्र मास में कांवरिया का सेवा का भाव मानव का मानवीय धर्म एवं ईश्वरीय प्रेरणा होता है। ईश्वर की कृपा एवं मानव सेवा धर्म की भावना से जिप सदस्य प्रतिनिधि सह समाज सेवी पंकज कुमार ने विगत 6 वर्षों से सावन मास में कांवरिया के लिए निशुल्क सेवा केंद्र का संचालन करते आ रहे हैं। जो समाज में एक प्रेरणा है। इस पुनित कार्य के लिए उप विकास आयुक्त एवं उपस्थित अतिथियों ने पंकज कुमार एवं उनके सहयोगियों को शुभकामना देकर हौसले को अफजाई किया। बता दें कि निशुल्क सेवा केंद्र मे भोजन विश्रामआलय पेयजल शौचालय एवं प्राथमिक उपचार आदि का समुचित व्यवस्था किया गया है कार्यक्रम में कई मुखिया पस सदस्य एवं प्रबुद्ध लोग मौजूद थे।

पूर्व मध्य रेल

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा मंडल से गुजरती ट्रेनों में विविध वस्तुओं के बिक्री हेतु ई-नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैंः-

**1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः (AA/1) :** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के DDU-MPO सेक्शन, SSM-ARA सेक्शन, और BD सेक्शन में सभी पैसेंजर ट्रेनों (सुपरफास्ट, मेल एक्सप्रेस, ऑर्डिनरी और DEMU/MEMU) (राजधानी, शताब्दी, वन्दे भारत, दुरंतों और सामान स्पेशल ट्रेनों को छोड़कर) में लैपटॉप और मोबाइल उपकरण, कृत्रिम आभूषण और अन्य, सौंदर्य प्रसाधन, घड़ियाँ, रुमाल, होजरी, टॉयलेट्रीज, स्टेशनरी, किताबें और समाचार पत्र, शो पिस, जूते, खिलौना, आँखों के वस्त्र और चश्मा, बैग, लॉक इत्यादि जैसी विभिन्न विविध वस्तुओं (खाद्य एवं PDW वस्तुओं को छोड़कर) की वेंडिंग का कॉन्ट्रैक्ट 03 वर्षों के लिए। **2. ई-नीलामी कैटेलॉग संख्याः** NFR-HyB-DDU-01, **3. ई-नीलामी लॉट संख्याः** HyB-OnB- 90679-24-1, **4. ई-नीलामी की तिथि एवं समयः** ई-नीलामी दिनांक 06.08.2024 को 13:00 बजे शुरू होगी और 13:30 बजे बंद होगी। **5. वेबसाइट का पता जहाँ ई-नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध हैः** www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)।

कृते मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/00746/डीडीयू/सीओएमएल/एन/24-25/40

## एक नजर

### छात्र ने लिखी सफलता की नई इबारत

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** अपने आत्मविश्वास की बुलंदी से द डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्र अश्विन आर्या ने सफलता की नई इबारत लिख डाली है। आश्विन ने अपने पहले ही प्रयास में नीट -2024 की परीक्षा में सफलता पाई है। ज्ञात हो कि आश्विन रोहतास जिले के कौउपा ग्राम निवासी मनीष कुमार का सुपुत्र है। वह प्रारंभ से ही द डीपीएस का छात्र रहा है। विद्यालय के छात्रावास में रहकर उसने अपनी दसवीं तक की पढ़ाई पूरी की। दसवीं बोर्ड की परीक्षा में अश्विन को 94.2% अंक प्राप्त हुए।पुनः द डीपीएस में ही उसका ग्यारहवीं में नामांकन हुआ। 12 वीं बोर्ड में उसने 91 प्रतिशत अंकों से परीक्षा पास की। अपनी सफलता की राह को बिना बाधाओं के पार करते हुए नीट-2024 की परीक्षा भी पहले ही प्रयास में पास की। इससे उसकी काबिलियत का पता चलता है।छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल दिखा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बसंत कुमार दास ने छात्र की उपलब्धि पर उसे शुभकामना दी तथा विद्यालय के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। द डीपीएस के सह निदेशक अखिलेश कुमार ने सभी का मुंह मीठा कराया। उन्होंने बताया कि कोई छात्र कमजोर नहीं है और प्रत्येक शिक्षक में छात्रों के निर्माण की शक्ति है। अबतक हमलोग बाहर के विद्यालयों की पढ़ाई का उदाहरण देते थे। करेंट रिजल्ट देनेवाले पटना और न जाने कहां-कहां के विद्यालयों की चर्चा होती थी। आज हमारे लिए गर्व करने का दिन है कि इस क्षेत्र का कोई विद्यार्थी अपनी मेहनत से एक नया मुकाम हासिल कर पाया है। हमारी भी माटी में दम है ऐसा विश्वास करते हुए प्रत्येक विद्यार्थी को अपना बेटा-बेटी मानते हुए उनके निर्माण में शिक्षकों को लग जाना चाहिए। आज एक आश्विन की सफलता का हमसभी जश्न मना रहे हैं आने वाले समय में इस क्षेत्र से डॉक्टर्स और इंजिनीयर्स की लाइन लगनेवाली है और हम गर्व करें कि अपना डीपीएस उसका माध्यम बनेगा।

### कृषि कार्य हेतु अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के नेतृत्व मे एक जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा प्रखंड-दावथ के सहिनांव गांव मे पहुंच पाया की तीन लोगों के द्वारा कृषि कार्य हेतु अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपभोग की जा रही थी। बता दें की इम्तेयाज शाह एवं मजरुद्दीन अंसारी द्वारा 2 एचपी एवं 1 फेज का कनेक्शन लिया गया है परन्तु इनके द्वारा स्वीकृत फेज के अलावा अतिरिक्त एक फेज का सर्विस तार ट्रांसफार्मर के एल.टी. साईड में जोड़कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी जिससे की दोनों लोगों पर 19092 रूपये राजस्व की क्षति लगायी गयी है। आगे बताते चलें की बिना कृषि का बिजली कनेक्शन लिए ट्रांसफार्मर के एलटी साइड मे सर्विस तार संयोजित कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर मो. मीर जावेद पर 68442 रूपये दंडित राशि आकलित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। उक्त व्यक्ति के परिसर मे मीटर भी अधिष्ठापित नहीं थे तथा विद्युत सम्बंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं की गयी। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। जो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह सुविधा एप्प के माध्यम से कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत दावथ थाना मे प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत चालू माह मे 53 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

# दस सूत्री मांगो के समर्थन में एनएचएम कर्मियों ने धरना प्रदर्शन कर कार्य का किया बहिष्कार

निज संवाददाता

**नासरीगंज (रोहतास)।** कार्य स्थल पर सुरक्षा की गारंटी, एफआरएएस अटेंडेंस, समान काम समान वेतन समेत 10 सूत्री मांगो के समर्थन में सभी संविदा एनएचएम कर्मी, जीएनएम कर्मी व सीएचओ कर्मियों ने बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के बैनर तले बुधवार को नगर स्थित पीएचसी में मांगो के तख्ती दिखाकर धरना प्रदर्शन करते हुए कार्य का बहिष्कार किया। इस धरना प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष शिशुपाल प्रियदर्शी ने किया। धरना प्रदर्शन के दौरान कर्मियों ने बताया कि हमारी दस मांगो में मुख्य रूप से समान काम समान वेतन, स्वास्थ्य विभाग में पद को सृजित करते हुए हमारी सेवा को भूतलक्षी प्रभाव से स्थायी करने, अप्रैल 2024 से लंबित वेतन का अविलंब भुगतान, एफआरएएस विधि से डिजिटल अटेंडेंस बनाने की अव्यावहारिक एवं अविवेकपूर्ण आदेश को निरस्त करने, स्वास्थ्य उपकेंद्र पर स्थायी भवन, आवासीय सुविधा प्रदान करने, कार्य स्थल पर शौचालय, स्वच्छ पेयजल व बिजली इत्यादि जैसी बुनियादी सुविधा बहाल करने एवं कार्य स्थल पर सुरक्षा की ग्रारंटी सुनिश्चित करना शामिल है। एनएचएम कर्मियों ने सरकार की दोहरी नीति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा कार्य का बहिष्कार किया। इस प्रदर्शन में प्रवक्ता अभिमन्यु कुमार, एएनएम पूजा कुमारी, सीमा कुमारी, रीना कुमारी, सहाना प्रवीण, जीएनएम विजय कुमार, ओमप्रकाश कुमार, भरत कुमार, एलटी मो०सरफराज आलम, सीएचओ शनि, सपना, सीमा, हरूण समेत कई कर्मी मौजूद थे। राजपुर रोहतास - बिहार एच एच एम संविदा कर्मी मोर्चा के आह्वान पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व हेल्थ वेलनेस सेंटर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों ने बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से ओपीडी, डाटा सेंटर तथा पंचायत में खोले गए हेल्थ वेलनेस सेंटर बंद हो गया। जिससे उपचार कराने आने वाले मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समान वेतन की मांग को ले संविदा पर पदस्थापित सीएचओ, एएनएम व जीएनएम ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए गाइडलाइंस के विरुद्ध अस्पताल के मुख्य दरवाजे पर प्रदर्शन कर फेस रिगार्डिंग अब्सेंटी सिस्टम का विरोध जताते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का अपना संयुक्त हस्ताक्षर युक्त पत्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा सतीश कुमार सिंह को सौंप दिया। कर्मियों ने कहा कि 18 जुलाई को जारी राज्य स्वास्थ्य समिति के पत्रांक संख्या 1777 के निर्देशानुसार हम सभी एनएचएम कर्मियों को 22 जुलाई से फेस एप्लीकेशन के माध्यम से प्रतिदिन 3 टाइम हाजिरी लगाने का आदेश जारी हुआ है। जबकि हमारे हीं पदों पर बहाल सरकारी कर्मियों को इससे मुक्त रखा गया है इस तरह हम सभी के साथ साथ सरकार का यह व्यवहार भेदभावपूर्ण, अव्यावहारिक एवं अमानवीय है। इस तरह से एक हीं काम के लिए दो नीति का हम सभी विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि एक हीं संस्था में कार्यरत एनएचएम कर्मी, नियमित कर्मी की तुलना में अल्प मानदेय भोगी है। जबकि कार्य एक समान है.सरकार हमारे साथ न्याय करे। समान कार्य के लिए समान वेतन प्रदान करें। उन्होंने कहा कि ड्यूटी कार्य स्थल हमारे घरों से दो-दो सौ किलोमीटर दुरी पर है। हमारी नियुक्ति होम बलॉक में कर दे, तभी हम एफआरएएस का एचीवमेंट कर सकेंगे।

## जदयू नेता ने डीएम से मिलकर पंचायत का विकास को लेकर दिया आवेदन

निज संवाददाता



**वारिसलीगंज (नवादा)।** प्रखंड के क्षेत्र के बाली, शाहपुर निवासी जदयू नेता ई किशोर कुणाल (छोटू सिंह) नवादा जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा जी से मुलाकात कर गांव, शाहपुर पंचायत क्षेत्र के विकास के मुद्दों पर विशेष चर्चा और बहुत सारे समस्याओं से रुबरु करवाया, उन्होंने कहा की क्षेत्र मे किसानों के लिए पानी की समस्या प्रत्येक वर्ष बनी रहती है। किसान कई बर्षो से परेशान रह रहें हैं किसानो की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह किया। जिलाधिकारी ने पंचायत के विकास में भरपूर सहयोग का आश्वाशन दिया है।

# संभावनाओं के द्वार खोलती है पंकज साहा की लघुकथाएं : सिद्धेश्वर

निज संवाददाता



**पटना।** छोटे आकार में कुछ भी लिख देना लघुकथा नहीं सच पूछे तो लघुकथा, हिंदी ग़ज़ल और कविता की तरह एक बहुत ही नाजुक विधा है। छंदमुक्त कविता की तरह यह आज़ाद नहीं है और न ही सपाटबयानी कविता की तरह कविता के सारे हिसाब- किताब से दूर ही है लघुकथा का अपना शास्त्रीय आकार-प्रकार आरंभ और अंत होता है और वह कालदोष से मुक्त होता है। किंतु इन बातों को बहुत कम लोग स्वीकार करते हैं या उपयोग में लाते हैं, जो लघुकथा के साथ मखौल है। माधव नागदा ने जैसा की एक जगह लिखा है, आधुनिक लघुकथा का जन्म 1970 से माना जाता है किंतु अब यह 50 वर्ष की युवा और सयानी हो चुकी है। और इसी सयानी हो चुकी लघुकथाओं में, डॉ पंकज साहा की लघुकथाएं भी शामिल है, जिसे एक नजर में कदापि अनदेखा नहीं किया जा सकता। एक कुली की मजबूरी को नंगी आंखों से देखा है लेखक ने। ठीक उसी प्रकार कातर आंखें भी गहरी संवेदना की मार्मिक लघुकथा है। पंकज साहा की एक जिंदा लघुकथा है जिंदा मछली। अपने जीभ के स्वाद के लिए हम सिर्फ राक्षस नजर नहीं आते बल्कि मरी हुई संवेदनाओं का चादर ओढ़े हुए, 21वीं सदी के रूढ़ि ग्रस्त मानव नजर आते और इसी बात को उन्होंने अपनी इस लघुकथा में व्यंग पूर्ण प्रहार करते हुए प्रकट किया है। डॉ. पंकज साहा की नवीन कृति' संभावना' में प्रकाशित अधिकांश लघुकथाएं एक तीखा व्यंग्य तीर मारते हुए, पाठकों के हृदय में रच बस जाने की क्षमता रखती है। उनकी इस लघुकथा कृति में प्रकाशित कुली, तरकीब, सृजन कर्म, कविता की समझ, श्रद्धा, उतर गया पानी, युग धर्म स्मार्टफोन व्यवस्था असर जवाब देही देशभक्त जैसी कई लघुकथाओं को पढ़ने के बाद मैंने भी महसूस किया कि संभावनाओं के द्वार खोलती है पंकज साहा की लघुकथाए। भारतीय युवा साहित्यकार परिषद के तत्वावधान में, गूगल मीट के माध्यम से, फेसबुक के अवसर साहित्यधर्मी पत्रिका के पेज पर, हेलो फेसबुक लघुकथा सम्मेलन का संचालन करते हुए संयोजक सिद्धेश्वर ने उपरोक्त उद्गार व्यक्त किया। अपने अध्यक्षीय टिप्पणी में लेखिका निशा भास्कर ने कहा कि विभिन्न प्रयोगों के द्वारा रचनात्मक शक्ति को प्रश्रय मिलता है। इस मंच के संयोजक और संस्थापक आदरणीय सिद्धेश्वर जी हैं, जो साहित्य सेवा के लिए समर्पित है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय पंकज साहा जी थे। जिन्होंने लघुकथा के तत्वों पर अपने बेहतरीन विचार रखा। पंकज जी एक समृद्ध लघुकथाकार है। इनकी लघुकथाएं कबीर की वाणी की तरह सटीक और व्यंग्यात्मक संवाद शैली में समाज की विभिन्न विसंगतियों पर प्रश्न खड़ा करती हैं। जो मानवीय संचेतना को सजग करने के लिए रामबाण की तरह कारगर है। मंच पर उपस्थित अन्य लघु कथाकारों ने भी अपनी-अपनी लघुकथाएं सुनाई। कुछ लघुकथाएं प्रयोगात्मक शैली पर आधारित थी। जिन पर अभी बहुत काम करना बाकी है। सिद्धेश्वर जी के द्वारा निरंतर किये जा रहे हैं प्रयासों से यह संभव है की लघुकथा विधा एक दिन साहित्यकारों के लिए पूंजी का काम करेगी। कार्यक्रम प्रभारी ऋचा वर्मा जी अपने प्रभार को विधिवत पूर्ण किया। अपने पटल पर हर बार एक वरिष्ठ साहित्यकार को मुख्य अतिथि के रूप में पेश कर सिद्धेश्वर जी नए पुराने साहित्यकारों के लिए बहुत बड़ा कार्य कर रहे हैं उन्हे साधुवाद है। प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि डॉ पंकज साहा की एक दर्जन लघुकथाओं का पाठ किया गया और एक छोटी सी भेंट वार्ता भी लिया सिद्धेश्वर ने डॉ. पंकज साहा से। इस ऑनलाइन लघुकथा सम्मेलन में पढ़ी गई लघुकथाओं पर समीक्षात्मक टिप्पणी करते हुए मुख्य अतिथि डॉ पंकज साहा कहा कि -काया में लघु होने के बावजूद कथ्य, शिल्प एवं उद्देश्य की दृष्टि से लघुकथा ने हिंदी साहित्य में अपना कद ऊँचा कर लिया है। लघुकथा न छोटी कहानी है और न किसी कहानी का छोटा रूप। यह किसी विषय की फ्रेम के साथ पूरी तस्वीर होती है। एक जमाना था जब पत्र-पत्रिकाओं में लघुकथाओं का इस्तेमाल फीलर के रूप में होता था, परंतु नये तेवरों एवं जन सरोकारों से जुड़ने के कारण लघुकथा साहित्य-भवन का जरूरी पीलर बन गयी है। आज हिंदी की लगभग सभी पत्र-पत्रिकाओं में लघुकथाएँ सम्मान के साथ छापी जा रही हैं। लघुकथाओं के अनेक एकल एवं साझा संग्रह छप चुके हैं। लघुकथाओं पर अनेक समीक्षात्मक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इन पर अनेक विश्वविद्यालयों में शोधकार्य भी हो रहे हैं। सोशल मीडिया में भी अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं। ऐसा ही एक सफल कार्यक्रम सुप्रसिद्ध लघुकथाकार, समीक्षक श्री सिद्धेश्वर के संयोजन में 'हेलो फेसबुक लघुकथा सम्मेलन' के बैनर तले रविवार को आयोजित हुआ। उक्त कार्यक्रम में मुझे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल कर सिद्धेश्वर जी ने मेरा मान बढ़ाया। इसके लिए मैं हृदय तल से उनका आभारी हूँ। डॉ पंकज साहा औऱ निशा भास्कर के अतिरिक्त ऋचा वर्मा ने श्रेय, मंजू गुप्ता ने अनहद, सपना चंद्रा ने प्राइवेसी, गार्गी राय ने उपयोगिता, डॉ पुष्पा जमुआर ने उपहार, अशोक दर्द ने आया, निर्मला कर्ण ने राम कसम, विजया कुमारी मौर्या ने कुत्ते का रोना, राज प्रिया रानी ने भिखारी का दर्द, निधि गौतम ने अच्छी रोशनी, नलिनी श्रीवास्तव ने तंज और रितु प्रज्ञा ने नदी बहती रही शीर्षक लघुकथाओं का पाठ किया। हेलो फेसबुक लघुकथा सम्मेलन में ऑनलाइन लघुकथा पाठ करने वाले के अतिरिक्त अन्य रचनाकारों में प्रमुख थे-अर्चना कोहली, रंजीत कुमार, अनिल कुमार, सुनील कुमार उपाध्याय मानसी खान, निर्मल कुमार दे आदि। कार्यक्रम की अध्यक्षता में सहयोग किया मंच की प्रभारी ऋचा वर्मा ने।

बिहार सरकार

**योजना एवं विकास विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 03 (SBD)/2024–25**
**(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना सं0– **03 (SBD)/2024–25 (Pr. N0. 002899 (Planning) 2024-25** का निविदा अवधि अपरिहार्य कारणवश निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है।

| निविदा की कंडिका | | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 3. निविदा कागजात अपलोड करने की प्रारम्भिक तिथि एवं समय | : | दिनांक 12.08.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर ) |
| 4 प्री–बीड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि | : | दिनांक 10.08.2024 समय 3.30 बजे अपराह्न, मुख्य अभियंता का कार्यालय, सीानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विरवेश्वरैया भवन, चतुर्थ तल, कमरा नं0–423, बेली रोड, पटना–800015 |
| 5. निविदा अपलोड की अंतिम तिथि एवं समय | : | दिनांक 20.08.2024 समय 3.00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |
| 6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 22.08.2024 समय 3.30 बजे अपराह्न से। (कंडिका 5 में उल्लेखित अंतिम तिथि से दो कार्य दिवस के पष्चात् की तिथि)। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |

इस निविदा आमंत्रण सूचना को हद तक संशोधित समझा जाय।
शेष अन्य सभी शर्त्ते एवं प्रविष्टियाँ यथावत् रहेगी।

**कार्यपालक अभियंता**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन**
**कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद**

PR. No. 004555 (Planning) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

**Mines and Geology Department**
**District- Aurangabad.**

Govt. of Bihar

**Short Notice Inviting E-Auction for Settlement of Sand ghats**
**(Through E-Procurement mode over https://eproc2.bihar.gov.in)**

बिहार बालू खनन नीति, 2019 तथा बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 में उल्लिखित प्रावधानों के तहत औरंगाबाद जिला के विखंडित बालूघाटों/बालूखण्डों के आगामी पाँच वर्षों के लिए बंदोबस्ती के लिये PR No.-011999 (Mines & Geology) 2023-24, PR No.- 014610 (Mines & Geology) 2023-24, PR No.-017372 (Mines & Geology) 2023-24 एवं (PR-000842(Mines)2024-25) द्वारा प्रकाशित विज्ञापन के फलस्वरूप दिनांक–27.06.2024 को सम्पन्न चतुर्थ चरण के ई–नीलामी में शून्य निविदा प्राप्त बालूघाटों के लिये बालूघाटवार अल्प निविदा निम्न कार्यक्रमानुसार आमंत्रित की जाती है :–

1. ई–नीलामी कार्यक्रमः–

| क्र0 स0 | बालूखण्ड/बालूघाट | नदी का नाम | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/- रू0) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | अग्रधन राशि एवं ऑक्शन प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदादाताओं द्वारा अपलोड किये गये तकनीकी निविदा को खोले जाने की तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय | ई–नीलामी समाप्ति की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Aurangabad Son 1-A | | | | | | | |
| 2 | Aurangabad Son 1-C | | | | | | | |
| 3 | Aurangabad Son 2-C | | | | | | | |
| 4 | Aurangabad Son 10-B | | | | | | | |
| 5 | Aurangabad Son 11-B | | | | | | | |
| 6 | Aurangabad Son 11-C | | | | | | | |
| 7 | Aurangabad Son 12-A | | | | | | | |
| 8 | Aurangabad Son 12-B | | | | | | | |
| 9 | Aurangabad Son 12-C | | | | | | | |
| 10 | Aurangabad Son 13-A | | | | | | | |
| 11 | Aurangabad Son 13-B | | | | | | | |
| 12 | Aurangabad Son 14-A | | | | | | | |
| 13 | Aurangabad Son 14-B | | | | | | | |
| 14 | Aurangabad Son 15-A | | | | | | | |
| 15 | Aurangabad Son 15-B | | | | | | | |
| 16 | Aurangabad Son 16-B | | | | | | | |
| 17 | Aurangabad Son 18-A | | | | | | | |
| 18 | Aurangabad Son 18-C | | | | | | | |
| 19 | Aurangabad Son 19-A | | | | | | | |
| 20 | Aurangabad Son 19-B | | | | | | | |
| 21 | Aurangabad Son 19-C | | | | | | | |
| 22 | Aurangabad Son 20-B | | | | | | | |
| 23 | Aurangabad Son 20-C | | | | | | | |
| 24 | Aurangabad Son 22-A | | | | | | | |
| 25 | Aurangabad Son 22-B | | | | | | | |
| 26 | Aurangabad Son 23-B | | | | | | | |
| 27 | Aurangabad Son 24-A | | | | | | | |
| 28 | Aurangabad Son 24-B | | | | | | | |
| 29 | Aurangabad Son 24-C | | | | | | | |
| 30 | Aurangabad Son 25-C | सोन नदी | 02.08.2024 | 18.08.2024 के अपराह्न 05:00 बजे | 18.08.2024 के अपराह्न 05:30 बजे | 24.08.2024 | 26.08.2024 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 26.08.2024 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 31 | Aurangabad Son 26 | | | | | | | |
| 32 | Aurangabad Son 27-A | | | | | | | |
| 33 | Aurangabad Son 27-B | | | | | | | |
| 34 | Aurangabad Son 27-C | | | | | | | |
| 35 | Aurangabad Son 28-A | | | | | | | |
| 36 | Aurangabad Son 28-B | | | | | | | |
| 37 | Aurangabad Son 28-C | | | | | | | |
| 38 | Aurangabad Son 29-A | | | | | | | |
| 39 | Aurangabad Son 29-B | | | | | | | |
| 40 | Aurangabad Son 29-C | | | | | | | |
| 41 | Aurangabad MOEF SON 1-B | | | | | | | |
| 42 | Aurangabad MOEF SON 1-C | | | | | | | |
| 43 | Aurangabad MOEF SON 1-D | | | | | | | |
| 44 | Aurangabad MOEF SON 1-E | | | | | | | |
| 45 | Aurangabad MOEF SON 1-F | | | | | | | |
| 46 | Aurangabad MOEF SON 2-A | | | | | | | |
| 47 | Aurangabad MOEF SON 2-B | | | | | | | |
| 48 | Aurangabad MOEF SON 3-A | | | | | | | |
| 49 | Aurangabad MOEF SON 3-B | | | | | | | |
| 50 | Aurangabad MOEF SON 3-C | | | | | | | |
| 51 | Aurangabad MOEF SON 3-D | | | | | | | |
| 52 | Aurangabad MOEF SON 4-A | | | | | | | |
| 53 | Aurangabad MOEF SON 4-B | | | | | | | |
| 54 | Aurangabad MOEF SON 5-A | | | | | | | |
| 55 | Aurangabad MOEF SON 5-B | | | | | | | |
| 56 | Aurangabad MOEF SON 5-C | | | | | | | |
| 57 | Aurangabad MOEF SON 5-D | | | | | | | |
| 58 | Aurangabad MOEF SON 5-E | | | | | | | |
| 59 | Aurangabad MOEF SON 5-F | | | | | | | |
| 60 | Aur Pun-01 to 05 | | | | | | | |
| 61 | Aur Pun-06 to 08 | | | | | | | |
| 62 | Aur Pun-09 to 17 | | | | | | | |
| 63 | Aur Pun-18 to 23 | पुनपुन, नदी | 02.08.2024 | 18.08.2024 के अपराह्न 05:00 बजे | 18.08.2024 के अपराह्न 05:30 बजे | 24.08.2024 | 26.08.2024 02:00 बजे अपराह्न से | 26.08.2024 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 64 | Aur Pun-24 to 28 | | | | | | | |
| 65 | Aur Pun-29 to 33 | | | | | | | |
| 66 | Aur Pun-34 to 38 | | | | | | | |
| 67 | Aur Pun-39 to 41 | | | | | | | |
| 68 | AUR BA 01 to 03 | | | | | | | |
| 69 | AUR BA 04 to 05 | | | | | | | |
| 70 | AUR BA 06 | | | | | | | |
| 71 | AUR BA 07 | | | | | | | |
| 72 | AUR BA 08 | बटाने, नदी | 02.08.2024 | 18.08.2024 के अपराह्न 05:00 बजे | 18.08.2024 के अपराह्न 05:30 बजे | 24.08.2024 | 26.08.2024 02:00 बजे अपराह्न से | 26.08.2024 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 73 | AUR BA 09 | | | | | | | |
| 74 | AUR BA 10 | | | | | | | |
| 75 | AUR BA 11 to 12 | | | | | | | |
| 76 | AUR BA 13 to 14 | | | | | | | |
| 77 | AUR BA 15 to 17 | | | | | | | |
| 78 | Madar 01 to 21 | मदार, नदी | 02.08.2024 | 18.08.2024 के अपराह्न 05:00 बजे | 18.08.2024 के अपराह्न 05:30 बजे | 24.08.2024 | 26.08.2024 02:00 बजे अपराह्न से | 26.08.2024 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 79 | Madar 22 to 32 | | | | | | | |
| 80 | AUR AD 01 to 10 | अदरी, नदी | 02.08.2024 | 18.08.2024 के अपराह्न 05:00 बजे | 18.08.2024 के अपराह्न 05:30 बजे | 24.08.2024 | 26.08.2024 02:00 बजे अपराह्न से | 26.08.2024 04:00 बजे अपराह्न तक |

1. बालूघाटों/बालूखण्डों की विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in पर उपलब्ध है।
2. बालूघाटों की बंदोबस्ती, ई–नीलामी प्रक्रिया ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in से करायी जाएगी।
3. ई–नीलामी द्वारा कराई जा रही बंदोबस्ती में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
4. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि, नीलामी प्रोसेसिंग शुल्क इत्यादि) विस्तृत रूप से औरंगाबाद जिला की वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in, विभागीय वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/mines एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।
5. बालूघाटों/बालूखण्डों के ई–नीलामी से संबंधित समस्त सूचना हेतु ई–टेंडरिंग/ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क, प्रथम तल, प्लॉट नं0– एम/22, रोड नं0–25, श्री कृष्णानगर, पटना–800001 दूरभाष संख्याः 0612–2523006, 7542028164, आई0टी0 मैनेजर, औरंगाबाद, मो0 नं0– 9471950202 से सम्पर्क किया जा सकता है।

❖ विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

**समाहर्त्ता,**
**औरंगाबाद।**

PR- 04512 ( Mines ) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएफ ने स्टेशन से 3 बच्चों को किया रेस्क्यू

**फतेहपुर।** रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत स्टेशन पर से तीन मासूम बच्चों को रेस्क्यू किया है। रेस्क्यू किए गए तीनों बच्चों का उम्र दस और ग्यारह साल है। आरपीएफ ने रेस्क्यू किए तीनों बच्चों को उपस्थापन के लिए बाल संरक्षण इकाई को सौंप दिया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि आरपीएफ की टीम कोडरमा स्टेशन पर गश्त कर रही थी। इसी समय प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर तीन बच्चे फुट ओवरब्रिज के पास सहमे हुए बैठे मिले।

### नॉन इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण हुआ बदलाव

**गया।** रेलवे द्वारा यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता के लिए शाहजहांपुर-लखनऊ खंड पर रोज़ा स्टेशन के यार्ड रिमाडलिंग एवं रोज़ा-सीतापुर सिटी के मध्य दोहरीकरण कार्य किया जा रहा है। इसको लेकर नॉन इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण इस रूट से गुजरने वाली कई ट्रेनों का परिचालन रद्द, मार्ग परिवर्तन एवं पुनर्निर्धारण कर चलाया जायेगा। गया जंक्शन होकर इस रेलखंड से गुजरने वाली कोलकाता-जम्मुतवी एक्स के समय में पुनर्निधारण किया गया है। कोलकाता से खुलने वाली 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस कोलकाता से 02 एवं 03 अगस्त को दो घंटे एवं 04 अगस्त को चार घंटे पुनर्निर्धारित कर चलायी जायेगी। वहीं जम्मूतवी से खुलने वाली 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस जम्मूतवी से 01 अगस्त को दो घंटे, 02 व 03 अगस्त को चार घंटे तथा 04 अगस्त को छह घंटे पुनर्निर्धारित कर चलायी जायेगी। यह जानकारी पूमरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने दी है।

### ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत, परिवार में मातम

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना स्थित शहीद ईश्वर चौधरी हाल्ट पर मंगलवार ट्रेन से कट कर अधेड़ की मौत हो गई।मृतक की शिनाख्त बुनियादगंज थाना के पेहानी निवासी मो अमजद अंसारी के बेटे मो इम्तेयाज अंसारी 45 वर्ष के रूप के हुई। प्रत्यक्षदर्शियों कि माने तो जबतक आसपास के लोग समझ पाते तबतक अधेड़ गया की तरफ से आ रही मालगाड़ी के सामने कूद गया। लोगो ने बताया कि लगभग 10मिनट तक तड़पने के बाद मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए।

### केन्द्रीय बजट से गया का होगा सर्वागिण विकास

**गया।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा से. के जिलाध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ने कहा कि केन्द्रीय बजट से गया का सर्वागिण विकास होगा। पार्टी के संस्थापक सह गया सांसद जीतनराम मांझी की मेहनत का फल है कि पहली बार गया के विकास पर ध्यान दिया गया है। काशी कॉरिडोर की तरह महाबोधि मंदिर व विष्णुपद कॉरिडोर बनेगा। पार्टी सुप्रीमों को बहुत-बहुत बधाई।

### निःशुल्क शिक्षा के लिए खुलेगी संस्थान


**गया।** गया में पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी ने अपने पति बिंदेश्वरी यादव उर्फ बिंदी यादव की याद में गरीब बच्चों के लिए शिक्षण संस्थान खोलेंगी। ताकि बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में किसी तरह की परेशानी नहीं झेलनी पड़ी। काम को शीघ्र ही किया जाएगा। जहां हर समाज के बच्चे निःशुल्क शिक्षा ग्रहण करेंगे। यही नहीं अबला के सहयोग के लिए भी एक संस्थान होगी जहां उन्हें रोजगार के दृष्टिकोण से कुशल बनाया जाएगा। यह बातें पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी ने बिंदेश्वरी यादव की पुण्यतिथि समारोह के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि गया,



जहानाबाद और अरवल की जनता ने न केवल हमें सुख के दिनों में साथ दिया है बल्कि दुख में भी हमारा भरपूर साथ दिया है। उनकी इस महानता को हम कभी नहीं भूलेंगे। यही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हर दुख की घड़ी में हमारा हौसला बढ़ाया है। यही वजह है कि आज हम आपलोगों के बीच हैं। बिंदेश्वरी यादव उर्फ बिंदी यादव की चौथी पुण्यतिथि जिला पर्षद परिसर में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर न केवल गया बल्कि जहानाबाद, अरवल से भी लोग पहुंचे और उन्हें नमन किया। गौरतलब है कि बिंदेश्वरी यादव जिला पर्षद अध्यक्ष भी थे। इस मौके पर बड़ी संख्या में दूर-दराज से लोग दराज से लोग आए थे। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष शीतल यादव ने भी लोगों का आभार जतया।

### घर से 7 लाख के जेवर ले गए चोर, पूरा परिवार गया हुआ था देवघर

**गया।** गया में चोरों ने बंद घर से लाखों रुपए के गहने चुरा लिए। परिवार परिवार देवघर गया था। पीड़िता ने कहा कि पड़ोसी की छत से हमारे घर की छत पर चोर आए और ग्राउंड फ्लोर के कमरे का ताला तोड़ जेवरात चुरा लिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। एफएसएल की टीम भी आई। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बायपास रोड की है। पीड़ित गौतम कुमार ने बताया कि सभी लोग भगवान शंकर का दर्शन करने के लिए देवघर गए थे। मंगलवार को देवघर से लौटे तो मेन गेट का ताला खोला लेकिन गेट नहीं खुला। पता चला कि गेट अंदर से बंद है। पड़ोसी की मदद से गेट खुलवाया। वे अपनी छत



से हमारी छत पर आए और फिर उन्होंने नीचे आकर दरवाजा खोला। इसके बाद जब घर में घुसे तो देखा कि ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर के कमरे के गेट का ऑटोमेटिक लॉक टूटा है। कमरे के अंदर का सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा है। अलमारी और बक्से भी टूटे हैं। चोर करीब 6 से सात लाख रुपए के गहने ले गए। उन्होंने बताया कि पड़ोस में रहने वाले को हमलोगों ने बताया था कि पूरा परिवार देवघर जा रहा है। पड़ोसी की छत पर कुछ मजदूर लोग सोते हैं। हमें शक है कि उन्हीं लोगों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया होगा। इस बात की जानकारी हमने पुलिस को भी दी है। इधर थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे की जांच की जा रही है।

### बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग कर फैलाई दहशत

**नालंदा।** नालंदा जिले के हरनौत स्थित स्थानीय बाजार थाना रोड मोड़ पर मंगलवार शाम बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिससे आम लोगों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीन बाइकों पर सवार 6 बदमाश थे, जिन्होंने अपने चेहरे को गमछे से ढंक रखा था। उन्होंने लगभग 13 से 14 राउंड गोलियां चलाईं, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। अचानक गोलियों की आवाज सुनकर लोग सहम गए। इधर-उधर भागने लगे और दुकानदारों ने तुरंत अपनी दुकानें बंद कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस



मौके पर पहुंची। गुस्साए लोगों ने पुलिस के सामने गुंडागर्दी का मुद्दा उठाया और कुछ देर तक वाहनों का आवागमन भी रोक दिया। हालांकि, पुलिस के समझाने पर बाद में स्थिति सामान्य हो गई। जांच में सामने आया है कि घटना रंगदारी से जुड़ी हो सकती है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुछ बदमाश टोटो चालकों से प्रति टिप 20 रुपए की वसूली कर रहे थे। जब टोटो चालकों ने इसका विरोध किया, तो उनके साथ मारपीट की गई। सोमवार को कई टोटो चालक इस मामले की शिकायत लेकर थाने भी गए थे। हरनौत थाना के एसएचओ मो. अबू तालीब अंसारी ने कहा कि जांच कर रहे हैं। अभी तक पूरी स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है। जांच पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

# मगध मेडिकल कॉलेज में OPD सेवा कई घंटे रही बाधित

## अस्पताल के संविदाकर्मी की करंट लगने से मौत पर हंगामा, मुआवजे की कर रहे मांग

निज संवाददाता। गया

गया के मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में करंट लगने से एक प्लंबर की मौत हो गई। वह संविदा पर काम करता था। प्लंबर की मौत के विरोध में अस्पताल के संविदाकर्मियों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कई घंटे तक ओपीडी सेवा को बाधित कर दिया गया था। फिलहाल, अब इमरजेंसी सेवा चालू है। बताया जा रहा है कि मिस्त्री आकाश पासवान देर रात अस्पताल का मोटर चालू करने के लिया गया था। इस दौरान बारिश हो रही थी। उसी बीच वह टोका फंसा रहा था। टोका जमीन पर गिर गया। जमीन पूरी तरह से गीली थी और बारिश का पानी भरा था। इस वजह से प्लंबर बिजली की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए प्लंबर के परिजनों



और अन्य कर्मियों ने ANMMCH में इमरजेंसी के मुख्य द्वार पर जमकर हंगामा किया। आक्रोशित कर्मी मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। बाद में आक्रोशित कर्मियों ने अस्पताल की ओपीडी सेवा को भी कई घंटों तक बाधित कर दिया था। इधर, अस्पताल अधीक्षक वी.के सिंह का कहना है कि मृतक के परिजनों को समझाया गया है। सरकारी प्रावधान के तहत अस्पताल प्रशासन की ओर से मुआवजा दिलाए जाने की पहल की जाएगी। फिलहाल, ओपीडी चालू कर दिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। इमरजेंसी सेवा चालू है। मृतक के समर्थक और साथी कर्मी अस्पताल अधीक्षक से बातचीत कर रहे हैं। अस्पताल में संविदा पर काम करने वाले शेखर ने बताया कि संविदा पर सारे लड़के गरीब परिवार से आते हैं। मृतक आकाश भी गरीब परिवार से आता है। उसके आश्रितों को उचित मुआवजा दिए जाने की कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस मृतक के परिजनों को समझाने में जुटी है। वहीं, मृतक के समर्थक और साथी कर्मी अस्पताल अधीक्षक से बातचीत कर रहे हैं।

# 48 घंटे बाद भी पुलिस को नहीं मिला मासूम

निज संवाददाता। नालंदा

बिहारशरीफ के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहारशरीफ जंक्शन के रेलवे गुमटी के पास सोमवार कि सुबह 5 माह के बच्चे की चोरी कर लेने का मामला सामने आया था। इस घटना के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी अब तक बच्चे का सुराग पुलिस को नहीं लग सका है। चोरी हुआ बच्चा नगर थाना क्षेत्र के शकुंनत कला निवासी रवि कुमार का बेटा रोशन कुमार है। बच्चा अपनी दादी सकुंती देवी के पास सोया हुआ था। जिसे सोमवार की सुबह करीब 2:30 बजे बदमाशों द्वारा चोरी कर ली गई। बदमाशों ने बांस के बने दरवाजे में लगे लोहे की जंजीर को काट कर घर के अंदर प्रवेश किया था। सकुंती देवी ने बताया कि पोते की चोरी कर लेने की घटना के बाद पूरा परिवार सदमे में है। घर में चूल्हा नहीं जला है। परिवार के सभी लोग बच्चे की खोजबीन में लगे हुए हैं। रोशन उनके घर की पहली संतान है। न जाने किसकी नजर पोते को लग गई। रोशन के पिता रवि कुमार ने बताया कि नगर निगम द्वारा लगाए



गए कैमरे में बदमाशों की हरकत कैद हुई है। हालांकि, रात होने की वजह से बदमाशों के चेहरे और गाड़ी का नंबर स्पष्ट नहीं हो सका। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि बाइक सवार बदमाशों द्वारा बेटे की चोरी की गई। जो बच्चे को गोद में लेने के बाद बरबीघा की ओर भाग निकला है। वहीं, इस मामले में नगर थानाध्यक्ष रामशंकर सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की अनुसंधान में जुटी हुई है। बदमाशों की करतूत सीसीटीवी में भी कैद हुई है। जल्द ही बच्चे की बरामदगी कर ली जाएगी। बदमाशों को गिरफ्तार कर मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

# बीडीओ-सीओ सुबह 1 घंटा लगाएंगे जनता दरबार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले में आम जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिलाधिकारी ने एक आदेश जारी किया है। जिसके अनुसार जिले के सभी स्तरों पर 'जनता दरबार' का आयोजन अनिवार्य किया गया है। निर्णय प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा देने और शासन को अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है। आदेश के अनुसार नालंदा के सभी बीडीओ और सीओ प्रतिदिन सुबह 10:30 से 11:30 बजे तक अपने कार्यालयों में जनता दरबार का आयोजन करेंगे। इसके अलावा, तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता और अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी सप्ताह में कम से कम तीन दिन जनता दरबार आयोजित करेंगे।

**जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक होगी:**



जिलाधिकारी ने इस बात पर विशेष जोर दिया है कि जनता दरबार में उठाए गए मुद्दों का समुचित समाधान किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि जनता दरबार के लिए निर्धारित समय की जानकारी स्पष्ट रूप से कार्यालयों में प्रदर्शित की जाए। ताकि आम जनता को इसकी पूरी जानकारी मिल सके। इस पहल की निगरानी के लिए जिलाधिकारी प्रत्येक सोमवार को जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। यह कदम प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# नालंदा पुलिस ने एक परिवार के साथ की मारपीट,महिला समेत 3 को पीटा

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के सीमा गांव में मंगलवार की रात पुलिस की टीम ने एक परिवार के साथ मारपीट की। पहले दरवाजा तोड़ा, फिर परिजनों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इतनी ही नहीं उनके मोबाइल भी छीन लिए। सिलाव पुलिस द्वारा की गई कथित बर्बरता ने परिवार को न केवल शारीरिक चोट पहुंचाई, बल्कि उनके मानवाधिकार का भी हनन किया है। इस मामले में राजगीर डीएसपी प्रदीप कुमार ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है। जल्द कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित अनूप चौधरी ने बताया कि रात लगभग 1 बजे, 5 गाड़ियों में आई पुलिस ने बिना किसी वारंट या स्पष्टीकरण के उनके घर का दरवाजा तोड़कर प्रवेश किया। पुलिस ने हमें पूछताछ का बहाना बनाकर बेरहमी से पीटा। मेरे बेटे सूरज और मेरी पत्नी, जो बीच-बचाव करने आई थीं, उसे भी नहीं बख्शा। जब पुलिस को अपनी गलती का एहसास हुआ तो दरवाजा तोड़ने के एवज में 10 हजार रुपए देने की बात कह रही है।

**पुलिस ने मोबाइल कर लिया जब्तः** पीड़ित सूरज कुमार ने बताया कि जब उन्होंने पुलिस की इस कार्रवाई पर सवाल उठाया, तो उन्हें गालियां



दी गईं और मारपीट की गई। पुलिस ने ही मां को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने उनका मोबाइल जब्त कर लिया। जिसमें घटना का वीडियो रिकॉर्ड था। बिना महिला पुलिस के पुलिसकर्मी घर में घुस आए और महिलाओं के साथ बदतमीजी किया।

**कुंदा से मारकर फोड़ा सिरः** जख्मी सुनैना देवी ने बताया कि रात में पुलिस दरवाजा पीट रही थी। उन्होंने पूछा कि कौन है, तो पुलिस गाली गलौज पर उतर आई। दरवाजा खोलने में विलंब

◆ **रात में अचानक दरवाजा तोड़ कर घर में घुसी, DSP बोले-होगी कार्रवाई**

हुआ तो पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़ दिया। अंदर प्रवेश कर गई। घर में सोए पति और बेटे के साथ मारपीट करने लगी। जब वह हस्तक्षेप करने पहुंची तो उन्हें भी कुंदा से मारकर सिर फोड़ दिया।

**2 दिन पहले पटाखा लगाने को लेकर उत्पन्न हुआ था विवादः** यह घटना कथित तौर पर 2 दिन पहले गांव में हुए एक सामुदायिक विवाद से जुड़ी हुई है। जहां एक विशेष स्थान पर पटाखा फोड़ने को लेकर तनाव उत्पन्न हो गया था। हालांकि, चौधरी परिवार का कहना है कि उनका इस विवाद से कोई लेना-देना नहीं था।

**क्या बोले राजगीर डीएसपीः** राजगीर डीएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि सिलाव थाना के पदाधिकारियों और बल द्वारा छापेमारी के क्रम में सीमा गांव में अनूप चौधरी की पत्नी सुनैना देवी को चोट आई है। इस घटना की जांच अंचल निरीक्षक राजगीर द्वारा किया जा रहा है। जांच के बाद सही कार्रवाई की जाएगी।

# जवान ने बदमाश के सिर पर राइफल तानी, गया में कोर्ट कैंपस में 2 लोगों पर फायरिंग

निज संवाददाता। गया

गया के शेरघाटी कोर्ट परिसर में बुधवार (24 जुलाई) को अपराधियों ने कई राउंड फायरिंग की। इस फायरिंग में दो लोगों को गोली लगी है। दोनों को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोर्ट में पेशी के लिए लाए गए फोटू खान पर अपराधियों ने गोली चलाई। उसे दो गोली लगी है। एक पुलिसकर्मी को भी गोली लगी है। फोटू खान को ही टारगेट करके अपराधियों ने फायरिंग की है। उसके हाथ में गोली लगी है। फायरिंग के बाद गया पुलिस तुरंत एक्शन में आई पुलिस ने 3 अपराधियों को पकड़ा है। 2 फरार हैं। पुलिस के ऑपरेशन की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इसमें जवान बदमाश के सिर पर राइफल ताने दिख रहा है। पुलिस ने 3 बदमाशों को फिल्मी स्टाइल में पकड़ा है।



**फोटू का भाई बोला- पुलिस ने गलत लोगों को पकड़ा हैः** फोटू खान के भाई हफीज उल्ला खान (प्रत्यक्षदर्शी) ने बताया कि कोर्ट में पेशी के दौरान मेरे भाई पर फायरिंग की गई। हमलावर पांच की संख्या में थे। मनोज और दो अन्य शख्स दोनों हाथ में हथियार लेकर फायरिंग कर रहे थे। चारों ओर से फायरिंग हो रही थी। कोर्ट की हाजत से 20 कदम पहले पेशी से लौटने के दौरान फायरिंग की गई है। मैं उनके साथ में था। मेरे भाई और एक सिपाही को गोली लगी है। भाई को कंधे और सिपाही को हाथ में गोली

◆ **भाग रहे 3 अपराधी फिल्मी स्टाइल में पकड़े गए**

लगी है। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने जवाबी फायरिंग नहीं की। पुलिस ने आरोपियों की जगह दूसरे लोगों को पकड़ा है।

**अनवर हत्याकांड का आरोपी है फोटू खानः** अगस्त 2023 में लोजपा (रा) के नेता मोहम्मद अनवर की सैलून में बेटे के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड का फोटू खान आरोपी है। बदमाशों ने मोहम्मद अनवर को तीन गोलियां मारी थीं। मोहम्मद अनवर खान का भी आपराधिक इतिहास रहा था।

### 70 वर्षीय बुजुर्ग की 25 साल की लड़की से शादी

**गया।** गया में 70 साल के बुजुर्ग ने 25 वर्ष की लड़की से शादी की है। बुजुर्ग के दो बच्चे हैं। पत्नी की मौत चार साल पहले हो गई थी। बुजुर्ग बैदा गांव निवासी मोहम्मद कली मुल्लाह नूरानी हैं, जो खुद 70 के हैं पर वे अपनी उम्र 50 साल का बता रहे हैं। वहीं, दुल्हन आमस प्रखण्ड हमजापुर के इस्लामनगर निवासी रेशमा परवीन हैं। नूरानी का कहना है कि घर में बहुत परेशानी है, इसलिए इस उम्र में शादी की है। घर में कोई काम करने वाला नहीं है। वहीं, दुल्हन से शादी के बारे में पूछा गया तो उसने कहा वो इस विवाह से खुश है। शादी में कोई बैंड-बाजा नहीं था। कार से दूल्हा अपनी दुल्हन को ले गया। शादी को लेकर किसी ने कोई आपत्ति नहीं जताई है।

# SSP ने 3 पुलिसकर्मी को किया सस्पेंड

निज संवाददाता। गया

गया के बेलागंज के चंदौती गांव स्थित एक घर से बरामद 20 कारतूस मामले में आखिरकार SSP ने 3 पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। निलंबित किए जाने वालों में 2 SI और 1 महिला पुलिस अधिकारी शामिल है। सस्पेंड किए गए पुलिस अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गई है। SSP का कहना है कि इस मामले में गहन जांच अब भी चल रही है। क्या था पूरा मामलाः पहले हम पीड़ित पक्ष की कहानी बताते हैं। पीड़ित पक्ष साहिर इमाम का कहना था कि 19 की देर रात बेलागंज के वाजितपुर के रहने वाले सद्दाम के इशारे पर पुलिस छापेमारी करने पहुंची। पुलिस के साथ आगे-आगे सद्दाम भी था। घर में घूसते ही सद्दाम ने सोफे के नीचे बड़ी ही तेजी से एक पैकेट छिपा दिया। इसके बाद वहां से तेजी से निकल गया। पुलिस ने सोफे के गद्दे को उठाया और उसके नीचे से एक पैकेट बरामद किया। पैकेट से 9MM के 20 जिन्दा कारतूस निकले। इस पूरी घटना की घरवालों ने वीडियो रिकार्डिंग की और पुलिस कर्मियों से तीखी नोंक झोंक भी। इसके बाद अगले दिन रेड मारने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ शिकायत लेकर वरीय अधिकारियों के पास पहुंच गई। SSP आशीष भारती ने मामले की जांच एडिशनल एसपी और डीएसपी विधि व्यवस्था को सौंप दी। जांच में सद्दाम की भूमिका संदिग्ध पाई गई। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया, लेकिन उसकी जमानत हो गई।

जांच के बाद अब पुलिस की कहानीः जांच में आए तथ्यों के आधार पर बताया गया है कि प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष बेलागंज द्वारा वरीय पुलिस अधीक्षक को सूचना दी गई थी। पु.स.अ.नि. अमित कुमार को एक व्यक्ति द्वारा सूचना दी गई थी की बेलागंज थाना अंतर्गत चंदौती गांव में एक बदमाश अवैध हथियार रखे हुए है। इस सूचना का सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई को देखते हुए अमित कुमार पु०अ०नि० अजीत कुमार सिंहा और महिला पुलिस पदाधिकारी प्रशिक्षु रीना कुमारी के साथ छापेमारी के लिए भेजा गया था।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल-29-24,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (साधारण), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** आसनसोल मंडल - आसनसोल में शौचालय, डाइनिंग, किचन, जिम और बैरक की अन्य सुविधाओं के साथ 30 शय्या वाले नए आरपीएफ महिला बैरक का निर्माण। **निविदा मूल्य :** रु.15,00,408.42, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 30,000/-, **कार्य के लिए समापन अवधिः** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 16.08.2024 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।
ASN-125/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. : 74, 81, 82, 86, 87-एमएलडीटी-24-25, (बैलस्ट, एसकेवी वेल्डिंग, आपातकालीन एवं पी.वे कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं. 74- एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता/ समन्वय/मालदा/पूर्व रेलवे के कार्यक्षेत्र में बाकुडी/ तालझारी/पाकुड़/राजग्राम/ हरिणसिंह क्वैरी से सभी प्रकार के प्रासंगिक प्रभारों सहित बीओबीवाईएन वैगनों में 55380 घनमीटर मशीन खंडित हार्ड स्टोन ट्रैक बैलस्ट की आपूर्ति, लीडिंग एवं लोडिंग के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 9,40,91,173.80, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 81-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम :** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में वरिष्ठ मंडल अभियंता-I के कार्यक्षेत्र में पर्यवेक्षण एवं एल्यूमिनो थर्मिट एसकेवी प्रक्रिया द्वारा रेल जॉइंटों की वेल्डिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 1,05,37,156/-, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 82-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम :** मालदा मंडल में आगामी मानसून के लिए विभिन्न स्थानों में स्टोन डस्ट, रेलवे सामग्री से भरे गनी बैग फैलाने, स्टोन बोल्डर बिछाने, बोल्डर क्रेटिंग, बल्ला, मिट्टी भराई आदि जैसे आपातकालीन कार्य तथा अन्य विविध कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 1,70,59,626.84, **क्रम सं. 4, निविदा सं. 86-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम :** मंडल अभियंता/III /मालदा टाउन के कार्यक्षेत्र में एसएसई/पी.वे/जमालपुर-II की शाखा में अन्य सहायक कार्यों के साथ 10 अदद टी-आउट और बीसीएम 17 किमी. द्वारा ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 87,88,658.51, **क्रम सं. 5, निविदा सं. 87-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम :** मंडल अभियंता/III/मालदा टाउन के कार्यक्षेत्र में एसएसई/पी.वे/जमालपुर-I की शाखा में अन्य सहायक कार्यों के साथ 10 अदद टी-आउट और बीसीएम 11 किमी. द्वारा ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 69,39,213.13, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 02.08.2024 को 15.30 बजे। (प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** www.ireps.gov.in/ डीआरएम कार्यालय/ मालदा टाउन (प्रत्येक हेतु)।
MLD-64/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. रजनीश कांत का हुआ भव्य स्वागत

**आरा।** वर्ल्ड फेम चर्चित काइरोप्रैक्टर, फिजियोथेरेपी और ऑस्टियोपैथी डॉक्टर रजनीकांत का आगमन पटना एयरपोर्ट पर हुआ, जिन्हें रिसीव करने के लिए भोजपुर जिले से उनके भाई सामजसेवी हेमराज कुशवाहा के नेतृत्व में एयरपोर्ट पर डॉक्टर का स्वागत ढोल-नगाड़ों और फूलों से स्वागत हुआ।बिहटा, कोईलवर, धनुपुरा, धरहरा,अबरपुल,जेल रोड, और शिवगंज में लोगों ने जोरदार स्वागत किया। रोड शो शिवगंज से नवादा, अनाइठ, पकड़ी और स्टेशन होते हुए बाईपास स्थित होटल ग्रांड रिसोर्ट में समाप्त हुआ। दो डॉ रजनीश ने कहा कि उन्हें कुछ अलग करने की चाह ने आज इस मुकाम पर पहुंचाया है। दवाइयों के भरोसे लोग अपना इलाज करा रहे हैं वैसे में मेरी काइरोप्रक्टिक एक देसी और प्राचीन पद्धति है। हमारे पुराने ऋषि-मुनियों ने ये पद्धति विकसित की थी और आज भी दक्षिण भारत में इस पद्धति को लोग अपनाते हैं। ऑस्टियोपैथी और काइरोप्रैक्टर उपचार का एक ऐसा रूप है, जहां हम हर तरफ से इलाज करवाकर निराश हो चुके लोगों का इलाज करते हैं।

### वाणिज्य-कर विभाग के आने से बंद हुई दुकानें

**गड़हनी।** नगर पंचायत गड़हनी में मंगलवार की दोपहर में अचानक दुकानदारों ने वाणिज्य-कर विभाग के अधिकारियों के आने और दुकानों की जांच करने की अफवाह फैल गई। गड़हनी बाज़ार पर एक दो दुकानों को छोड़कर सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानें का शटर गिरा दिया। ये अफ़वाह क़रीब दो घंटो तक चला। जब पता चला कि गड़हनी में कही वाणिज्य- कर विभाग नहीं आया, तब सबने एक-दूसरे को उलटा-सीधा बोलने लगा। बता दें कि 16 जुलाई को वाणिज्य-कर विभाग के टीम ने गड़हनी बाज़ार पर छापेमारी कर क़रीब 25 दुकानदारों को नोटिश दिया था कि एक सप्ताह के अंदर आपलोग जीएसटी नम्बर लेकर दुकान के आगे चिपकाय नही तो 50 हज़ार रुपए तक जुर्माना किया जाएगा। नोटिस के बाद गड़हनी बाज़ार पर कई दुकानदारों ने जीएसटी नम्बर अपने-अपने दुकानों पर चिपका दिया है।

### सड़क दुर्घटना में भोजपुरी व्यास सुरेश राय घायल

**कोईलवर।** आरा-छपरा फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र में 65 वां घाट के समीप सड़क दुर्घटना में भोजपुरी व्यास सुरेश राय गंभीर घायल हो गये। कोई बाइक से जा रहे थे। रास्ते में सामने से आ रही ट्रक के चालक ने अचानक अपना स्टेयरिंग घुमाया, जिससे सुरेश राय बचने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बाइक के साथ सड़क पर गिर पड़े। उनका इलाज कोईलवर अस्पताल में कराया गया।

### 30 तक होगा मैट्रिक के डमी पंजीयन में त्रुटि सुधार

**बक्सर।** अगले वर्ष की मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र -छात्राओं के डमी पंजीयन कार्ड में त्रुटि सुधार 30 जुलाई तक होगा। इस सबंध में बिहार बोर्ड के परीक्षा कंट्रोलर ने अगले वर्ष इंटरमीडिएट व मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों का डमी पंजीयन कार्ड में त्रुटि सुधार कर पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। त्रुटि सुधार कर पोर्टल पर अपलोड कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। जिसके अनुसार 30 जुलाई तक त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि निर्धारित है। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2025 व वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 के लिए पंजीकृत विद्यार्थी का डमी पंजीकरण कार्ड के त्रुटि में सुधार कराते हुए समिति के वेबसाइट पर विद्यार्थी, माता, पिता व अभिभावक के हस्ताक्षरित घोषणा युक्त डमी पंजीकरण कार्ड को समिति के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड कराया जाए।

### गंगा नदी में डूबे किशोर की हुई पहचान

**बक्सर।** शहर के नाथ बाबा मंदिर के समीप सोमवार को गंगा नदी में डूबे किशोर की पहचान हो गई है। पहचान होने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। किशोर शहर के अमला टोली के स्व.राज दशपुरिया का पुत्र रुद्र कुमार था। टाउन थानाध्यक्ष संजय सिन्हा ने बताया कि मामले में मृत किशोर की मां के बयान पर यूडी केस दर्ज कर लिया गया है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 480 लीटर बीयर व स्कॉर्पियो जब्त

**कोईलवर।** पटना-बक्सर फोरलेन पर कायमनगर बाजार पर सब्जी मंडी के पास से मद्य निषेध विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर 480 लीटर बियर शराब किंगफिशर ब्रांड का 960 पीस जब्त किया है। सभी बोतल 500 एमएल का है। मद्य निषेध विभाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कायमनगर सब्जी बाजार के पास स्कॉर्पियो से यूपी से वैशाली की ओर जा रहे स्कॉर्पियो में बियर की तस्करी की जा रही है। मद्य निषेध विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो सहित बियर को जब्त करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तष्कर रजनीश कुमार, ग्राम-नयागांव, वार्ड नंबर-5, थाना -देसरी, जिला-वैशाली का रहने वाला है।

### करंट की चपेट में आने से महिला घायल, गंभीर

**आरा।** मंगलवार को गजराजगंज थाना क्षेत्र के छोटकी सासाराम गांव में करंट के संपर्क में आने से महिला जख्मी हो गई। जख्मी महिला गजराजगंज थाना क्षेत्र के छोटकी सासाराम गांव के निवासी बेबी देवी है जो घुरान यादव की पत्नी है। जख्मी महिला मंगलवार को अपने घर में बिजली के बोर्ड में पंखा के प्लॉक लगा रही थी। उसी समय करंट के संपर्क में आ गई जिसके चलते जख्मी हो गई। जख्मी महिला को इलाज के लिए परिवार के लोगो ने सदर अस्पताल लाया। जहां महिला का इलाज कराया जा रहा है।

### नप में भ्रष्टाचार को लेकर डिप्टी चेयरमैन ने सचिव को लिखा पत्र

**बक्सर।** नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच को लेकर डिप्टी चेयरमैन इशरत बानो ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने दिए गए पत्र में कहा है कि करीब 5 से 6 माह पूर्व बक्सर नगर परिषद द्वारा वर्ष 2023-24 सत्र में लगभग 110 विभागीय कार्य कराया गया है, जिसमें गली-नाली का निर्माण शामिल है। महज छह माह में ही सड़क टूटने लगी है। इतने कम समय में सड़क की ऐसी दशा का सीधा मतलब है कि नगर बक्सर नगर परिषद के वर्ष 2023-24 के विभागीय कार्यों में से अधिकांश कार्यों में सिर्फ खानापूर्ति की गई है। निर्माण कार्य में मजबूती और टिकाऊपन के तय मानकों का ध्यान नहीं रखा गया है। आप इसके पीछे का कारण समझ सकते हैं। उन्होंने आवेदन के साथ साक्ष्य के तौर पर जीपीएस कैमरा द्वारा ली गई तस्वीर भी संलग्न की है। मुख्य सचिव से अपने स्तर से जांच कर उचित कार्रवाई करने की की मांग की है।

### दिवंगत अजय सिंह की याद में श्रद्धांजलि सभा



**कोईलवर।** बियाडा प्रक्षेत्र गीधा आद्योगिक क्षेत्र में दिवंगत उद्यमी अजय सिंह की मृत्यु के उपरांत उद्यमी संघ ने श्रद्धांजलि सभा किया। इस सभा में गीधा औद्योगिक क्षेत्र के सभी उद्यमी उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया एवं परिवार के लिए सहानुभूति प्रकट करते हुए हर संभव सहयोग करने की बात कही। गीधा औद्योगिक विकास संघ के अध्यक्ष शशांक शेखर ने कहा कि अजय सिंह व्यवसाईयों के पक्ष में हमेशा तत्पर रहते थे। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में डॉक्टर एके दुबे, उदय सिंह, भोला, पप्पू, रमेश यादव, गुड्डू, प्रधान गौरी, मनीष समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भोजपुर में 2 ऑटो की सीधी भिड़ंत दवा कराकर लौट रही थी महिला

◆ 3 की हालत नाजुक, 1 पटना रेफर

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के नगर थाना क्षेत्र के अल हफीज कॉलेज के पास मंगलवार को 2 ऑटो की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ऑटो पर दो महिला समेत 4 लोग बुरी तरह घायल हो गए।इसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय लोगों की मदद से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद एक को गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी त्रिभुवन साह की पत्नी चंदा देवी(25), इनका एक साल का बेटा कार्तिक और धोबहां ओपी के हेमतपुर गांव निवासी लसन साह का बेटा रेखा देवी(25) समेत 4 लोग शामिल है। रेखा देवी जख्मी चंदा देवी की रिश्ते में ननद लगती है। घटना की जानकारी देते हुए रेखा देवी ने बताया कि चंदा देवी के हाथों में कई दिनों से दर्द था। इसको लेकर अपने बेटे कार्तिक के साथ आरा में डॉक्टर से इलाज करवाने के लिए आई थी। इलाज करने के बाद दवा लेकर ऑटो से अपने गांव सैदपुर जा रही थी। इसी बीच अल हफीज कॉलेज के पास विपरीत दिशा से आ रहे खाली ऑटो ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इससे ऑटो बेकाबू होकर पलट गई। इस हादसे में 1 साल के मासूम के साथ 4 लोग बुरी तरह घायल हो गए। वहीं, ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि घायल चंदा देवी को काफी गंभीर चोटें आई है। जिनका प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें ऑब्जर्वेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है। जबकि मासूम बच्चे का CT स्कैन कराया गया।

# इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में PM ने बक्सर को दी सौगात

निज संवाददाता। बक्सर



देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज 2024-25 का बजट दोपहर में पेश किया गया। जिसको लेकर बक्सर के भाजपा कार्यालय में खुशी की लहर देखी गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट की भरपूर सराहना करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया है। क्योंकि इस बार के बजट में बक्सर का भी ख्याल रखा गया है। केंद्र द्वारा बक्सर में यूपी बिहार को जोड़ने के लिए गंगा नदी पर दो लेन का पुल और बक्सर से भागलपुर तक एक्सप्रेस-वे का निर्माण होगा। बक्सर में प्रेस वार्ता करते हुए बक्सर से लोक सभा के प्रत्याशी रह चुके मिथलेश तिवारी ने इस बजट को बहुआयामी सोच बताया है। कहा की प्रधानमंत्री ने बिहार को कई बड़ी सौगात दिया है। जिसमें बक्सर वासियों को प्रधानमंत्री ने इतना बड़ा तोहफा दिया है। जिसमें 26 हजार करोड़ रुपए से गंगा नदी पर दो लेन का पुल बनेगा। साथ ही साथ एक्सप्रेस जो बक्सर से भागलपुर को जोड़ते हुए वह बंगाल की तरफ बढ़ेगा। राष्ट्रीय मानचित्र पर बक्सर तेजी से आगे बढ़ता हुआ दिखाई देगा।

इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में प्रधानमंत्री ने बक्सर को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा की देश सौ इंडस्ट्रियल हब में बक्सर के नवानगर को भी चुना गया है। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री ने जो चीज कहा है वह सभी धरती पर दिखाई दे रहा है। वही पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व सांसद अश्विनी चौबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा की मेरे कर्म क्षेत्र बक्सर से मेरे गृह क्षेत्र भागलपुर को एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा की आचार संहिता से पहले ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर गंगा नदी पर अतिरिक्त 2 लेन पुल एवं बक्सर से भागलपुर तक एक्सप्रेस की मांग किया था। जिसे पूर्ण किया गया।

# सड़क हादसे में बुजुर्ग घायल, हड्डियां टूटी-सिर में गंभीर चोट

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में वाहन की टक्कर से एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। इसे दो जगहों से रेफर करने के बाद उसे परिजन वाराणसी ट्रॉमा सेंटर के लिए लेकर निकले है।व्यक्ति के पैर की हड्डियां टूट गई है और सिर में गंभीर चोट लगी है। इससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मुफस्सिल थाना की पुलिस सड़क से घायल को उठा कर अस्पताल पहुंचाने के बाद टक्कर मारकर फरार होने वाले चालक की पहचान करने की कार्रवाई में जुटी हुई है।घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौसा पशुमेला के पास हुई है। कृष्णापूरी के निवासी रामाशंकर सिंह 65 वर्ष रोजाना की तरह घर से टहलने के लिए निकले थे। घर से एक किलोमीटर की दूर बक्सर -रोहतास स्टेट हाइवे पर पहुंचे हुए थे।तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस पर सड़क पर गिर कर वह छटपटाने लगे। पुलिस की गश्ती वाहन ने सड़क से उठाकर पहले चौसा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंचाया। यहां से रेफर करने के बाद पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सदर अस्पताल पहुंचाया। घायल व्यक्ति की पहचान एक घंटे बाद हुई। इसके बौद परिजनों को घटना की सूचना दी गई। परिजन सदर अस्पताल पहुंचे, जहां से रेफर करने पर वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर लेकर गए हुए है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि गश्ती टीम ने सड़क से उठा कर घायल को अस्पताल पहुंचाया।

# अपहरण के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार, हत्या के लिए युवक का हुआ था अपहरण

निज संवाददाता। आरा



आरा टाउन थाना पुलिस ने हत्या की नीयत से अपहरण किए जाने के मामले में एक और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। टाउन थाना के रघु टोला का निवासी है। इसकी जानकारी एसपी प्रमोद कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि टाउन थाना क्षेत्र के शिवगंज दुर्गा मंदिर के समीप से हत्या की नीयत से अगवा किया गया था। पीड़ित गौसगंज निवासी पिंटू यादव है। इस मामले में नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा गांव निवासी बुचुल यादव, चंदवा निवासी सुरज यादव एवं रवि रंजन यादव को गिरफ्तार किया गया था।

**रेलवे स्टेशन से घर जा रहे थे:** एक देसी पिस्तौल व दो कारतूस बरामद किया गया था। एक बाइक जब्त की गई थी। गौसगंज निवासी रामेश्वर यादव के पुत्र पिंटू कुमार उर्फ ढेंगन रविवार की रात करीब 9.45 बजे बाइक पर सवार होकर रेलवे स्टेशन से घर जा रहे थे कि शिवगंज दुर्गा मंदिर के समीप से पिस्तौल के बल पर अगवा किया गया था। बाद में पुलिस ने सूचना मिलने पर छापेमारी कर कांड में संलिप्त मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

**अवैध हथियार के साथ एक बदमाश गिरफ्तार:** धोबहा थाना क्षेत्र के हेमतपुर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध हथियार व कारतूस समेत एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया राकेश कुमार सिंह उर्फ झूरी सिंह हेमतपुर गांव का निवासी है। इसे लेकर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। उसका पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। धोबहा थाना में पहले से हत्या के प्रयास, रंगदारी व आर्म्स एक्ट समेत कुल छह केस है।

**क्या बोले एसपी:** इधर,एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हेमतपुर गांव में एक बदमाश अवैध हथियार लेकर घूम रहा है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इस दौरान प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अपूर्वा कुमारी के नेतृत्व में दारोगा संजीव कुमार एवं प्रशिक्षु दारोगा अभिषेक कुमार ने सशस्त्र बलों के सहयोग से हेमतपुर गांव में छापेमारी की। पुलिस के पहुंचने के बाद वह भागने लगा। जिसे पुलिस बल की मदद से धर दबोचा।

# बाढ़ की आशंका को लेकर बक्सर में तैयारी तेज, पशुओं को लिए सुरक्षित स्थल कोइलवर तटबंध को किया गया चयनित

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में लगातार गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी को देखते हुए बाढ़ की आशंका से दियारा क्षेत्र के लोग में अभी से पूर्व के दिनों को याद कर दहशत का माहौल है। दूसरी तरफ जिला प्रशासन भी इस परिस्थिति से निपटने के लिए पहले से तैयारी में जुट गया है। कोइलवर तटबंध को मजबूत करने के साथ ही बाढ़ क्षेत्र में तैनात किए जाने वाले नाव का निबंधन, पशुओं के लिए चारा और इनके लिए सुरक्षित स्थल का चयन करने का कार्य जारी है। डुमरांव अनुमंडल के एसडीओ राकेश कुमार लगातार उस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से बात कर बेहतर से बेहतर व्यवस्था के लिए जनप्रतिनिधियों से सुझाव मांग रहे हैं। एसडीएम राकेश कुमार ने कहा कि संभावित बाढ़ को देखते हुए गंगौली, राजापुर, नियाज़ीपुर, बड़का राजपुर, छोटका राजपुर के साथ केशोपुर में राहत कैंप बनाया जाएगा। इन्हीं पांच राहत कैंपों के पास चिकित्सा कैंप स्थापित किया जाएगा। डॉक्टर के साथ एएनएम की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। ताकि सामान्य बीमारियों से लेकर आपातकालीन स्थिति में चिकित्सा की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। राहत कैंप के आसपास सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगा। पशुओं के चारे की व्यवस्था के साथ उनके आश्रय स्थल के रूप में कोईलवर तटबंध को चिह्नित किया गया। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए बीस नाव के साथ बीस गोताखोर की तैनाती बाढ़ प्रभावित स्थलों पर किया जाएगा। बता दें कि बक्सर में गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु पर पहुंचती है तो सबसे ज्यादा तबाही जिले के श्रीकांत राय का घर, बेनीलाल का घर, टेकमांन का घर, लाल सिंह का घर सूचित का घर सहित अधिकांश गांव पानी से घिर जाता है। हालांकि केंद्रीय जल आयोग से मिली रिपोर्ट के अनुसार नदी का जलस्तर 10 दिन से लगातार बढ़ने के बाद बुधवार को स्थिर पाया गया है।आज गंगा नदी का जलस्तर 53.42 मीटर पर स्थिर पाया गया है।इसलिए चिंता की अभी कोई बात नही है।चेतवानी बिंदु से नदी का जलस्तर 5.48 मीटर नीचे है।

# सांप के डसने से युवक की हालत बिगड़ी

निज संवाददाता। आरा

दोस्तों के साथ स्कूल कैंपस में बात कर रहा था

भोजपुर जिले के बदरा थाना क्षेत्र के सबलपुर गांव में मंगलवार को दोस्तों से बात कर रहे एक युवक को विषैले सांप ने डस लिया। इसके बाद युवक की तबीयत बिगड़ने लगी। फिर परिजनों ने विष निकालने के लिए युवक के पैर की उंगली को ब्लेड से काट दिया। इसके बाद परिजनों द्वारा स्कूल की सीढ़ी को तोड़कर सांप को ढूंढ निकाला। उसे जिंदा डिब्बे में डालकर अस्पताल ले आए। युवक बड़हरा थाना क्षेत्र के सबलपुर गांव निवासी देव कुमार साह के 30 वर्षीय पुत्र राजाराम साह है। घटना की जानकारी देते हुए युवक के चचेरे भाई गुरुदेव राय राजभर ने बताया कि राजाराम अपने तीन दोस्तों के साथ गांव के मध्य विद्यालय के सीढ़ी के समीप खड़े होकर आपस में बात कर रहे थे। तभी सीढ़ी के अंदर छिपे विषैले सांप ने निकाल कर उसके पैर में डस लिया । इसके बाद वहां मौजूद दोस्तों ने पहले विष निकालने के लिए युवक के पैर को हल्के ब्लेड से काट दिया । इसके बाद दोस्तों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर के बिल में छिपे सांप को बाहर निकाला। उसे डब्बे में डालकर डॉक्टर को दिखाने के लिए युवक के साथ अस्पताल पहुंच गए। आरा सदर अस्पताल के इमरजेंसी के ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने ने बताया कि युवक की स्थिति काफी गंभीर थी। प्राथमिक उपचार कर दिया है। ऑब्जर्वेशन में रखकर युवक का इलाज किया जा रहा है।

# डायरिया उन्मूलन अभियान शुरू, 22 सितंबर तक चलेगा

निज संवाददाता। बक्सर



जिले में डायरिया से होने वाले बच्चों की मौत के मामले को कम करने के लिए सरकार और स्वास्थ्य विभाग संकल्पित है। इस क्रम में जिले में 23 जुलाई से डायरिया कैंपेन (दस्त की रोकथाम अभियान)- 2024 की शुरुआत की गई। यह से लेकर 22 सितंबर तक चलेगा। जिसके लिए जिला मुख्यालय स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी डीएम सह डीडीसी डॉ महेंद्र पाल ने पांच वर्ष से कम बच्चों को ओआरएस का घोल पिलाकर अभियान की शुरुआत की। साथ ही, इस दौरान यूपीएचसी में उपस्थित लोगों और लाभुकों को जीएनएम की छात्राओं के द्वारा ओआरएस का घोल तैयार करने के साथ साथ हाथों की अच्छे से सफाई करने की विधि भी बताई गई। ताकि, लोग उन विधियों का अनुसरण कर स्वयं के साथ अपने परिजनों को डायरिया की चपेट में आने से बचा सकें। इस क्रम में प्रभारी डीएम सह डीडीसी ने कहा कि सरकार लोगों विशेषकर बच्चों को डायरिया से बचाने के लिए घर घर ओआरएस के पैकेट का वितरण करा रही है। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि सुदूर ग्रामीण इलाकों में लोगों को ओआरएस के पैकेट नहीं मिल पाते। ऐसी स्थिति में वो अपने घर में ओआरएस का घोल तैयार कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें चीनी व नमक को पानी में अच्छे से घोलना होगा। जिसका इस्तेमाल हमारे पूर्वज कई सदियों से कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ओआरएस को जीवन रक्षक घोल भी कहते हैं। जिसका प्रमाण हमें हाल ही में संपन्न संसदीय चुनाव के दौरान देखने को मिला। इस दौरान गर्मी के कारण कई लोगों की तबियत बिगड़ी। लेकिन ऐसी स्थिति में भी अधिकारियों से लेकर कर्मियों तक सभी ने ओआरएस का सेवन किया। जिसके कारण उनका जीवन बच सका। डायरिया से बचाव के लिए साफ-सफाई जरूरी प्रभारी जिला पदाधिकारी डॉ. महेंद्र पाल ने बताया कि डायरिया एक संक्रामक बीमारी है। जहां कहीं भी गंदगी होती है वहां इसके कीटाणुओं का वास रहता है। इसके साथ सफाई नहीं रहने के कारण भी इस यह बीमारी तेजी से फैलता है। जिसमें कई जानें भी चली जाती है। इस बीमारी में दस्त अधिक होता है। इसके साथ उल्टी भी होती है। धीरे-धीरे शरीर से पानी कम होता जाता है। इसलिए इसमें सावधानी बरतना जरूर है। डायरिया से बचने के लिए स्वच्छता जरूरी है। गर्मी या किसी भी मौसम में बासी खाना नहीं खाएं। पानी व भोजन सामग्री को ढंक कर रखें। जहां खाना बनता हो वहां सफाई रखें। जिससे वहां इसके कीड़े पनप नहीं सके। खाना परोसने से पूर्व अच्छी तरह हाथ को साबुन से साफ कर लें। खाना खाने वाले भी भोजन से पूर्व हाथों की सफाई कर लें। डायरिया हो जाने पर घबराना नहीं चाहिए। अपने घर पर एक चुटकी नमक, एक चम्मच चीनी को एक ग्लास पानी में घोल कर पीड़ित को पानी पिलाते रहें। ताकि उनके शरीर में पानी की सामान्य मात्रा बनी रहे। दस्त की रोकथाम के बताए जाएंगे उपाय जिले के 0 से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को ओआरएस पैकेट्स का वितरण करते हुए अभियान के दौरान दस्त से ग्रसित बच्चों को फ्रंटलाइन वर्कर्स के माध्यम से जिंक की गोलियां उपलब्ध कराई जाएगी। जिसका उपयोग करते हुए संबंधित बच्चे डायरिया बीमारी ग्रसित होने से सुरक्षित रह सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान अन्तर्विभागीय समन्वय द्वारा संबंधित लोगों को दस्त के रोकथाम के उपायों, दस्त होने पर ओआरएस एवं जिंक के प्रयोग की समझ विकसित करते हुए दस्त के दौरान उचित पोषण तथा समुचित इलाज उपलब्ध कराई जाएगी। ताकि संबंधित बच्चों को डायरिया ग्रसित होने से सुरक्षित किया जा सके। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मिथिलेश कुमार सिंह, यूनिसेफ के एसएमसी कुमुद मिश्रा, यूएनडीपी के कोल्ड चेन मैनेजर मनीष कुमार सिन्हा, सदर प्रखंड के स्वास्थ्य प्रबंधक प्रिंस कुमार सिंह, सदर प्रखंड के बीएमएनई रवि श्रीवास्तव, चंदन कुमार, दीपक कुमार, जीएनएम ममता कुमारी, संध्या कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला से सोने का चेन छीना, दो गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** गुरुआ थाने की पुलिस ने एक महिला से सोने की चेन छिनने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। सोमवार को गुरारु थाने के बहेरा गांव की एक महिला सुजल देवी अपने पति के साथ बाइक से जा रही थी। इसी बीच रघुनाथखाप गांव के पास बाइक पर सवार दो युवकों ने झपट्टा मार कर महिला के गले से सोने की चेन छीन लिया। घटना की सूचना मिलते ही गुरुआ थाने की पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मो. सरफराज इमाम ने बताया कि गिरफ्तार एक युवक रामपुर थाना के ग्रेवाल बिगहा का विकाश कुमार वही दूसरा करीमगंज के मो. अरमान है। गिरफ्तार युवकों के पास से छीनी गई सोने का चैन बरामद कर ली गई। दोनों को जेल भेज दिया गया।

### माह में दो बार संयुक्त टीम करे ओवरलोड वाहनों की जांच

**भागलपुर, एजेंसी।** प्रमंडलीय आयुक्त दिनेश कुमार की अध्यक्षता में खनिजों का अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण तथा ओवरलोड वाहनों के परिचालन आदि से संबंधित समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में भागलपुर व बांका के डीटीओ व एमडीओ मौजूद रहे। दोनों जिलों के पदाधिकारियों को संयुक्त टीम गठित कर प्रत्येक माह में कम से कम दो बार अभियान चलाकर औचक निरीक्षण कर ओवरलोड वाहनों एवं अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिसकी समीक्षा अगली बैठक में की जाएगी। आयुक्त ने सभी अनीलामित बालूघाटों की नीलामी अगस्त तक पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया।

**सीमावर्ती इलाके के चेक पोस्टों पर नियमित जांच हो :** आयुक्त ने कहा, ईंट-भट्ठों के उपयोग की जमीन के मालिकों के साथ किए गये एग्रीमेंन्ट की वैधता एवं वाणिज्यिक गतिविधियों की जांच करें। इसकी समीक्षा अगली बैठक में की जाएगी। साथ ही दोनों जिलों के खनिज विकास पदाधिकारियों को जिले के सीमावर्ती इलाके के चेक पोस्टों पर औचक निरीक्षण की संख्या में वृद्धि करने एवं नियमित जांच का दायरा बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

### अभाविप ने कला व खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को किया सम्मानित

**छपरा, एजेंसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने 76वें स्थापना दिवस व राष्ट्रीय छात्र दिवस के मौके पर प्रेक्षागृह में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर कला व खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर अभाविप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ पूनम सिंह, नगर अध्यक्ष प्रो.जया पांडे ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संपर्क प्रमुख अवध किशोर मिश्रा, उप महापौर रागिनी कुमारी , ई अजीत कुमार ने संयुक्त रूप से किया । डॉ.पूनम सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से छात्र हित , समाज हित, राष्ट्रहित के मुद्दों को लेकर अग्रणी रहने वाला एकमात्र छात्र संगठन है। प्रतिभा सम्मान समारोह में कला ,खेल , शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया व वही पीछले दिनों अपने स्थापना के वर्षगांठ पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन राष्ट्रीय कला मंच के द्वारा किया गया था । इसमें अव्वल स्थान प्राप्त करने वालों छात्रों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया छात्रों के द्वारा नृत्य प्रदर्शन गायकी,भाषण, कविता सुनाया गया। मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री पुरूषोत्तम कुमार,जिला संयोजक निरज यादव आशीष कुमार ,सोनम कुमारी ,अर्पित कुमार ,राजन सिंह ,सचिन कुमार चौरसिया अंकित राज, अजीत कुमार, कुंदन कुमार, प्रवीण प्रभाकर रॉबिंस राज, धीरज कुमार, शिवम कुमार रितेश प्रकाश धनंजय कुमार गोलू, रजनीश सुधाकर अभिषेक कुमार ,विवेक कुमार, आर्यण कुमार, कविता कुमारी, प्रीति कुमारी, रानी कुमारी, प्रियंका रानी व अन्य मौजूद थे।

# अरवल के मेहंदिया में रिटायर्ड शिक्षक ने अपनी पत्नी की हत्या कर शव के 12 टुकड़े किए

## अवैध संबंध का था शक, मीट शॉप की तरह लकड़ी पर रखकर शव को काटा

**अरवल, एजेंसी।** अरवल के मेहंदिया में एक रिटायर्ड शिक्षक ने अपनी पत्नी की हत्या कर शव के 12 टुकड़े कर दिए। हत्या करने के तरीके को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, पुलिस की पूछताछ में आरोपी पति बीरबल प्रसाद (76) ने अपनी पत्नी सुमंती सिन्हा (70) की हत्या किए जाने के पीछे अवैध संबंध को वजह बताया है। उसने मीट शॉप की तरह लकड़ी पर रखकर पत्नी के शव के टुकड़े-टुकड़े किए। आसपास के लोगों ने बताया कि मृतका सुमंती सिन्हा, बीरबल की दूसरी पत्नी थी। पहली पत्नी की 1989 में घर में आग लगने के कारण मौत हो गई थी। उस वक्त बीरबल फूस के घर में रहते थे। घटना मेहंदिया स्थित जमुहारी में सोमवार को हुई। हत्या के बाद पुलिस ने आरोपी रिटायर्ड शिक्षक को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। शव को 12 टुकड़ों में काटने के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, बुजुर्ग शादी के बाद से ही अपनी पत्नी पर अवैध संबंध को लेकर शक था। परिवार की वजह से शादी के वक्त उसने ऐसा कुछ भी नहीं किया। लेकिन, 2021 से वो अपनी पत्नी को मारने की प्लानिंग कर रहा था। आरोपी ने सोमवार की दोपहर ही गड़ासा में धार भी लगवाया था।

### मोटी लकड़ी पर रख शव को काटा

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पत्नी के ब्रेस्ट के साथ पैर की अंगुली को भी सही सलामत नहीं छोड़ा। आरोपी ने बंद कमरे में वारदात को अंजाम दिया। घटना से पहले आरोपी मोटी लकड़ी और गड़ासा कमरे में ले गया। इसके बाद पत्नी के शव



को लकड़ी पर रखकर टुकड़े-टुकड़े किए। मौके पर शव के टुकड़े देखकर पुलिस के भी होश उड़ गए। फॉरेंसिक जांच के लिए एफएसएल की टीम बुलाई गई। इसके बाद शव के टुकड़े को इकट्ठा किया गया। घर के अलग-अलग कोने में शव के टुकड़े फेंके गए थे। पुलिस ने 12 टुकड़े को इकट्ठा किया।

### पुलिस की इस थ्योरी पर सवाल

हालांकि, पुलिस की इस थ्योरी पर सवाल भी उठ रहे हैं। अगर बीरबल को अपनी पत्नी पर शक था और उसकी हत्या करना चाहता था तो इतने सालों तक वो इंतजार क्यों कर रहा था। जबकि, पति-पत्नी अकेले ही इस घर में रहते थे। जब हत्या की तो इतनी दरिंदगी से।

### पुलिस ने घर को सील कर दिया

आरोपी रिटायर्ड शिक्षक बीरबल प्रसाद के घर को पुलिस ने सील कर दिया है। वहीं, इसी घर के पीछे उनकी बहू का घर है। पर वो भी घर बंद कर बच्चों को लेकर कहीं चली गई हैं। घटना के बाद बहू ने ही खून देखने के बाद आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस को खबर की गई।

### आरोपी के चार बेटे हैं, लेकिन किसी से बात नहीं होती थी

डीएसपी कृति कमल ने बताया कि बीरबल के चार बेटे हैं। पहली पत्नी से एक और दूसरी पत्नी से तीन बेटे और एक बेटी। बड़ा बेटा पप्पू कुमार इंजीनियर है। दूसरे बेटा मंटू कुमार पटना में रह कर ऑटो चलाता है। तीसरा बेटा संटु कुमार बीएसएफ में तैनात हैं। वहीं, चौथा बेटा राहुल कुमार शिक्षक है। आरोपी की एक बेटी भी है वो टीचर है। आरोपी की किसी बेटे से बात नहीं होती थी। बेटों से बात नहीं होने से अकेलापन होने के कारण भी इस घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मौके से हत्या में प्रयुक्त हथियार भी जब्त कर लिया है। बीरबल को 50 हजार रुपए पेंशन मिलते हैं। करीब चार लाख रुपए का उनके ऊपर कर्ज भी है। वो कभी-कभार पत्नी से झगड़ा भी करते थे। पता नहीं सोमवार को ऐसा क्या हुआ कि पत्नी को बीरबल ने दरिंदगी से मार डाला।

# पुरानी घोषणाओं की रीपैकेजिंग कर विशेष सौगात का नाम दे दिया: तेजस्वी यादव

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के बजट में बिहार के लिए की गई घोषणाओं को पुरानी बताया। उन्होंने कहा कि पुरानी घोषणाओं की रीपैकेजिंग कर इसे विशेष पैकेज और विशेष सौगात का नाम दे दिया गया है। इस तरह बिहार वासियों की आंखों में धूल झोंकी जा रही है। तेजस्वी ने दावा किया कि पटना-पूर्णिया एवं बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे, पुल, महाबोधि कॉरिडोर समेत कई प्रोजेक्ट्स उनके कार्यकाल (महागठबंधन सरकार) के दौरान ही मंजूर हो गए थे। बजट 2024 में इन्हीं का फिर से जिक्र कर दिया गया।

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के लिए 1.65 लाख करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की घोषणा की थी। मगर 9 साल बाद भी बिहार को कुछ नहीं मिला। यह बात वह नहीं बल्कि खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी कई बार स्वीकार कर चुके हैं। तेजस्वी ने कहा कि जैसे वो घोषणा थी वैसे ही अभी की घोषणा है। उन्होंने बीजेपी को जुमला पार्टी करार दिया और कहा कि यह पुरानी योजनाओं को नया बताने की अपनी विशेष विशेषज्ञता का विशिष्ट प्रदर्शन कर जनता को



फिर एक बार भ्रमित कर रही है। 2014 में पीएम मोदी ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का वादा किया था, उसका क्या हुआ

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए केंद्रीय बजट को बिहार के लिए निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि बिहार को प्रगति पथ पर ले जाने के लिए एक रिवाइवल प्लान की जरूरत थी। इसके लिए विशेष राज्य के दर्जे के साथ विशेष पैकेज की सख्त जरूरत है। रूटीन आवंटन और पूर्व में स्वीकृत योजनाओं को नई सौगात बताकर बिहार का अपमान किया गया है।

# नगर निकायों में गुटबाजी पर नीतीश सरकार की लगाम

## महापौर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का नियम खत्म

**पटना, एजेंसी।** बिहार के नगर निकायों में मुख्य पार्षद (महापौर) और उप मुख्य पार्षद (उपमहापौर) अब पांच साल तक काम कर सकेंगे। दो साल के अंतराल पर लाया जाने वाला अविश्वास प्रस्ताव अब इनके खिलाफ नहीं लाया जा सकेगा। महापौर एवं उपमहापौर को पांच साल तक बनाए रखने के लिए बिहार नगरपालिका संशोधन विधेयक-2024 सोमवार को विधानसभा से पारित हो गया। विधेयक पेश करते हुए नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद का निर्वाचन प्रत्यक्ष कानूनी तौर पर हो रहा है। ऐसे में इनके खिलाफ लाया जाने वाले अविश्वास प्रस्ताव को खत्म करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष निर्वाचन के कारण ही बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 में संशोधन किया गया है। बता



दें कि अब तक नियम था कि वार्ड पार्षद नगर निकायों के मुख्य पार्षद या महापौर के खिलाफ निर्वाचन के दो साल के बाद अविश्वास प्रस्ताव ला सकते हैं। उसके बाद फिर से एक-एक साल के अंतराल में यह प्रस्ताव लाने का प्रावधान था। इससे निर्वाचित पार्षदों के बीच गुटबाजी और अनुचित दबाव के कारण नगरपालिकाओं के विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित मुख्य पार्षद या उप मुख्य पार्षद के विरुद्ध वार्ड पार्षदों की ओर से अविश्वास प्रस्ताव लाया जाना प्रासंगिक नहीं है। मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि नगरपालिकाओं एवं उसकी समिति की बैठक से संबंधित प्रावधानों में स्पष्टता नहीं है। इस कारण बैठकों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। विधेयक पारित होने के बाद अब राज्य सरकार के नियम या निर्देश के खिलाफ प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा। सरकार का निर्णय ही अंतिम होगा। नगरपालिकाओं एवं उसकी समिति की बैठक के कार्यवृत्त एक सप्ताह में निर्गत कर दिया जाएगा। संपत्ति कर का निबटारा अब तेजी से होगा। साथ ही नगरपालिका स्तर पर विनियम बनाने में भी सुविधा होगी।

# तालाब में डूबने से 14 साल के किशोर की मौत

### कैमूर के रामगढ़ थाना क्षेत्र की घटना, नहाने के दौरान हुआ हादसा

**कैमूर, एजेंसी।** कैमूर के रामगढ़ थाना क्षेत्र के सिझूआ गांव में तालाब में नहाने के दौरान डूबने से 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। तालाब से कुछ दूर पर काम कर रहे लोगों ने किशोर को डूबते देखा तो तालाब के पास पहुंचकर उसको बाहर निकाला। परिजनों को सूचना देते हुए रेफरल अस्पताल रामगढ़ में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची रामगढ़ पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृत बच्चे की पहचान रामगढ़ थाना क्षेत्र के सीझूआ गांव निवासी रामप्रवेश बिंद का 14 साल का बेटा संदीप कुमार के रूप में की गई। अक्षय लाल बिंद ने कहा कि तालाब में नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने से उसकी मौत हो गई।



# 70 वर्षीय बुजुर्ग की 25 साल की लड़की से शादी

**गया, एजेंसी।** गया में 70 साल के बुजुर्ग ने 25 वर्ष की लड़की से शादी की है। बुजुर्ग के दो बच्चे हैं। पत्नी की मौत चार साल पहले हो गई थी। बुजुर्ग बैदा गांव निवासी मोहम्मद कली मुल्लाह नूरानी हैं, जो खुद 70 के हैं पर वे अपनी उम्र 50 साल का बता रहे हैं। वहीं, दुल्हन आमस प्रखण्ड हमजापुर के इस्लामनगर निवासी रेशमा परवीन हैं। नूरानी का कहना है कि घर में बहुत परेशानी है, इसलिए इस उम्र में शादी की है। घर में कोई काम करने वाला नहीं है। वहीं, दुल्हन से शादी के बारे में पूछा गया तो उसने कहा वो इस विवाह से खुश है।

### शादी में नहीं था बैंड-बाजा

शादी में कोई बैंड-बाजा नहीं था। कार से दूल्हा अपनी दुल्हन को ले गया। शादी को लेकर किसी ने कोई आपत्ति नहीं जताई है। विवाह भरी महफिल में हुआ है। जिसमें महिलाओं की भीड़ रही। अपनी शादी को लेकर दूल्हा कुछ भी बोलने से कतरा रहा था। इस उम्र में शादी के सवाल पर चिढ़ रहा था। नूरानी किसान हैं। पत्नी की मौत के बाद वे अकेले पड़ गए थे। नूरानी के दोनों बेटों की भी शादी हो चुकी है। दोनों बाहर काम करते हैं।

# सीएसपी संचालक से 6 लाख रूपए की लूट:अररिया फारबिसगंज-रानीगंज एनएच-77 पर वारदात

## घटना को अंजाम देकर बदमाश फरार

**अररिया, एजेंसी।** अररिया के फारबिसगंज-रानीगंज मार्ग एसएच-77 पर लुटिया पुल के समीप मंगलार की शाम दो बाइक सवार चार हथियारबंद बदमाशों ने सीएसपी संचालक के कर्मी से 6 लाख रुपया की लूट की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार फारबिसगंज प्रखंड के सैफगंज वार्ड संख्या-6 निवासी व पीएनबी बैंक के सीएसपी संचालक मिंटू साह के कर्मी सैफगंज वार्ड संख्या-2 निवासी अखिलेश कुमार ठाकुर सैफगंज से पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य शाखा फारबिसगंज पहुंचे। बैंक से 5 लाख 94 हजार रुपया की निकासी कर वह रूपए को बैग में रख कर बाइक पर सवार होकर सैफगंज अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में सीएसपी संचालक कर्मी जैसे ही लुटिया पुल के समीप पहुंचे थे कि दो बाइक पर सवार चार हथियारबंद बदमाश ने उनके बाइक को ओवर टेक कर रोका।

### राशि से भरा बैग व मोबाइल फोन लूट कर बदमाश फरार

बदमाश हथियार दिखा कर गाली गलौज करते हुए राशि से भरा बैग व मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। पीड़ित सीएसपी संचालक कर्मी के अनुसार बैग में लगभग 6 लाख रुपया व आवश्यक कागजात था।

बताया जाता है कि लूट की घटना घटित होने के बाद पीड़ित ने सीएसपी संचालक मिंटू कुमार साह को घटना की जानकारी दी, इसके बाद सीएसपी संचालक ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा, थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह



सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए। पीड़ित कर्मी से लूट की घटना के संदर्भ में जानकारी ली। आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए मामले की जांच जारी है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। वहीं, मामले को लेकर फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने कहा कि लूट की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होगा।

# पीरपैंती पावर प्लांट से आत्मनिर्भर बनेगा बिहार, खुले बाजार से नहीं खरीदनी पड़ेगी बिजली



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर जिले के पीरपैंती में बनने वाला सुपर थर्मल पावर प्लांट बिहार की भविष्य की बिजली की जरूरतों को पूरा करेगा। 800 मेगावाट की तीन इकाई के निर्माण होने से पीरपैंती में 2400 मेगावाट बिजली उत्पादित होगी। बिहार में आए दिन नए कल-कारखाने लग रहे हैं।

अभी हर साल 600 मेगावाट बिजली खपत में बढ़ोतरी हो रही है। पीरपैंती पावर प्लांट के बनने से इस खपत को पूरा करने में मदद मिलेगी। बिहार सरकार को खुले बाजार या निजी कंपनियों से बिजली लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यानी कि बिजली के मामले में बिहार आत्मनिर्भर बन जाएगा। दरअसल बक्सर के चौसा, लखीसराय के कजरा और भागलपुर के पीरपैंती में 660 मेगावाट की दो-दो यूनिट का निर्माण होना था। 14 साल पहले बनी इस योजना के तहत चौसा पावर प्लांट का काम शुरू हो गया। मगर लखीसराय के कजरा और भागलपुर के पीरपैंती में 660 मेगावाट की दो-दो यूनिट बिजली घर बनाने का मामला फंस गया। तय हुआ कि कजरा एवं पीरपैंती में सोलर पावर प्लांट बनाया जाएगा।

कजरा में 150 मेगावाट सोलर बिजली पर काम शुरू हो गया लेकिन पीरपैंती में हुए आकलन में पाया गया कि हरा-भरा क्षेत्र अधिक होने के कारण मात्र 50 मेगावाट ही सोलर बिजली उत्पादित हो सकती है। इस कारण ऊर्जा विभाग ने तय किया कि पीरपैंती में थर्मल बिजली घर का निर्माण कराया जाएगा।

इसी बीच पीरपैंती में ताप विद्युत केंद्र की स्थापना करने के लिए कोल इंडिया की ओर से बिहार को प्रस्ताव दिया गया। इसके बाद ऊर्जा विभाग ने कोयला मंत्रालय को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि इस दिशा में काम करने की स्वीकृति प्रदान करे। पीरपैंती में 1020.60 एकड़ भूमि पहले से अधिग्रहित है, इसलिए यहां पावर प्लांट बनाने में कोई परेशानी नहीं होगी। बजट में घोषणा होने के बाद अब यहां आसानी से बिजली घर का काम शुरू हो जाएगा। पीरपैंती में बनने वाला बिजली घर उन्नत तकनीक पर आधारित होगा।

### बिहार के विकास में नया अध्याय जुड़ेगा : ऊर्जा मंत्री

राज्य के ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने मंगलवार को कहा कि वित्त मंत्री की घोषणा से बिहार के विकास में एक नया अध्याय जुड़ेगा। केंद्र सरकार ने अपने बजट में इस परियोजना के लिए 21,400 करोड़ की मंजूरी दी है। इससे पता चलता है कि बिहार के विकास को लेकर केंद्र सरकार कितनी गंभीर है। बिहार में उद्योग धंधों के विकास के लिए यह काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। इस परियोजना से राज्य में अगले 15-20 वर्षों तक बिजली की आवश्यकता पूरी होती रहेगी।

उन्होंने कहा कि बिहार द्वारा प्रस्तावित इस पावर प्लांट का कुल बजट 20,000 करोड़ था जिसे बढ़ाकर 21,400 करोड़ कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक बिहार में अभी 7000 मेगावाट बिजली की आपूर्ति हो रही है। पीक आवर में यह मांग बढ़कर 7600 मेगावाट हो जाती है। पीरपैंती बिजली घर बनने से 2400 मेगावाट की जरूरत पूरी हो सकेगी। इससे बाजार से बिजली खरीदने पर निर्भरता कम होगी। हालांकि, अनुमान के मुताबिक अगले 10 साल के भीतर राज्य में बिजली की मांग बढ़कर 14 हजार मेगावाट हो जाएगी।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# परदे के पीछे का सच

देश में हर साल होने वाली नाबालिग लड़कियों की शादी पर हाल में आई रिपोर्ट न केवल हैरान करती है बल्कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेने और इस पर नए सिरे से काम करने की जरूरत भी रेखांकित करती है। अगर आजादी के आठवें दशक में भी देश में हर मिनट तीन नाबालिग लड़कियों की शादी हो रही है, तो यह स्थिति स्वीकार करने लायक नहीं हो सकती। कड़वी सचाई है, ये आंकड़े चुभने स्वाभाविक हैं। लेकिन ज्यादा चिंता की बात यह है कि हमने जाने-अनजाने इस सचाई पर परदा पड़े रहने का इंतजाम कर दिया था। चाहे नैशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट हो या समय-समय पर सरकार की ओर से जारी किए जाने वाले अन्य आंकड़े, कोई भी ठीक-ठीक यह नहीं बताता कि हर साल कितनी नाबालिग लड़कियों को गैरकानूनी ढंग से शादी के बंधन में डाल दिया जाता है। ऐसा भी नहीं कि ये आंकड़े इस मामले में पूरी तरह चुप्पी बनाए रखते हैं। मिसाल के तौर पर एनसीआरबी की बात करें तो यह 2018 से 2022 के बीच 3,863 नाबालिग शादी दर्ज होने की सूचना देता है। यह संख्या हकीकत से कितनी दूर है इसका अहसास तब हुआ जब सिविल सोसाइटी संगठनों के नेटवर्क 'चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' से जुड़ी रिसर्च टीम 'इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन' ने 2011 की जनगणना से जुड़े आंकड़ों के साथ एनसीआरबी और नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 (2019-21) की सूचनाओं को मिलाकर उनका विश्लेषण किया। इसकी रिपोर्ट के मुताबिक हर साल 16 लाख नाबालिग लड़कियों की शादी हो रही है। यह स्थिति तब है जब भारत में 1929 में ही नाबालिग शादी को प्रतिबंधित किया जा चुका है। जाहिर है, कानून अपनी जगह रहा और समाज अपने ढंग से चलता रहा। हालांकि इस आधार पर कानूनी व्यवस्थाओं को निरर्थक नहीं करार दिया जा सकता। इसका उदाहरण असम है, जहां इसी रिपोर्ट के मुताबिक हालात में आश्चर्यजनक सुधार लाए जा चुके हैं। वहां 2021-22 में हुई नाबालिग लड़कियों की शादी की संख्या 3,225 थी, जो 2023-24 में घटकर 627 हो गई। यह कामयाबी कानून को सख्ती से लागू करने का परिणाम है। असम की कामयाबी का मतलब यह नहीं कि हर मामले में समाज को कानून के डंडे से हांका जा सकता है या हांका जाना चाहिए।

# भाजपा को इस भंवर से निकलना होगा

*भाजपा के पास पिछले 10 सालों में हुए तमाम लोक-कल्याण के काम गिनाने को हैं। लोक-लुभावन नेता और ये कार्य इस लड़खड़ाहट को सम्हालने के लिए काफी हैं। बस पार्टी को निरर्थक बयानवीरों की बोलती बंद करने के साथ अपने संदेशों पर नई सान चढ़ानी होगी।*

**(शशि शेखर)**

ऐसा लगता है, जैसे भारतीय जनता पार्टी की इस्पाती सतह के भीतर कुछ खदबदा रहा है। कभी किसी केंद्रीय मंत्री के बयान पर चर्चाओं का बवंडर उठ आता है, तो कभी किसी उप-मुख्यमंत्री का कथन सुर्खियां बन जाता है। क्या भारतीय जनता पार्टी का अनुशासन एक ऐसा तिलिस्म था, जो उम्मीद के मुताबिक जीत के अभाव में उघड़ने लगा है? इस प्रश्न का उत्तर पाने के लिए पहले मौजूदा उथल-पुथल पर नजर डाल लेते हैं। जिन राज्यों में इस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को झटका लगा, उनमें उत्तर प्रदेश अव्वल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद वाराणसी से चुनाव लड़ते हैं। उनके डिप्टी राजनाथ सिंह लखनऊ से चुने जाते हैं। सबसे काबिल मुख्यमंत्रियों में जिनकी गणना होती है, वह योगी आदित्यनाथ वहां के मुख्यमंत्री हैं। इससे पहले के दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने वहां से क्रमशः 71 और 62 सीटें जीती थीं। ऐसे में, 29 सीटों का नुकसान पार्टी को हिला गया। अगर भाजपा को पिछले चुनाव के बराबर सीटें मिल गई होतीं, तो उसे रह बची तीन सीट जुटाकर लोकसभा में बहुमत हासिल करने में कोई खास दिक्कत नहीं पेश आती। जाहिर है, पार्टी को गंभीर मंथन की जरूरत है, पर भाजपा के तमाम नेता एक-दूसरे पर कीचड़ उछालने में व्यस्त हैं। जो भूल गए हैं, उन्हें याद दिला दूं, अटल बिहारी वाजपेयी के वक्त में कल्याण सिंह को लेकर ऐसी ही चर्चाएं हुई थीं। कल्याण सिंह का जो नुकसान हुआ, वह अपनी जगह है, पर अगली बार विधानसभा में भाजपा औंधे मुंह जा पड़ी थी। यही नहीं, उसके दो साल बाद अटल जी को भी सत्ता गंवानी पड़ी थी। केंद्र की हुकूमत पाने के लिए भाजपा को दस और उत्तर प्रदेश के लिए पंद्रह बरस का वनवास झेलना पड़ा था। वर्ष 2017 से आज तक योगी आदित्यनाथ वहां के मुख्यमंत्री हैं। पार्टी ने योगी के चेहरे को आगे कर 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा और इस बार भी बहुमत हासिल हुआ। यही वजह थी कि लोकसभा चुनावों से पहले माना जा रहा था कि पार्टी वहां 75 के करीब सीटें जीतेगी। ऐसा नहीं हुआ। क्यों? रॉबर्ट्सगंज संसदीय क्षेत्र का यह किस्सा सुनिए, जवाब मिल जाएगा। चुनाव से ऐन पहले हम रेणुकूट से चलकर हाथी नाला पहुंचने वाले थे। दोनों तरफ जंगल था। अचानक मेरी नजर दूर बाईं तरफ बकरी चरा रही कुछ महिलाओं पर पड़ी। महिलाओं की वेशभूषा से स्पष्ट था कि वे आदिवासी हैं। उन तक पहुंचकर मैंने पूछा कि क्या पिछले 10 सालों में आपकी जिंदगी में कोई परिवर्तन हुआ है? गोंडी, भोजपुरी और हिंदी के मिले-जुले शब्दों में उन्होंने बताया कि हमारे गांव में पानी आ गया है। घर में पानी! उन्होंने 'हां' की मुद्रा में सिर हिलाया। मैंने चारों ओर नजर दौड़ाई। दूर-दूर तक बस रेत, कंटीले पेड़ और चमड़ी झुलसाती धूप। घर पूछा, तो उन्होंने दूर दिखती पहाड़ी की ओर इशारा कर दिया। इस इलाके में घर में नल तो दूर, पेयजल तक दुर्लभ होता था। उनसे अगला सवाल था कि आप किसे वोट देंगी? जवाब मिला- फूल। फूल, यानी कमल। मैंने पूछा, आपको मालूम है कि देश के प्रधानमंत्री कौन हैं? मेरे हाथ में मौजूद अखबार में छपी मोदी की तस्वीर की ओर उन्होंने इशारा कर दिया। मन में सवाल उभरा कि यहां तो अपना दल की उम्मीदवार कप-प्लेट के चिह्न पर चुनाव लड़ रही हैं। ये अबोध महिलाएं ईवीएम पर फूल ढूंढ़ेंगी, तो कैसे मिलेगा? पूछने पर उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक कोई उनसे वोट मांगने नहीं आया है। सुनता आ रहा था कि पार्टी कार्यकर्ता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग इस बार उतने सक्रिय नहीं हैं, जितने पहले होते थे। कहीं ये महिलाएं ईवीएम से निराश होकर लौटने वाली तो नहीं? ऐसा ही हुआ। नतीजतन, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, यानी एनडीए की प्रत्याशी रिंकी कोल सवा लाख से अधिक मतों से हार गईं। अति-आत्मविश्वास और बिना हाथ-पांव मारे अपने नेता पर अंधा अवलंबन, मजबूत से मजबूत संगठन और शख्सियत को कमजोर कर सकता है। भारतीय जनता पार्टी इसका अपवाद साबित नहीं हुई। अब एक और वाकया सुन लीजिए। मैं लोकसभा के एक प्रत्याशी से मिला। उनका पहला वाक्य था- भाई साहब, मुझे तो पिछला रिकॉर्ड तोड़ना है। मैंने पूछा, इस आत्मविश्वास की वजह? उन्होंने कहा कि मोदी जी का 'क्रेज' ही इतना है कि यदि आपको मेरी जगह खड़ा कर दिया जाए, तो आप चुनाव जीत जाएंगे। मैं हक्का-बक्का रह गया था। राजनीति में गफलत की गुंजाइशें नहीं होतीं। आशा और जन-अवधारणा के विपरीत आए नतीजों ने इन गफलतों को उतार फेंकने का अवसर भाजपा को प्रदान किया है। उसके पास सबक लेने का समय, साधन और सक्षम नेतृत्व है। पहले दल की दलदल बाहर से नहीं दिखती थी। अब जब बिखराव दिख रहा है, तो पार्टी को अपना लौह-कवच फिर से धारण करना होगा। भगवा दल को अपने कार्यकर्ताओं के मनोभाव का भी मान रखना होगा। पिछले 10 वर्षों के दौरान कई नए लोग भाजपा के तंबू में आए। इनमें से बहुतों पर भ्रष्टाचार के दाग हैं। इसके बावजूद उन्हें महत्वपूर्ण पदों से नवाजा गया। इससे इन आरोपों को बल मिला कि केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई से बचने का एक ही तरीका है कि आप भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो जाएं। अन्य दलों से आए लोगों ने निस्संदेह भाजपा के विजय-रथ को गति दी, पर बाद में यह दांव फेल हो गया। यहां विधानसभा की 13 सीटों पर हाल ही में हुए उप-चुनावों का स्मरण जरूरी है। भाजपा इनमें से महज दो जीत सकी। पाला बदलने वाले लगभग सभी लोग हार गए। अभी चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के अतिरिक्त कई राज्यों में उप-चुनाव हैं। उस दौरान इस रीति-नीति की समीक्षा जरूरी है। कार्यकर्ताओं की उदासीनता की एक वजह यह भी है कि उन्हें लगता है, बाहर से आए हुए लोग हमारी हकमारी करते हैं। इसके साथ भाजपा को पार्टी का संदेश देने के तरीकों में भी सुधार करना होगा। संविधान को लेकर फैलाई गई चर्चाओं में भारतीय जनता पार्टी ऐसी उलझी कि उसे उम्मीद के मुताबिक नतीजे नहीं हासिल हुए। इसकी एक वजह यह भी है। बड़े नेताओं द्वारा बार-बार खंडन के बावजूद प्रभावी ढंग से इस नैरेटिव की काट नहीं हो सकी। अंत में सबसे जरूरी बात। इसमें कोई दोराय नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भी देश के सबसे आकर्षक नेता हैं, जैसा कि मैंने पहले अनुरोध किया कि सोनभद्र जिले की मीडिया से दूर रहने वाली आदिवासी महिलाएं तक उन्हें पहचानती थीं।

# आए दिन हो रही हैं रेल दुर्घटनाएं

देश के अलग-अलग हिस्सों में जिस तरह लगातार ट्रेन हादसों की घटनाएं हो रही हैं, उससे ऐसा लगता है मानो दुर्घटनाएं अब आम दिनचर्या का हिस्सा बन रही हैं और इसे लेकर प्रकारांतर से सहज होने की स्थितियां बन रही हैं। विचित्र है कि हर हादसे के सुर्खियों में आने और सवाल उठने के बाद सरकार यह घोषणा करने की औपचारिकता निभाना नहीं भूलती कि घटना की जांच की जाएगी, ऐसे उपाय किए जाएंगे, ताकि भविष्य में ऐसा हादसा न हो। मगर फिर कुछ दिन बाद देश के किसी हिस्से से अन्य बड़ी रेल दुर्घटना की खबर आ जाती है और कभी भी रेल महकमे के मंत्री को जिम्मेदारी लेने की जरूरत नहीं महसूस होती। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में गुरुवार को चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही एक एक्सप्रेस ट्रेन के आठ डिब्बे पटरी से उतर गए, जिनमें से पांच पलट गए। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम बीस अन्य के घायल हो गए। यह हादसा यही बताता है कि रेल यात्रा को सुरक्षित बनाने के सरकार के तमाम दावे महज आश्वासन भर हैं। ऐसा क्यों है कि एक ओर रेल महकमे को आधुनिक स्वरूप देने, उच्च तकनीकी से लैस करने के दावे किए जा रहे हैं, दूसरी ओर पटरियों पर होने वाले हादसे रुक नहीं रहे हैं। इस घटना के बाद एक बार फिर इसके कारणों को लेकर लंबी पड़ताल चलेगी और आम जनता को शायद ही पता चलेगा कि इसकी क्या वजह थी और इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया गया, क्या कार्रवाई हुई और इस संदर्भ में सरकार ने क्या ऐसे उपचारात्मक उपाय किए, ताकि भविष्य में ऐसा हादसा फिर न हो। अफसोस की बात यह है इस तरह की कवायदें सभी हादसों के बाद होती हैं, मगर कुछ समय बाद होने वाले हादसे सरकारी आश्वासनों की हकीकत बताने के लिए काफी होते हैं। ट्रेनों के आपस में टकरा जाने के अलावा हाल के दिनों में पटरियों पर से उतर जाने की घटनाएं जिस रफ्तार से बढ़ी हैं, उससे यह साफ है कि या तो किसी रूप में पटरियों से छेड़छाड़ की आपराधिक घटनाएं हो रही हैं या फिर रखरखाव के पहलू से रेल महकमा पर्याप्त निगरानी और मरम्मत का काम सुनिश्चित करने में नाकाम है।

# एक सर्वर की खराबी और दुनिया भर में हाहाकार

**(मुकेश चौधरी, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ)**

शुक्रवार को माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आई गड़बड़ी से पूरी दुनिया हलकान रही। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था खासा प्रभावित हुई और विमान सेवाओं, बैंकिंग सिस्टम व शेयर बाजार पर इसका काफी असर पड़ा। कई कंपनियों में काम-काज पूरी तरह से ठप हो गए। माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आई यह समस्या क्राउडस्ट्राइक की वजह से आई, जो इससे जुड़ी एक साइबर सिक्योरिटी कंपनी है। शुरुआती आशंका यही थी कि यह कोई साइबर हमला है, मगर बाद में साफ हो गया कि यह तकनीकी गड़बड़ियों का नतीजा है। दरअसल, क्राउडस्ट्राइक ने एक अपडेट किया, जिसके बाद से ही दुनिया में जहां-तहां माइक्रोसॉफ्ट विंडोज सपोर्ट वाले अधिकतर उपकरण बैठने लगे। सवाल है, आखिर ऐसा कैसे हुआ? क्या माइक्रोसॉफ्ट की सेवा लेने वाली कंपनियां ऐसे हालात के लिए तैयार नहीं थीं? अगर थीं, तो उस तैयारी को अमल में लाने में इतना वक्त कैसे लगा? इस पूरे घटनाक्रम को कई पहलुओं से देखना होगा। निस्संदेह, ऐसा किसी कंपनी के साथ हो सकता है, क्योंकि प्रौद्योगिकी की दुनिया में तकनीकी चूक की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। मगर चूंकि माइक्रोसॉफ्ट एक भरोसेमंद वैश्विक ऑपरेटिंग सिस्टम है और अनगिन कंपनियां उस पर निर्भर हैं, इसलिए इस पूरे मामले में उसकी जिम्मेदारी कहीं अधिक बन जाती है। बड़ी-बड़ी कंपनियों का अपने साथ छोटी-छोटी दूसरी कंपनियों को रखना आम बात है। माइक्रोसॉफ्ट ने भी यही किया और क्राउडस्ट्राइक को अपने साथ जोड़ा। सवाल यह है कि आपात स्थिति या आपदा जैसे हालात में मुश्किलें पैदा होने पर 'बिजनेस कॉन्टिन्यूटी प्लान' (बीसीपी) पर कितना ध्यान दिया गया? यह सवाल माइक्रोसॉफ्ट से भी उतना ही जुड़ा है, जितना उन कंपनियों से, जो इसकी सेवाएं ले रही हैं। बीसीपी असल में एक 'बैकअप प्लान' होता है, जिसमें प्रतिकूल हालात में भी कंपनी की सेवा बहाल रखने के जरूरी दिशा-निर्देश होते हैं। कंपनियां यह योजना तैयार रखती हैं, ताकि उनके काम पर असर न पड़े। माइक्रोसॉफ्ट के पास भी योजना होगी ही। मगर जब तक अपनी क्लाइंट कंपनियों की वह मदद कर पाती, तब तक देर हो चुकी थी। स्पष्ट है, बीसीपी न सिर्फ मूल कंपनी को, बल्कि उसकी तमाम ग्राहक कंपनियों को भी पता होना चाहिए। इतना ही नहीं, ग्राहक कंपनियों के पास इस बाबत सारी सहायता उपलब्ध होनी चाहिए, उनके इंजीनियरों को पता होना चाहिए और उनके सभी हितधारकों तक उस प्लान की पहुंच होनी चाहिए। साफ है, शुक्रवार को इन सबमें कहीं न कहीं चूक जरूर हुई। ऐसे में, माइक्रोसॉफ्ट यह जरूर पड़ताल कर रही होगी कि वह रिस्पॉन्स टाइम (किसी समस्या पर प्रतिक्रिया देने का समय) कितना कम कर सकती है? वैसे, यह किसी ख्यात कंपनी के लिए भी उतना ही जरूरी है, जितना स्टार्ट-अप के लिए। हां, छोटी कंपनियां बीसीपी नहीं रखतीं, क्योंकि इसके लिए अलग टीम की जरूरत पड़ती है और उसे अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। इस मामले में यह देखना होगा कि अब ग्राहक कंपनियां किस तरह अपने घाटे को पाटती हैं? क्या माइक्रोसॉफ्ट मुआवजा देगी? अगर नहीं, तो क्या ग्राहक कंपनियां उसे अदालत में घसीट सकती हैं? क्या ऐसा करने का अधिकार उनके पास है? बेशक, यह सीधे-सीधे माइक्रोसॉफ्ट से जुड़ा मसला नहीं है, क्योंकि इसके लिए क्राउडस्ट्राइक जिम्मेदार है, लेकिन क्या जो अपडेट वह कर रहा था, उसको जांचने का काम सिर्फ क्राउडस्ट्राइक का था या फिर माइक्रोसॉफ्ट का भी? इन सब सवालों के जवाब तो आने वाले दिनों में ही मिलेंगे। बहरहाल, शुक्रवार जैसी घटना शायद ही पहले कभी हुई है। ऐसा इसलिए, क्योंकि पहले क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर इतने अधिक नहीं थे। पहले सर्वर डाउन जैसी गड़बड़ियां ज्यादा होती थीं। हालांकि, अब इसमें काफी कमी आ गई है, क्योंकि इनको तुरंत संभाल लिया जाता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5441


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 4 | | 6 | | |
| 9 | | | | | | | | 3 |
| 1 | | | | | 3 | | 4 | 5 |
| 5 | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | 4 | 8 | | 5 | 9 | | |
| | | 1 | | 6 | | | 5 | 2 |
| 6 | 9 | | 5 | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | 9 | 6 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आडी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5440

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 | 9 |

## वर्ग पहेली 5441



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 2000 में भारत के इस तत्कालीन प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र शांति शिखर सम्मेलन के दौरान हिंदी में भाषण देते हुए पाकिस्तान को लताड़ा (6)
6. राजमुकुट, शिखा (2)
7. पति-पत्नी का कानूनन संबंध विच्छेद (3)
8. छोटा, निसार, तीर प्रकार के प्राणयमों में से एक (2)
9. गले के नीचे पेट में उतारना, निगलना (3)
10. हिंदी के बारह महिनों में से एक (2)
11. एक श्लोक का चतुर्थांश, योग्यतानुसार दिया गया दर्जा या पदवी (2)
13. अनुकंपा, दया, मेहरबानी (4)
16. जीना, सीढी (3)
18. राजा के लिए प्रयुक्त शब्द (3)
19. पार्वती, लक्ष्मी (2)
21. घृणा, घिन्न (4)
22. तड़क-भड़क, ठाट-बाट (2)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. न्यायालय, कचहरी (4)
2. कोमलकांड, सुंदरस्त्री, सुप्रसिद्ध स्वर साम्राज्ञी (सिर्फ आरंभिक नाम )(2)
3. वह स्थान जहां से प्रत्येक घर बिजली पहुंचाई जाती है (5)
4. खाली होना, रिक्त होना (3)
5. उद्देश्य, प्रयोजन (4)
11. अवनति, अवनमन, धाराशायिता (3)
12. एक राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (2)
14. हल्का बुखार, जवर अनुभूति, आवेश (4)
15. कोई करतब आदि देखने के लिए एकत्रित जनसमूह, अव्यवस्थित जन समूह (3)
16. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय जो देव-दानवों दोनों को प्रिय था (2)
17. इराक का एक शहर जहां सुन्नियों के चौथे खलीफा याने शिया इस्लाम के पहले इमाम अली की मजार है (3)
20. यह यूरोपीय संघ का एक सदस्य राष्ट्र है जिसकी राजधानी मेड्रिड है (2)

### वर्ग पहेली 5440 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | य | ना | | ता | इ | वा | न |
| दे | | शा | र | दा | | क | र |
| श | ह | द | | द | म | | गि |
| नी | ल | | त | | वा | प | स |
| ति | क | ड़ | मी | | सी | र | |
| | | | ज | स्ता | | वा | मा |
| वा | म | न | | व | ज | न | |
| दा | म | न | | क | ल | गी | |

# आज का राशिफल

### मेष
आज संतान के करियर को लेकर जो परेशानियां बनी हुई थीं, वे दूर हो जाएंगी। आपको अपने प्रियजनों और परिजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। परिवार के सहयोग से आप किसी नए कारोबार के बारे में सोच सकते हैं लेकिन नौकरी के मामले में संघर्ष बढ़ेगा। करियर से जुड़े शुभ समाचार से आपका मन प्रसन्न होगा।

### वृष
आज आर्थिक लाभ होने की संभावना रहेगी। मानसिक तनाव से बचने के लिए धैर्य एवं नम्रता से काम करें। यदि आप नौकरी करते हैं, तो आज आपके कार्य और अधिकारों में वृद्धि होगी जिससे आस-पास के अन्य सहयोगियों में कड़वाहट बढ़ने से परेशानी हो सकती है। कार्यस्थल पर आपके काम की सराहना होगी।

### कर्क
आज आपके प्रियजनों और रिश्तेदारों में किसी को शारीरिक कष्ट होने की सूचना दे रहा है। फिजूल खर्ची और विवाद से दूर रहें। सायंकाल से लेकर देर रात्रि तक पारिवारिक जनों के साथ यात्रा का सुख प्राप्त होगा। शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। नौकरी के बड़े अवसर मिल सकते हैं। खर्च करने के बाद भी बजट नहीं बिगड़ेगा।

### सिंह
आज व्यवसाय में निरन्तर लाभ होने की संभावना बनी रहेगी और व्यवसाय के भागीदारों से परेशानी होने की संभावना भी बनी रहेगी। सायंकाल से लेकर रात्रि तक समीप की यात्रा का योग बना हुआ है। बिजनेस में किसी नए पार्टनर से मुलाकात हो सकती है, जिससे आपको आगे चलकर लाभ होगा।

### मिथुन
आज आपकी राज्य मान, प्रतिष्ठा की वृद्धि करेगा। शत्रुओं का मनोबल गिरेगा। घरेलू एवं अच्छे गुण वाले लोगों से मेल मिलाप बढ़ेगा। व्यवसाय में भी नौकरों व भागीदारों से अच्छा वातावरण मिलेगा। सायंकाल से लेकर देर रात्रि तक अकस्मात् अतिथियों के आगमन से व्यय और बढ़ सकता है।

### कन्या
आज आपको शारीरिक एवं आर्थिक बल प्रदान करेगा। अच्छे गुणवाले लोगों से मेल-मिलाप बढ़ने से अधिकारी वर्ग आपके पक्ष में रहेंगे। श्रेष्ठ मार्गों से पर्याप्त आमदनी होगी परन्तु व्यय आय के अनुपात में अधिक होगा। रात्रि में किसी आध्यात्मिक योजना का हिस्सा बनेंगे, खर्च बढ़ेगा।

### तुला
आज प्रियजनों से अंर्तविरोध की स्थिति उत्पन्न करेगा। आपके समय के अनुसार काम होने में बाधा रहेगी। मौसम भी आज अनुकूल नहीं रहेगा। किन्तु वृष राशि का बृहस्पति सायंकाल में कुछ मन संतोष देगा। बड़ी मात्रा में धन हाथ मिलेगा, जिससे कि आपकी निराशा दूर हो जाएगी। आज आपको थोड़े प्रयास से ही रूका हुआ धन मिल जाएगा।

### वृश्चिक
आज संतान पक्ष की चिन्ता रहेगी। संतान को शारीरिक कष्ट होने से आप परेशान रहेंगे। नौकरी से जुड़ा स्थान परिवर्तन होने का प्रसंग प्रबल होकर स्थापित होगा। आर्थिक लाभ तो होगा परन्तु लाभ से अधिक खर्चा होने के कारण खिन्नता बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में शत्रु पक्ष आप पर हावी होने का प्रयास करेंगे, सावधान रहें।

### मकर
आज व्यापार के सहयोगियों से मनमुटाव की स्थिति होने के कारण पूरा दिन असहज रहेगा। अकारण शत्रु उत्पत्ति, निर्मूल विवाद से आप परेशान रहेंगे। सायंकाल के समय सम्पत्ति से लाभ और पत्नी से उत्तम सहयोग मिलने के कारण संतुष्टि रहेगी। आप अगर सम्पत्ति से जुड़े मामले को लेकर चिंतित हैं, तो उसका भी समाधान होगा।

### कुंभ
आज अकस्मात् बड़ी मात्रा में आर्थिक लाभ होने का योग बना रहेगा। आपको प्रियजनों का वांछित सुख एवं सहयोग मिलेगा। सायंकाल से लेकर रात्रि तक मंगल कार्यों में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त होगा। मंगल कार्यों पर खर्च बढ़ेगा। साथ ही करियर में कुछ बदलाव के आसार दिख रहे हैं। निवेश सोच-समझकर करें।

### धनु
आज शुभ व्यय और कीर्ति में वृद्धि करेगा। भाग्य का उदय धन-धर्म की वृद्धि होने से खुश रहेंगे। शत्रु चिन्ताओं का दमन, प्रबल से प्रबल विरोधियों के होने पर भी सायंकाल तक हार होगी। आपके धन और कारोबार से जुड़े हुए कार्य पूरे होंगे और आपको धन लाभ होगा। बिजनेस में कोई बड़ी डील मिलेगी।

### मीन
आज आपको संतान की तरफ से चिन्ता रह सकती है। आज अगर आप कहीं निवेश करने की योजना बना रहे हैं, तो तुंरत इसे टाल दें। आज आपको नौकरी में भी कई तरह के बदलाव देखने को मिलेंगे। कारोबार से जुड़े हुए लोगों को याद रखना होगा कि निवेश करने से आपको उम्मीद के मुताबिक मुनाफा नहीं होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

# झारखंड के 10 हजार गांव होंगे उन्नत

## बजट में अगले पांच साल में 20 लाख युवाओं को कुशल बनाने का लक्ष्य

**रांची, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्ताव में प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू करने का ऐलान किया है। इसके जरिए देश के जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए अभियान चलाया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत आकांक्षी जिलों और जनजातीय बहुल गांवों में आदिवासी परिवारों के पूर्ण कवरेज के लिए कदम उठाए जाएंगे। राष्ट्रीय स्तर पर 63 हजार गांवों में पांच करोड़ जनजातीय आबादी लाभान्वित होगी। इस योजना का सीधा लाभ 32 जनजातीय समूह वाले आदिवासी बहुल झारखंड के 19 आकांक्षी जिलों के करीब 10 हजार गांवों को मिलेगा।

2011 की जनगणना के मुताबिक झारखंड में जनजातीय आबादी 86.45 लाख है। राज्य में 12277 जनजातीय बहुल गांव हैं। यहां 19 आकांक्षी जिले हैं। इन जिलों की कुल आबादी में 50 फीसदी से अधिक जनजातीय आबादी वाले गांवों की संख्या करीब 10 हजार है। नई योजना से देश के 63 हजार गांवों की पांच करोड़ आबादी कवर होगी। इस लिहाज से झारखंड को 16 फीसदी हिस्सा मिलने का अनुमान है। ऐसा होने पर आदिवासी बहुल क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आय और संसाधनों का विकास, रोजगार के अवसर, सरना मसना स्थल, कृषि आदि क्षेत्रों में काम होगा।

- **झारखंड के युवा कौशल विकास में होंगे उन्नत–** बजट में अगले पांच साल में 20 लाख युवाओं को कुशल बनाने का लक्ष्य है। झारखंड के युवा कौशल विकास में उन्नत होंगे और उनके रोजगार की संभावना बढ़ेगी। वहीं इस बार बजट में कृषि प्रक्षेत्र में झारखंड के किसानों को



खेती-बाड़ी के लिए 32 कृषि और बागवानी फसलों की नई 109 उच्च पैदावार वाली और जलवायु अनुकूल किस्में का लाभ मिल सकेगा। एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक कृषि के तहत सहायता दी जाएगी। इसके अलावा झारखंड स्किल डेवलपमेंट विकास सोसाइटी के ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक राज्य में फिलहाल 67 लाख से अधिक युवा कौशल विकास के लिए पंजीकृत हैं। अभी 43 लाख से अधिक प्रशिक्षित किए जा चुके हैं।

- **पूर्वोदय योजना शुरू होने से झारखंड का होगा विकास–** पूर्वोदय योजना में झारखंड समेत बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश को शामिल किया गया है। योजना का उद्देश्य पूर्वी क्षेत्र का विकास करना है। इससे मानव संसाधन, अवसंरचना और आर्थिक अवसरों का सृजन होगा। इसका लाभ झारखंड के लोगों को भी होगा। ताकि यह क्षेत्र विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अग्रणी भूमिका निभाए। देश के पूर्वी भाग प्राकृतिक संपदाओं से समृद्ध राज्यों की सांस्कृतिक परम्पराएं और सुदृढ़ होंगी।
- **राज्य की रेल परियोजनाओं को बजट में मिला विस्तार–** बजट में झारखंड की कई पुरानी रेल परियोजनाओं को विस्तार मिला है। रांची-लोहरदगा टोरी लाइन का 113 किमी तक, गोइलकेरा-मनोहरपुर थर्ड लाइन 40 किलोमीटर, राजखरसावां-सिन्नी थर्डलाइन और बंडामुंडा-रांची लाइन के लिए 250 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मुरी-बरकाकाना 58 किमी ट्रैक दोहरीकरण को भी गति देने का प्रस्ताव है।

### संक्षिप्त समाचार

### साढ़पुरा में जमीन विवाद को लेकर एक पक्ष की महिला समेत तीन को घायल किया

**जमशेदपुर, एजेंसी।** चाकुलिया प्रखंड की भातकुंडा पंचायत के साढ़पुरा गांव में बुधवार की सुबह जमीन विवाद में तीन लोगों ने एक महिला समेत तीन लोगों को डंडा और कुल्हाड़ी से मार कर घायल कर दिया। तीनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में लाया गया। सीएचसी में इलाज जारी है। घटना की सूचना पाकर पुलिस सीएचसी पहुंची है। पुलिस मामले




की छानबीन कर रही है। घायल दीपक मर्दिना के मुताबिक वे खेत में बैगन के पौधे लगा रहे थे। तभी दूसरे पक्ष के अशोक महतो, अवनी महतो और उत्तम महतो पहुंचे और कहा कि यह जमीन उनकी है। झड़प हुई और तीनों वहां से चले गए। फिर कुछ देर बाद कुल्हाड़ी और डंडा लेकर तीनों आ पहुंचे और पीछे से डंडा और कुलहाड़ी से उन पर हमला कर दिया। इससे दीपक मर्दिना घायल हो गए। दीपक की पत्नी बुलू मर्दिना और चाचा गंगाधर मर्दिना बीच बचाव करने पहुंचे तो उन्हें भी तीनों ने डंडा और कुल्हाड़ी से मार कर घायल कर दिया। दीपक मर्दिना के सिर में चोट आई है। गंगाधर मर्दिना के सिर में गंभीर चोट है। बुलू मर्दिना हाथ में चोट है। समाचार लिखे जाने तक तीनों घायलों का इलाज सीएचसी में जारी है।

### बजट जनता के लिए है बेहद लाभकारी : एमबीए निदेशक

**हजारीबाग, एजेंसी।** विभावि संचालित एमबीए के निदेशक अमिताभ सामंता ने कहा कि केन्द्र सरकार की यह बजट विकसित भारत के निर्माण में बहुत सहायक सिद्ध होगा। इस बजट में किसानों और शहरी क्षेत्र में रहने वाले गरीबों और युवाओं के रोजगार के लिए संतुलित और समावेशी प्रयास किया गया है। जो देश के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होगा। कहा कि मोदी सरकार के 3.0 कार्यकाल के पहले वार्षिक आम बजट सभी वर्गों के लिए लाभकारी होगा और यह आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। बजट में ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया गया है। छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। कहा कि कृषि क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान किए गए है। इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

### सुरक्षा की दृष्टि से गुरुद्वारा में भी लगाए गए सीसीटीवी कैमरे

**चाईबासा, एजेंसी।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरा अधीकांश खराब हो जाने के कारण सुरक्षा के दृष्टी और चोर, उक्को के साथ असमाजिक तत्वों से बचने तथा निगरानी रखने के लिए अपने अपने दुकानों , मकानो में सीसीटीवी कैमरा लगा रहे हैं। इसी तरह से सुरक्षा के



मद्देनजर मंदिर, मस्जिद ,गिरजाघर और गुरुद्वारा में भी सीसीटीवी कैमरा लगाए जा रहे हैं ,ताकि हर आने जाने वाले लोगों पर नजर रखा जा सके और ज़रूरत पड़ने पर पहचान की जा सके। इसी के तहत चाइबासा गुरुद्वारा में भी सुरक्षा के लिए 9 सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। यह जानकारी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष गुरुमुख सिंह खोखर ने दी।

# साहिबगंज में एयरपोर्ट निर्माण की मांग तेज



### सीएम हेमंत ने चीन का नाम लेकर केंद्र को लिखा पत्र

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार से साहिबगंज जिले में हवाई अड्डे का निर्माण कराने का आग्रह किया है। मंगलवार को उन्होंने इस आशय का पत्र केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू को प्रेषित किया है। हेमंत सोरेन ने अपने पत्र में कहा है कि झारखंड का साहिबगंज जिला पश्चिम बंगाल और बिहार के उत्तरी पूर्व सीमा पर स्थित है। संताल परगना क्षेत्र में यह अपेक्षाकृत कम विकसित जिला होने के कारण इस जिला को राज्य सरकार अपनी ओर से विभिन्न आधारभूत संरचनाओं के माध्यम से मुख्यधारा में जोड़ने के लिए प्रयासरत है।

अपने पत्र में हेमंत सोरेन ने कहा कि इस क्रम में भारत सरकार की मदद से गंगा नदी पर नए पुल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। साहिबगंज में रेलवे लाइन के साथ-साथ अन्तर्राज्यीय बस स्टैंड की भी स्वीकृति राज्य सरकार की ओर से प्रदान की गई है।

भौगोलिक एवं सामरिक दृष्टिकोण से साहिबगंज फरक्का बांध के निकट एवं बांग्लादेश और चीन से कम दूरी पर अवस्थित है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत की परिकल्पना में जलमार्गीय यातायात को भी प्राथमिकता दी जा रही है। ऐसे में आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए साहिबगंज में एक नियमित हवाई अड्डा का निर्माण अत्यंत आवश्यक है।

सामरिक दृष्टिकोण से यह भारतीय वायु सेना को भी सहायता प्रदान कर सकता है। इस हवाई अड्डा से बिहार एवं बंगाल के लोगों को भी देश के अन्य प्रमुख शहरों से जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने जिक्र किया है कि देवघर में भारत सरकार द्वारा हवाई अड्डा बनाने की दिशा में पहल करने पर राज्य सरकार ने सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती।

### डीएसपीएयू में ट्राइबल हेरिटेज कॉन्क्लेव 27 से

**रांची, एजेंसी।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के आईयूएसी और हेरिटेज सोसाइटी की ओर से दो दिवसीय ट्राइबल हेरिटेज कॉन्क्लेव का आयोजन 27-28 जुलाई को किया जाना है। इसमें देश के प्रतिष्ठित संस्थाओं और विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक अपने व्याख्यान के जरिए जनजातीय संस्कृति और विरासत पर विस्तृत चर्चा करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य करेंगे।

कॉन्क्लेव का पोस्टर मंगलवार को कुलपति ने जारी किया। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी जनजातीय संस्कृति और उसकी विरासत को सहेजें और नई पीढ़ी को इससे अवगत कराएं। कहा कि यह ट्राइबल हेरिटेज कॉन्क्लेव उसी दिशा में एक प्रयास है, जहां देश के विषय विशेषज्ञ इतिहास, दर्शनशास्त्र, साहित्य, कला, पर्यटन और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आपसी विमर्श और संवाद स्थापित करेंगे, ताकि कई सार्थक निष्कर्षों पर पहुंचा जा सके।

इस कॉन्क्लेव में शामिल होनेवाले विषय विशेषज्ञों में- डॉ धम्मरत्न, नव नालंदा महाविहार, डीम्ड विवि, संस्कृत मंत्रालय के अधीन, डॉ अनंत आशुतोष- अध्यक्ष, हेरिटेज इंडिया, प्रो संजय पासवान- पूर्व कैबिनेट मंत्री, प्रो दीनबंधु पांडेय- सदस्य, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेरिटेज, डॉ आनंदवर्द्धन- बीआर आंबेडकर विवि, दिल्ली और प्रो विजय शंकर शुक्ल- बीएचयू आदि शामिल हैं।

### संसद में बजट हुआ पेश, बोकारो में मिलीजुली मिली प्रतिक्रिया

**बोकारो, एजेंसी।** लोकसभा में मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट प्रस्तूत किया। इस बजट को लेकर जहां एनडीए गठबंधन दलों ने देश के विकास का बजट बताया है। वहीं इंडिया गठबंधन दलों ने इस बजट को पूरी तरह से फेल बताया है। हालांकि यह बजट बोकारो के लिए खास माना जा रहा है। इसमें डोमेस्टिक स्टील की खपत को बढ़ावा को लेकर बुनियादी ढांचे में पूंजीगत व्यय को बरकरार रखा है। सड़क आवागमन को बेहतर बनाने और विभिन्न कॉरीडोर के विकास पर फोकस करने से डोमेस्टिक स्टील की खतप को बढ़ावा मिलेगा। इस खासकर बोकारोवासियों को लाभ पहुंचेगा। शहर में विकास की रफ्तार बढ़ेगी, साथ ही रोजी रोजगार के संभावनाएं भी बढ़ेंगे। बोकारो जिले के 109 गांवों को प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत विकास किया जाएगा। बजट इस अभियान को जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिये शुरू किया जाएगा। यह योजना जनजातीय आबादी बाहुल्य गांवों और आकांक्षी जिलों में रहने वाले जनजातीय परिवारों को संपूर्ण कवरेज प्रदान करेगी।

### कल्याण और शिक्षा विभाग मिलकर छात्रों को देंगे छात्रवृत्ति

**रांची, एजेंसी।** कल्याण और शिक्षा विभाग मिलकर छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देंगे। इसकी जानकारी आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने दी। आदिवासी कल्याण आयुक्त और पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय ई-कल्याण छात्रवृत्ति वितरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें जिला स्तरीय शिक्षा और कल्याण विभाग के अधिकारियों और चयनित मास्टर ट्रेनर्स को ट्रेनिंग दी गई।

प्रशिक्षण में आवेदन प्रक्रिया, योग्यता मानदंड, वित्तीय प्रबंधन और छात्रवृत्ति वितरण में पारदर्शिता जैसी विभिन्न चुनौतियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। यह राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम था, जो अगले कुछ दिनों में जिला और प्रखंड स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा। इसके तहत राज्य के सभी स्कूलों के 35 हजार आईएनओ को प्रशिक्षण देना है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के वंचित बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करना और उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की बाधा न आए इस उद्देश्य को हासिल करना है।

अजय नाथ झा ने पदाधिकारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और समस्याओं का समाधान भी किया। उन्होंने कहा कि दोनों विभागों को मिलकर छात्रवृत्ति के उद्देश्यों को सफल बनाने के लिए एक साथ आने की आवश्यकता है। बेहतर समन्वय के साथ काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यालयों में बाल संसद को भी मजबूत करने की बात कही। इस अवसर पर उपनिदेशक संगीता शरण भी मौजूद रहीं।

प्रशिक्षण में आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों, पिरामल फाउंडेशन और सीजीजी ने अपने अनुभव साझा किए। इससे आईएनओ और अन्य पदाधिकारियों को व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए उपयोगी सुझाव दिये गये।

# फिर मेहरबान हुआ मानसून ! रांची सहित कई जिलों में मूसलाधार वर्षा

### अगले 5 दिनों तक होगी झमाझम बारिश

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में फिर से एक बार फिर मानसून सक्रिय हुआ है। मंगलवार को राजधानी समेत रांची के कई हिस्सों में मूसलाधार वर्षा हुई है। मानसून के सक्रिय होने से किसानों को इसका सीधा फायदा पहुंचेगा।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि राजधानी में अगले तीन से पांच दिनों तक रूक-रूक कर वर्षा होती रहेगी। इसका लाभ किसानों को मिलेगा। किसान रोपनी से संबंधित कार्यो में जुट जाएं। अगस्त और सितंबर माह में काफी अच्छी वर्षा ही उम्मीद है। उन्होंने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव के कारण पूरा सिस्टम ओडिसा के हिस्सों में सक्रिय है। वहीं मंगलवार को राजधानी में दिनभर उमस बनी रही, दोपहर के बाद अच्छी वर्षा देखने को मिली।

बंगाल की खाड़ी में मानसून सक्रिय होने की वजह से ही राजधानी में मंगलवार को अच्छी वर्षा हुई है। वहीं, मंगलवार को रांची का अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अगले तीन दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई



बदलाव नहीं होगा। मंगलवार को राजधानी में 66.8 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि जमशेदपुर में सात मिलीमीटर और डाल्टेनगंज में 7.8 मिलीमीटर वर्षा हुई। सिमडेगा, पलामू, साहेबगंज, खूंटी, गढ़वा, चतरा में भी हल्की वर्षा हुई है।

### मांगों का लेकर पांच अगस्त से आमरण अनशन करेंगे शिक्षक

**रांची, एजेंसी।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षक पांच अगस्त से आमरण अनशन पर बैठेंगे। सरकार की वादा खिलाफी, अधिकारियों की मनमानी, शिक्षकों की प्रताड़ना और गैर शैक्षणिक कार्यों से तंग आकर शिक्षक अपनी पांच सूत्री मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री आवास के समक्ष आमरण अनशन करेंगे। संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया कि आंदोलन को लेकर सभी जिले और प्रखंड में तैयारी चल रही है। अपनी मांगों के समर्थन में आर–पार की लड़ाई लड़ने को शिक्षक तैयार हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के अन्य राज्यकर्मियों की तरह सभी शिक्षकों के लिए सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना (एमएसीपी) लागू की जाए। पूरी सेवाकाल में बिना वित्तीय लाभ शिक्षक सेवानिवृत्त होने को बाध्य हैं, जबकि शिक्षकों को बिहार में लाभ मिल रहा है। वर्षों से लम्बित स्नातक प्रशिक्षित और प्रधानाध्यापक के पदों पर प्रोन्नति देने, छठे वेतनमान के वेतन निर्धारण में विसंगति दूर करने, अंतर जिला स्थानांतरण में गृह जिला में स्थानांतरण का विकल्प देने, स्वास्थ्य बीमा लागू करने, मांग को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष पांच अगस्त से राज्य के शिक्षक आमरण अनशन करेंगे।

## रांची और लातेहार में एनआईए की रेड, कई ठिकानों में चल रही छापेमारी



**रांची, एजेंसी।** जानकारी के अनुसार मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के लपरा में जितेन्द्रनाथ पांडेय व रोहित यादव नाम के दो लोगों के घर पर एनआईए का छापा पड़ा है. पुलिस ने दोनों घरों को घेर लिया है. घरों के पास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात हैं. छापामारी में अधिकारियों संग दो महिला अधिकारी के भी होने की सूचना है. किसी को भी घरों से निकलने या अंदर जाने की अनुमति नहीं है. एनआईए की टीम सुबह चार बजे ही मैक्लुस्कीगंज थाना पहुंच चुकी थी. कई टीमों में बटकर 5¬30 बजे से कार्रवाई शुरू हुई जो लगातार चल रही है. सूत्रों से मिली जकनकारी के अनुसार रोहित यादव के लपरा स्थित घर, चंदवा थाना के निंद्रा घर अन्य व्यवसायिक ठिकानों पर और जितेन्द्रनाथ पांडेय का लपरा स्थित घर सहित अन्य ठिकानों पर छापामारी चल रही है. बता दें कि रोहित यादव कुख्यात नक्सली नकुल यादव व 15 लाख के इनामी नक्सली रविन्द्र गंझू का समर्थक बताया जाता है. कुछ वर्ष पूर्व लपरा स्थित रोहित यादव के घर पर पुलिस ने छापेमारी की थी और मामले में जेल भी जा चुका है. वहीं जितेन्द्रनाथ पांडेय ठेकेदारी से जुड़े हुए हैं. समाचार लिखे जाने तक दोनों ही घरों में तलाशी अभियान जारी है. वहीं परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है. इस मौके पर खलारी डीएसपी आरएन चौधरी मैक्लुस्कीगंज, थाना प्रभारी गोविंद कुमार सहित महिला पुलिस सुरक्षा के दृष्टि से मौजूद है.

### झारखंड सरकार देगी मंत्रियों और अफसरों को 60 हजार का फोन

## हर महीने रिचार्ज के लिए मिलेंगे 3000



रांची, एजेंसी। झारखंड सरकार के मंत्रियों और वरीय अधिकारियों को 60,000 रुपये का मोबाइल फोन दिया जायेगा. साथ ही उनको रिचार्ज के लिए हर महीने 3,000 रुपये भी दिये जायेंगे. वित्त विभाग ने राज्य सरकार के मंत्रियों और विभिन्न स्तर के पदाधिकारियों के लिए मोबाइल क्रय व रिचार्ज कूपन की नयी अधिसीमा निर्धारित की है. इससे संबंधित प्रस्ताव मंत्रिमंडल की स्वीकृति के लिए भेजा गया है.

बुधवार को होनेवाली कैबिनेट की बैठक में इस पर सहमति ली जायेगी. प्रस्ताव के मुताबिक राज्य सरकार के मंत्री, राज्यमंत्री, उपमंत्री, मुख्य सचिव, डीजीपी, आयुक्त, सचिव, प्रमंडलीय आयुक्त, क्षेत्रीय महानिरीक्षक, आरक्षी उप महानिरीक्षण, उपायुक्त व आरक्षी अधीक्षक अब 60,000 रुपये कीमत की मोबाइल खरीद सकेंगे. उनको हर महीने रिचार्ज के लिए 3,000 रुपये भी दिये जायेंगे. विशेष सचिव स्तर के अफसर 45,000 रुपये का मोबाइल खरीद सकेंगे. उनको रिचार्ज के लिए प्रतिमाह 2,000 रुपये मिलेंगे.

वहीं, अपर सचिव, संयुक्त सचिव, अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक व प्रधान कर्मचारीवृंद स्तर के अधिकारियों के लिए 40,000 रुपये के मोबाइल की खरीद की जायेगी. उनको रिचार्ज के लिए हर महीने 1,500 रुपये दिये जायेंगे. इसके अलावा उप सचिव, उप निदेशक व वरीय प्रधान आप्त सचिव को 35,000 और अवर सचिव, सहायक निदेशक, प्रधान आप्त सचिव, कोषागार, उप कोषागार पदाधिकारी समेत सभी राजपत्रित कर्मचारियों को 30,000 रुपये का मोबाइल दिया जायेगा. रिचार्ज के लिए उनको क्रमशः 1,000 व 750 रुपये दिये जायेंगे.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani|com
ई-पेपर
sonvarshavani|com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### दो वाहनों के बीच आमने-सामने की टक्कर, हादसे में छह की मौत

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के करीमगंज जिले में मंगलवार को एक सड़क हादसे में डेढ़ साल के एक बच्चे सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, नीलाम बाजार इलाके में दो वाहनों के बीच आमने-सामने की टक्कर में यह दुर्घटना हुई। पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने बताया, कार और ऑटो रिक्शा के बीच आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। उनके अलावा, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों में से पांच की पहचान जाहेदा बेगम, बेदाना बेगम, हसीना बेगम, गुलजार हुसैन और रूहुल आलम के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में से पांच एक ही परिवार के सदस्य थे, जबकि रूहुल आलम ऑटो रिक्शा चला रहा था, जिसे विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। कार का चालक और सह-यात्री भी घायल हो गए। घायल यात्रियों को अस्पताल भेजा गया, जबकि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### रुड़की में कांवड़ियों का बवाल, टच होने पर ड्राइवर को पीटा, ई-रिक्शा तोड़ डाला

**रुड़की, एजेंसी।** मुजफ्फरनगर के बाद उत्तराखंड के रुड़की से कांवड़ियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। जिसमें कुछ कांवड़िए हाथ में डंडा लिए ई-रिक्शा को तोड़ते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने ई-रिक्शा ड्राइवर की भी बुरी तरह पिटाई की। उसके सिर में धारदार हथियार से वार किया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपियों ने उसके ई रिक्शा में तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित का कसूर इतना था कि उसका ई-रिक्शा एक कांवड़ यात्री से टच हो गया था। घायल को उपचार के लिए पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंगलौर में भर्ती कराया जहां से उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।
मूल रूप से ताल्हेडी बुजुर्ग थाना देवबंद जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला संजय काफी समय से ग्राम लिब्बाहरेड़ी में अपने भाई के साथ किराए के मकान में रहते हुए ई रिक्शा चलाता है, जिससे वह अपना वह अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। मंगलवार की शाम को जब वह मंगलौर से मंडावली के लिए सवारी लेकर जा रहा था तब ग्राम लिब्बरहेड़ी के पास किसी कांवड़ यात्री से उसकी ई रिक्शा का पिछला हिस्सा लग गया। गुस्साए कांवड़ यात्रियों ने संजय की पिटाई कर दी।
बताया जा रहा है कि संजय के सिर पर किसी धारदार हथियार से प्रहार किया गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हुआ है। कावड़ियों ने उसकी ई रिक्शा में तोड़फोड़ भी कर डाली, जिससे उसकी ई-रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मंगलौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। घटना को अंजाम देने वाली कांवड़ियों के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस का कहना है कि हाईवे पर सक्रियता बढ़ा दी गई है। घायल को उपचार, साथ ही अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव - त्रिपुरा में भाजपा ने बिना चुनाव लड़े लहराया परचम

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा में सत्तारूढ़ दल भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बिना लड़े ही जीत हासिल कर ली है। मंगलवार को चुनाव अधिकारी ने जानकारी दी कि भाजपा प्रत्याशियों ने राज्य की 71 फीसदी सीटों पर निर्विरोध जीत दर्ज कर ली है। पंचायत प्रणाली में कुल 6889 सीट हैं, जिनमें ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद शामिल हैं और भाजपा को 4805 सीट पर निर्विरोध जीत हासिल हुई है। मतदान 8 अगस्त को होना है। त्रिपुरा में राज्य चुनाव आयोग के सचिव असित कुमार दास ने बताया कि ग्राम पंचायतों में भाजपा को कुल 6,370 सीट में से 4,550 पर निर्विरोध जीत हासिल हुई है। इस वजह से 71 प्रतिशत सीट पर मतदान नहीं होगा। उन्होंने आगे बताया कि जिन 1,819 ग्राम पंचायत सीट पर मतदान होगा उनमें से भाजपा ने 1,809 पर उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि माकपा ने 1,222 पर और कांग्रेस ने 731 सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा की सहयोगी टिपरा मोथा ने 138 सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं। इस्त कुमार ने कहा कि पश्चिमी त्रिपुरा जिले के महेशखला पंचायत की एक सीट पर अभी चुनाव नहीं होगा। इस सीट से भाजपा उम्मीदवार की मृत्यु हो गई थी।

# पुलिसवालों को वीरता अवॉर्ड मामला, केंद्र ने हरियाणा से मांगी किसानों पर गोलीबारी की रिपोर्ट

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा सरकार की तरफ से वीरता पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किए गए चार पुलिस अधिकारी केंद्रीय गृहमंत्रालय की जांच के दायरे में आते नजर आ रहे हैं। खबर है कि मंत्रालय ने हरियाणा सरकार ससे 2 आईपीएस और हरियाणा पुलिस के 2 अधिकारियों की तरफ से किसानों पर की गई गोलीबारी की जानकारी मांगी है। खास बात है कि पंजाब विधानसभा स्पीकर की तरफ से एक पत्र भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा गया था, जिसमें इस फैसले पर विचार करने की मांग की गई थी। पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर हरियाणा सरकार के उस हालिया फैसले पर आपत्ति जताई, जिसमें दिल्ली चलो अभियान के तहत किसानों को दिल्ली कूच करने से रोकने में भूमिका के लिए छह पुलिस अधिकारियों को वीरता पदक देने की सिफारिश की गई है। हरियाणा सरकार ने हाल में केंद्र को भेजी अपनी सिफारिश में वीरता पदक से सम्मानित करने के लिए छह पुलिस अधिकारियों के नाम दिये हैं, जिनमें से तीन आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) और तीन अन्य हरियाणा पुलिस सेवा से हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के बैनर तले किसानों को फरवरी में राष्ट्रीय राजधानी की ओर बढ़ने से रोक दिया गया था। मंगलवार को प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में विधानसभा अध्यक्ष संधवान ने लिखा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि किसानों को बदनाम किया जा रहा है और उनके साथ बेहद अनुचित व्यवहार किया जा रहा है, जबकि वे लंबे समय से लंबित अपनी मांगों के लिए पंजाब में शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे हैं। किसानों की मांगों का समर्थन करते हुए उन्होंने हरियाणा के पुलिस महानिदेशक द्वारा उन छह पुलिस अधिकारियों को वीरता पदक देने की सिफारिश की कड़ी निंदा की, जिन्होंने शंभू बॉर्डर पर किसानों के मार्च को रोकने में भूमिका निभाई थी। एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा की तरफ से दिल्ली चलो के ऐलान के बाद हरियाणा सरकार ने फरवरी में शंभू और खनौरी सीमा पर बैरिकेड्स लगा दिए थे।


# सीएम ने किया बाबा केदारनाथ के दर्शन

- एक दिवसीय दौरे पर बाबा केदारनाथ धाम के दर्शन को पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कमिश्नर गढ़वाल विनय शंकर पांडे, आईजी पुलिस गढ़वाल करन सिंह नगन्याल, जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ विशाखा ने वीआईपी हैलीपैड पर उनका स्वागत किया। इसके बाद, मुख्यमंत्री तीर्थ पुरोहित समाज एवं मुख्य पुजारी से मिले।

निज संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को बाबा केदारनाथ के दर्शनों को श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बाबा केदारनाथ का रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं विश्व कल्याण की कामना की। इसके बाद उन्होंने केदारपुरी में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की। एक दिवसीय दौरे पर बाबा केदारनाथ धाम के दर्शन को पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कमिश्नर गढ़वाल विनय शंकर पांडे, आईजी पुलिस गढ़वाल





करन सिंह नगन्याल, जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ विशाखा ने वीआईपी हैलीपैड पर उनका स्वागत किया। इसके बाद, मुख्यमंत्री तीर्थ पुरोहित समाज एवं मुख्य पुजारी से मिले। मुख्यमंत्री ने बाबा केदारनाथ मंदिर में प्रवेश कर विशेष पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक कर संपूर्ण विश्व एवं मानवता के कल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड के सतत विकास के लिए भी बाबा केदार से आशीर्वाद मांगा। करीब 20 मिनट पूजा के बाद मुख्यमंत्री ने धाम में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों का अभिवादन कर श्रावण मास की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने धाम के मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग का आशीर्वाद प्राप्त किया, साथ ही तीर्थ पुरोहितों के साथ धाम में चल रहे निर्माण एवं अन्य कार्यों के संबंध में चर्चा कर सुझाव मांगे। उन्होंने केदारपुरी में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माण एवं पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लाने एवं गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समयबद्धता के साथ सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीकेटीसी योगेन्द्र सिंह, प्रभारी कार्यकारी अधिकारी आरसी तिवारी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश उनियाल, अनूप सेमवाल, केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, विनोद शुक्ला, किशन बगवाड़ी, उमेश पोस्ती, केशव तिवारी, दिनेश बगवाड़ी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं तीर्थ पुरोहित मौजूद रहे।

# दुर्गा पूजा के लिए ममता सरकार दिल खोलकर करेगी दान, 85000 का ऐलान; अगले साल 1 लाख का वादा

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुर्गा पूजा आयोजित कराने वाली समिति और क्लबों के लिए सहायता राशि बढ़ा दी है। सरकार ने मंगलवार को ऐलान किया कि राज्य सरकार की तरफ से अनुदान राशि 70 हजार से बढ़ाकर 85 हजार कर दिया गया है। साथ ही ममता सरकार ने इस राशि को अगले साल 1 लाख रुपए करने का भी वादा किया। अकेले कोलकाता और इसके आसपास के क्षेत्रों में लगभग 3000 सामुदायिक क्लब हैं। जबकि, राज्य भर में हर साल करीब 40000 स्थानों पर दुर्गा पूजा आयोजित होती है। इस साल टीएमसी सरकार दुर्गा पूजा के लिए कम से कम 340 करोड़ रुपये दान करेगी। पश्चिम बंगाल में हर साल दुर्गा पूजा धूमधाम से आयोजित की जाती है। इस साल दुर्गा पूजा महोत्सव 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर के बीच किया जाना है। साल 2021 में यूनेस्को ने कोलकाता में दुर्गा पूजा को सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया है। इस उपलब्धि के साथ ही राज्य के सबसे बड़े धार्मिक त्योहार को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली थी।

सीएम ममता बनर्जी ने मंगलवार को पूजा समितियों के अध्यक्ष और सरकारी अधिकारियों संग बैठक के दौरान कहा, पिछले साल तक हम प्रत्येक क्लब को 70,000 रुपये देते थे। इस साल हम राशि बढ़ाकर 85,000 रुपये कर रहे हैं। अगले वर्ष हम अनुदान बढ़ाकर एक लाख रुपये करेंगे। मैं इसकी पहले से घोषणा कर रही हूं। ममता बनर्जी ने



घोषणा की कि क्लबों को पहले की तरह सभी सरकारी शुल्कों पर पूरी छूट मिलती रहेगी और बिजली बिल पर सब्सिडी मौजूदा 66त्न से बढ़ाकर 75त्न कर दी जाएगी।

**सुरक्षा उपायों में नाकाम क्लबों को ब्लैक लिस्ट में डालेंगे:** टीएमसी के नेताओं ने कहा कि दुर्गा पूजा आयोजकों के लिए अनुदान बढ़ाने का निर्णय मंगलवार सुबह राज्य कैबिनेट बनर्जी की एक संक्षिप्त बैठक में लिया गया। पूजा आयोजकों को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने बंगाल के सबसे बड़े दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान सुरक्षा उपायों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, पुलिस और पूजा आयोजकों को प्रत्येक स्थल पर भीड़ के लिए कई प्रवेश और निकास बिंदु सुनिश्चित करने चाहिए। सभी जगह क्विक रिस्पांस टीमें लगाई जाएं। कोई हंगामा नहीं होना चाहिए। यातायात रोकने या असुविधा पैदा करने के लिए जिम्मेदार पाए जाने वाले आयोजकों को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा।

**केंद्रीय बजट पर भड़की ममता, कहा- हमे कुछ नहीं मिला:** ममता बनर्जी ने आज संसद में पेश किए गए मोदी सरकार 3.0 के पहले पूर्ण बजट पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, आज के बजट में हमें कुछ नहीं मिला। लेकिन हम हमेशा लोगों के साथ रहने की पूरी कोशिश करते हैं। एक गरीब सरकार इससे ज्यादा और क्या कर सकती है।

**2018 में सहायता राशि 10 हजार थी:** इससे पहले 2023 में, जब ममता बनर्जी ने दुर्गा पूजा के लिए आयोजन समितियों के लिए वित्तीय सहायता को बढ़ाकर 70,000 रुपये किया था। तब भाजपा ने इसे चुनाव से पहले सार्वजनिक धन का दुरपयोग करार दिया था। बता दें कि साल 2018 में ममता बनर्जी सरकार ने दुर्गा पूजा के लिए वित्तीय सहायता शुरू की थी, तब यह राशि 10 हजार रुपए प्रति क्लब थी। साल 2022 में सहायता राशि बढ़ाकर 60,000 रुपये की गई थी।

# स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अयोध्या की ट्रैफिक कंट्रोल व्यवस्था हुई अपग्रेड, ई-चालान शुरू

**अयोध्या, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के पहले और उसके बाद लगातार चर्चा में बनी रामनगरी, अयोध्या में अब स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट पर काम शुरू हो गया है। शहर के चौराहों को न सिर्फ हाईटेक सीसीटीवी कैमरों से जोड़ा जा रहा है, बल्कि इन कैमरों के जरिए कंट्रोल रूम से निगरानी करते हुए ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वालों का ऑनलाइन चालान भी किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अयोध्या की ट्रैफिक कंट्रोल व्यवस्था को अपग्रेड किया जा रहा है। इसके लिए अयोध्या के विभिन्न चौराहों पर एक हजार 324 ऐसे सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो वाहन पर लगी नंबर प्लेट की साफ तस्वीर ले सकें।

इन कैमरों को एक कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है, जहां लगातार निगरानी की जा रही है। वहीं से चौराहों पर लगे अलॉटमेंट सिस्टम के जरिए लोगों को निर्देश दिए जाते हैं और ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वालों का यहीं से ऑनलाइन चालान (ई-चालान) किया जाता है। ट्रैफिक विभाग 22 चौराहों पर इस तरह की व्यवस्था शुरू करने की तैयारी में है, जिनमें से पुष्पराज चौराहा, रिकाबगंज चौराहा, गुदड़ी बाजार चौराहा समेत अन्य कुछ स्थानों पर इस पर अमल भी शुरू हो गया है। 200 से ज्यादा ई-चालान अब तक हो चुके हैं।

ट्रैफिक एसपी एपी सिंह ने बताया कि श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और वाहनों की संख्या में काफी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। सही ढंग से संचालित करने के लिए महत्वपूर्ण चौराहों और अन्य स्थानों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है। ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के जरिए यातायात नियम का पालन न करने वालों के खिलाफ ई-चालान की कार्रवाई शुरू हो गई है।

# भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ ने चलाया सर्च ऑपरेशन, 2 किलो हेरोइन मिली

**अनूपगढ़, एजेंसी।** राजस्थान के अनूपगढ़ में भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र में बीएसएफ ने संदिग्धों की शिनाख्त के लिए चलाया सर्च ऑपरेशन चलाया। दो किलो हेरोइन मिली है। अनूपगढ़ जिले की नेमीचंद पोस्ट के पास में एक खेत में यह हेरोइन बरामद हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 करोड़ रुपए है। अनूपगढ़ एसपी रमेश मौर्य ने मीडया को बताया कि बीएसएफ को नेमीचंद पोस्ट के पास एक खेत में पीले रंग के प्लास्टिक के पैकेट में यह हेरोइन बरामद हुई है।

रावला पुलिस ने 8 दिन पहले एक तस्कर को गिरफ्तार किया था जो सीमा क्षेत्र में पाकिस्तान द्वारा भेजी गई हेरोइन की डिलीवरी लेने के लिए आया था। लेकिन उसे डिलीवरी लेने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। अनूपगढ़ एसपी ने बताया कि इसके बाद दो अन्य संदिग्ध व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया था। इन तीनों से पूछताछ जारी है. उन्होंने बताया कि आज बरामद की गई हेरोइन के तार इन्हीं तीनों व्यक्तियों से जुड़े हुए हैं। अनूपगढ़ एसपी रमेश मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि आज शाम को बीएसएफ की इंटेलीजेंस ब्रांच के अधिकारी इलाके में सर्च अभियान में लगे हुए थे कि उन्हें एक खेत में यह हेरोइन बरामद हो गई। रावला पुलिस और बीएसएफ ने इलाके में संयुक्त रूप से नाकाबंदी की है। सर्च अभियान चलाया है ताकि इलाके में आने वाले अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान हो सके। उल्लेखनीय है कि श्रीगंगानगर और अनूपगढ़ जिले की पाकिस्तान से लगती सीमा में हेरोइन तस्करी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। पाकिस्तानी तस्करों की ओर से भारतीय सीमा में ड्रोन के माध्यम से हेरोइन की खेप फेंकी जाती है। जिसे लेने के लिए भारतीय तस्कर पहुंचते हैं। पिछले एक महीने में आधा दर्जन से अधिक घटनाएं सामने आ चुकी है।

# जयराम ठाकुर ने बजट को हिमाचल प्रदेश के लिए बताया खास

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंगलवार को पेश केंद्रीय बजट को हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए अहम बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया है। जयराम ठाकुर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो मैसेज के साथ पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश के युवा वर्ग, गरीब परिवार, मध्यम वर्ग, किसानों सहित आमजन के हित के लिए बजट पेश किया। विशेष तौर पर हिमाचल में गत वर्ष प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई हेतु सहायता की दृष्टि से भी बजट में जिक्र किया गया है।

उन्होंने कहा, मैं इस बजट का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं। निश्चित रूप से इस बजट में किए गए प्रावधानों से हिमाचल में भी विकास के रास्ते खुलेंगे। माननीय प्रधानमंत्री , केंद्रीय वित्त मंत्री एवं केंद्र सरकार



का हार्दिक आभार। उन्होंने वीडियो में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहला बजट पेश किया गया। बजट के लिए मैं प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इसमें सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है, खासकर यूथ के लिए नौकरी पर फोकस करके मदद करने का रास्ता निकाला गया है। जिस तरह से 500 कंपनियों में एक करोड़ यूथ के लिए इंटर्नशिप कराई जाएगी, यह रोजगार के लिए बहुत बड़ी पहल है, इसके लिए मैं प्रधानमंत्री को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बजट के जरिए तीन करोड़ लोगों को घर देने की शुरुआत भी की है। गरीब कल्याण के लिए कोविड के दौर में जो योजना चलाई गई थी, कोई भूखा ना रहे, यह भी बजट में है। हिमाचल प्रदेश में गत वर्ष आपदा के चलते जो नुकसान हुआ है, इंफ्रास्ट्रक्टर के नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र से अलग अलग मदों में मदद मिलेगी। इसके अलावा इंटरेस्ट फ्री लोन के लिए बहुत बड़ी राशि रखी गई है। जब इसका आवंटन होगा तो इससे हिमाचल प्रदेश को भी फायदा होगा। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए लगभग 11 लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं, जिसका फायदा हिमाचल प्रदेश को भी होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना को शुरू करने का फैसला लिया गया है। हम लोगों के लिए यह भी बहुत बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि बजट का फोकस किसानों, बागवानों पर है। यह सबके हित का बजट है। बजट के जरिए हिमाचल के लिए विकास के रास्ते खुलेंगे।

# यूपी के विकास की मदद के लिए आगे आया मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट

**दौसा, एजेंसी।** राजस्थान के दौसा जिला स्थित मेहंदीपुर बालाजी की शरण में आए विकास को सांप ने 8 वीं बार डस लिया है। बता दें यूपी के फतेहपुर निवासी विकास द्विवेदी पर इन दिनों देशभर में चर्चा में है। दुश्मन बने सांप से छुटकारा पाने के लिए विकास पिछले 11 दिनों से राजस्थान के दौसा जिले में स्थित मेहंदीपुर बालाजी की शरण में है। लेकिन, सोमवार शाम उसे 8वीं बार सांप ने डस लिया। हालांकि, उसके परिजनों का दावा है कि सोमवार की शाम करीब साढ़े 7 बजे जब विकास को सांप ने काटा था तो उसे बालाजी महाराज की कृपा से कुछ नहीं हुआ। 8वीं बार सांप के काटने के बाद भी विकास पूरी तरह स्वस्थ है। विकास और उसके परिजनों का कहना है कि इस बार सांप को किसी ने भी आते-जाते नहीं देखा है। पीड़ित का दावा है कि सांप ने 9 बार काटने की चेतावनी दी। 9वीं बार कोई नहीं बचा पाएगा।

पीड़ित विकास ने बताया कि मेरे सर्प दंश से पीड़ित होने की बात जैसे ही बालाजी मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों को मिली। उन्होंने मेरी पूरी मदद की है। ऐसे में बालाजी महाराज की दोनों समय की आरती के समय वीआईपी गेट से बालाजी महाराज की प्रतिमा के सामने बैठने की अनुमति दी है। वहीं, बालाजी की जल और भबुती भी उपलब्ध करवाई है।





बालाजी मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों की ओर से मेरी हर संभव मदद की जा रही है।

बता दें सात बार सांप के काटने से परेशान पीड़ित विकास 13 जुलाई को दौसा के प्रसिद्ध आस्थाधाम मेहंदीपुर बालाजी आया था। यहां उसने बालाजी महाराज के दर पर अर्जी लगाकर जिद्दी सांप से बचाने की प्रार्थना की। 14 जुलाई को विकास ने कहा था कि सपने में आया सांप उसे शनिवार यानी 20 जुलाई को आठवीं बार काटेगा। लेकिन, शनिवार को विकास को सांप ने नहीं काटा। ऐसे में विकास और उसके परिवार के अन्य सदस्यों ने इसे बालाजी महाराज की कृपा बताई।

### पाकिस्तान से लौटी मूक-बधिर गीता फर्स्ट डिवीजन से पास, संस्कृत में विशेष उपलब्धि

**इंदौर, एजेंसी।** पड़ोसी देश पाकिस्तान से वर्ष 2015 में अपने देश भारत लौटीं गीता ने आठवीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर ली है। इसके बाद 33 साल की इस मूक-बधिर महिला ने सरकार से नौकरी की मांग की है।अधिकारियों ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की आठवीं कक्षा की परीक्षा में गीता को 600 में से 411 अंक मिले हैं और उन्हें सामाजिक विज्ञान और संस्कृत में विशेष योग्यता भी हासिल हुई है।इंदौर की गैर सरकारी संस्था आनंद सर्विस सोसायटी पाकिस्तान से गीता की वापसी के बाद उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के जतन में जुटी है। संस्था के सचिव और सांकेतिक भाषा के जानकार ज्ञानेंद्र पुरोहित ने बुधवार को बताया, अपने परीक्षा परिणाम से गीता बेहद उत्साहित हैं और अपने भविष्य की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही हैं। पुरोहित के मुताबिक वीडियो कॉल पर इशारों की जुबान में बातचीत के दौरान गीता ने उन्हें बताया कि वह सरकारी नौकरी करने के साथ अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहती

## संक्षिप्त समाचार

### पेरिस ओलंपिक

# पीवी सिंधु लगाएंगी मेडल्स की हैट्रिक !

● ओलंपिक में बैडमिंटन खिलाड़ियों से बड़ी उम्मीदें



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 शुरू होने में दो दिन से भी कम का समय बचा है. 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए 117 भारतीय एथलीटों ने क्वालीफाई कर लिया है. इनमें से सात खिलाड़ी भारतीय बैडमिंटन टीम में हैं, जिसमें 15 पदकों के लिए मुकाबला होगा. लगातार दो बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी पीवी सिंधु ने भी ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई किया है. इसके बाद से ही भारतीयों को बैडमिंटन में पदक की उम्मीद है.

इस बार भी पीवी सिंधु ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी. यह उनका लगातार तीसरा ओलंपिक होगा. उन्होंने 2016 के रियो ओलंपिक में रजत पदक जीता था, जबकि 2021 के टोक्यो ओलंपिक में उन्होंने कांस्य पदक जीता था. महिला एकल स्पर्धा में वह ऑटोमेटिकली क्वालीफाई करने वाली टॉप 16 खिलाड़ियों में 12वें स्थान पर हैं.

# लवलीना-निकहत की तैयारी के लिए कोच धर्मेंद्र ने किया त्याग

● नहीं हुए बेटे की शादी में शामिल




**नई दिल्ली, एजेंसी।** 1990 के राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य जीतने वाले धर्मेंद्र ने शादी में नहीं आने का फैसला लिया। वह मंगलवार को जर्मनी से टीम के साथ पेरिस के लिए रवाना हो गए। धर्मेंद्र शादी में थे नहीं, लेकिन उनकी पत्नी मीनू ने हर रस्म में वीडियो कॉल के जरिये उनकी मौजूदगी बनाए रखी है।

पेरिस ओलंपिक में देश के मुक्केबाजों को पदक दिलाने के लिए भारतीय मुक्केबाजी टीम के कोच और अपने समय के नामी मुक्केबाज अर्जुन अवॉर्डी धर्मेंद्र यादव ने अपने बेटे की शादी छोड़ दी। बुलंदशहर के धर्मेंद्र के सामने बीते सप्ताह बड़ा धर्मसंकट खड़ा हो गया कि वह बेटे की शादी में शामिल हों या सारब्रुकेन (जर्मनी) में भारतीय मुक्केबाजी टीम की तैयारियां छोड़ दें। यह उलझन सिर्फ शादी तक सीमित नहीं थी।

देश के पहले पेशेवर बॉक्सर धर्मेंद्र की मां की तबियत अचानक बिगड़ गई थी। उन्हें आईसीयू में दाखिल कराना पड़ा था। मां के कहने पर ही पोते की शादी आनन-फानन में करनी पड़ रही थी। ओलंपिक से ठीक पहले धर्मेंद्र का तैयारियां छोड़ना ठीक नहीं था। उनकी पत्नी और बेटे ने कहा वह राष्ट्रीय कोच की भूमिका निभाएं, बाकी सब वे संभाल लेंगे।

### आईपीएल 2025 को लेकर 3 बड़े अपडेट

# केएल राहुल एलएसजी से आरसीबी तो, रोहित-बुमराह और सूर्यकुमार छोड़ेंगे एमआई






**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग का अगला सीजन बेहद रोमांचक होने वाला है. इस बार कई खिलाड़ी इधर-उधर होने जा रहे हैं. दरअसल, इस बार मेगा ऑक्शन होनी है. ऐसे में सभी टीमों को सिर्फ चार-चार खिलाड़ी रिटेन करने की अनुमति होगी, बाकी सभी खिलाड़ियों को रिलीज करना होगा. हालांकि, मेगा ऑक्शन से पहले भी कुछ खिलाड़ी इधर-उधर जा सकते हैं. नियम के हिसाब से टीमें ऑक्शन से पहले आपस में खिलाड़ियों को ट्रेड कर सकती हैं

इस बीच आईपीएल 2025 की नीलामी से पहले बड़ी खबर सामने आई है. रिपोर्ट के मुताबिक, केएल राहुल और ऋषभ पंत अपनी-अपनी टीम का साथ छोड़ सकते हैं. यानी राहुल लखनऊ सुपर जायंट्स से अलग होंगे और पंत दिल्ली कैपिटल्स का साथ छोड़ेंगे. खबर है कि केएल राहुल लखनऊ का साथ छोड़कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में वापसी कर सकते हैं. राहुल पहले भी आरसीबी के लिए खेल चुके हैं. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो आगामी ऑक्शन से पहले मुंबई इंडियंस को भी बड़ा झटका लग सकता है. मुंबई के तीन मैच विनर खिलाड़ी टीम से अलग हो सकते हैं.

इसमें पूर्व कप्तान रोहित शर्मा, स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टी20 के नंबर वन बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टीम का साथ छोड़ सकते हैं.

# गुजरात टाइटंस के कोचिंग स्टाफ से जुड़ेंगे युवराज सिंह

### आशीष नेहरा की छुट्टी संभव



**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात टाइटन्स के प्रशंसकों में प्रबंधन में बदलाव हो सकता है क्योंकि मुख्य कोच आशीष नेहरा और क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी संभावित रूप से फ्रेंचाइजी को अलविदा बोल सकते हैं। नेहरा और सोलंकी 2022 में अपने पहले सीजन के बाद से फ्रैंचाइज़ी से जुड़े हुए हैं।

गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2022 में पहली बार खेलते ही खिताब जीता था। आईपीएल 2023 सीजन में वह उपविजेता रहे। गुजरात से जब कप्तान हार्दिक पांड्या अलग हुए तो शुभमन गिल को कप्तान बनाया गया। लेकिन टीम आईपीएल 2024 में अपनी सफलता दोहरा नहीं सकी। बहरहाल, गुजरात टाइटंस की डूबती नैय्या को पार लगाने के लिए युवराज सिंह टीम के साथ जुड़ सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार गैरी कर्स्टन, जो फ्रेंचाइजी का मार्गदर्शन कर रहे थे, ने भी पाकिस्तान पुरुष टीम के लिए सफेद गेंद के कोच के रूप में शामिल किए जाने के बाद शिविर छोड़ दिया है। इसलिए कई बदलाव हो सकते हैं।

आशीष नेहरा और विक्रम सोलंकी के आगे बढ़ने की पूरी संभावना है। जिसके बाद युवराज सिंह को लेकर चर्चा शुरू हो चुकी है। अभी कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन गुजरात टाइटंस के कोचिंग स्टाफ में कुछ बड़े बदलाव हो सकते हैं। बता दें कि हार्दिक को आईपीएल 2024 से पहले एक रिकॉर्ड डील में मुंबई इंडियंस ने अपने साथ रखा था। जबकि गुजरात ने शुभमन गिल को कप्तान बनाया था। टीम प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही और गिल के साथ नेहरा को नुकसान उठाना पड़ा। जीटी के कोचिंग सेट-अप के अन्य उल्लेखनीय सदस्य आशीष कपूर, नईम अमीन, नरेंद्र नेगी और मिथुन मन्हास हैं।

# टी20 सीरीज शुरू होने से पहले ही श्रीलंका को झटका, प्रमुख तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा बाहर




**कोलंबो ,एजेंसी।** भारत और श्रीलंका के बीच 27 जुलाई से टी20 सीरीज होनी है। इसके लिए मंगलवार को ही श्रीलंका ने अपनी टीम घोषित की थी। अब एक दिन बाद ही श्रीलंकाई टीम को बड़ा झटका लग गया है। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा भारत के खिलाफ टी20 के साथ ही वनडे सीरीज में भी हिस्सा नहीं लेंगे। भारत और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत 2 अगस्त से होनी है।

श्रीलंका के एक प्रमुख पत्रकार के अनुसार तेज गेंदबाज को चोट लगी है और इसलिए वह सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगे। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) जल्द ही उनके स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी की घोषणा करेगा।

# ओलंपिक टीम में चुने जाने पर मैं रो पड़ा हॉकी मिडफील्डर राज कुमार पाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर राजकुमार पाल 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारतीय टीम के अहम सदस्य राज कुमार पहली बार तब चर्चा में आए थे, जब उन्हें 2018 में बेल्जियम में पांच देशों के अंडर-23 टूर्नामेंट के लिए चुना गया था। हॉकी खेलने वाले तीन भाइयों में सबसे छोटे राज कुमार का करमपुर की गलियों से हॉकी खेलने का सफर अपने आप में एक कहानी है। उनके बड़े भाई जोखन और राजू भी पूर्व हॉकी खिलाड़ी हैं और वह गर्व से कहते हैं कि हॉकी के अलावा उनके लिए कोई दूसरा खेल नहीं था।

राज कुमार 10 साल की उम्र में मेघबरन स्टेडियम में शामिल हुए, जहां कोच तेज बहादुर सिंह ने पाल भाइयों में से तीनों में रुचि दिखाई। 2012 में वह लखनऊ छात्रावास में शामिल हुए और ललित कुमार उपाध्याय की गति और शैली की ओर आकर्षित हुए जो जोखन के बैचमेट थे। उपाध्याय भी उनके करीबी दोस्त बन गए जब उन्हें पहली बार भारत शिविर में बुलाया गया।



ललित के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए राज कुमार ने कहा, मुझे हमेशा ललित भाई ने प्रोत्साहित किया जिन्होंने मुझे समझाया कि गलतियां करना ठीक है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन गलतियों से सीखना चाहिए और उन्हें फिर कभी नहीं दोहराना चाहिए। उन्होंने हमेशा मेरा समर्थन किया है। ज़्यादातर समय जब हम मैच खेलते थे, तो मैं उनसे पूछता था कि मैंने मैच में क्या गलतियां कीं और मैं खुद में कहां सुधार कर सकता हूं और वह हमेशा मुझे बहुत शांति से बताते थे। उच्च प्रदर्शन निदेशक डेविड जॉन ने 2018 में सीनियर नेशनल चैंपियनशिप के दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण हॉस्टल में उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें सीनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ राष्ट्रीय शिविर के लिए बुलाया। अब राज कुमार का ध्यान पेरिस ओलंपिक पर है और वह एक बार में एक खेल पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मेरा पूरा ध्यान पेरिस ओलंपिक पर है।

मुझे पता है कि यहां क्या दांव पर लगा है और किसी भी तरह की गलती करने की कोई गुंजाइश नहीं है। मैं किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रहा हूं और एक बार में एक खेल पर ध्यान देने की योजना बना रहा हूं। अब तक 53 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले राजकुमार ने कहा, ओलंपिक में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए एक सपना रहा है। मैं इस अवसर का लंबे समय से इंतजार कर रहा था और अब जब मैं यहां हूं, तो यह अवास्तविक लगता है।

जब मुझे ओलंपिक-बाउंड टीम में अपने चयन की खबर मिली, तो मैं उन सभी परिस्थितियों को याद करके रो पड़ा, जिनसे मैं गुजरा हूं और मुझे अपने पिता की याद आई। जब मैंने घर पर फोन किया, तो मुझे पता चला कि मेरी मां रो रही थीं, लेकिन वे खुशी के आंसू थे। मेरे परिवार ने बहुत त्याग किया है और अब समय आ गया है कि मैं उन्हें स्वर्ण पदक से इसका बदला दूं। भारत अपने पेरिस 2024 ओलंपिक अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को करेगा, जब वे अपने पहले पूल बी मैच में न्यूज़ीलैंड से भिड़ेंगे।

# भारत-श्रीलंका टी20 सीरीज से पहले सूर्यकुमार यादव का वीडियो लीक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और श्रीलंका के बीच टी20 सीरीज का आगाज 27 जुलाई से पल्लेकेल में होगा. टीम की कमान सूर्यकुमार यादव हाथों में होगी. नए कोच गौतम गंभीर की देखरेख में टीम इंडिया श्रीलंका पहुंच चुकी है.

इस बीच भारतीय खिलाड़ियों ने 23 जुलाई को नेट प्रैक्टिस की. हालांकि इस प्रैक्टस के दौरान कप्तान सूर्यकुमार यादव से अनजाने में एक गलती हो गई. उन्होंने अक्षर पटेल से जुड़े प्लान का खुलासा कर दिया, जो इस सीरीज के ब्रॉडकास्टर के वीडियो में कैद हो गया. इस सीरीज के ब्रॉडकास्टर सोनी स्पोर्ट्स ने जब इसे



वीडियो को शेयर किया तो तो सामने आया कि अक्षर को लेकर किस तरह की प्लानिंग है. सोनी स्पोर्ट्स के वीडियो में सूर्या और मोहम्मद सिराज सीढ़ियों से उतरकर मैदान में आते दिख रहे हैं. उनके पीछे-पीछे अक्षर भी आते हैं. इस दौरान सूर्या कहते हैं, आराम से, आराम से. तीसरे-चौथे ओवर में तू ही दिखने वाला है.

यानी नए कप्तान सूर्या के बयान से यह बात तय है कि भारतीय टीम अक्षर से पावरप्ले में बॉलिंग कराएगी. इस दौरान तीसरे या चौथे ओवर में उन्हें आक्रमण पर लगाया जा सकता है. ऐसा श्रीलंका में स्पिनर्स की मददगार पिच कंडीशन के चलते हो सकता है. ध्यान रहे कि अक्षर ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दौरान भी कई बार पावरप्ले में गेंदबाजी की कमान संभाली थी.

# टेस्ट क्रिकेट में 1936 के इस रिकॉर्ड को तोड़ सकता है इंग्लैंड : ओली पोप

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप का मानना है कि उनकी टीम टेस्ट क्रिकेट में एक दिन के अंदर 600 रन बना सकती है और इन बातों को सिरे से खारिज कर दिया कि वे बल्लेबाजी में आक्रामक शैली 'बैजबॉल' से पीछे हट रहे हैं।



टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम पर ही है। उसने 1936 में भारत के खिलाफ मैनचेस्टर में खेले गए मैच के दूसरे दिन 6 विकेट पर 588 रन बनाए थे और पोप का मानना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम इस रिकार्ड को तोड़ सकती है। पोप ने कहा, 'कभी-कभी हम एक दिन में 280 या 300 रन बना सकते हैं क्योंकि हम परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं।

ऐसा भी हो सकता है कि भविष्य में कभी ऐसा दिन आए जब हम 500 से 600 रन बना लें और यह अच्छा रिकॉर्ड होगा। इंग्लैंड ने दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 506 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जा रही तीन मैच की श्रृंखला में अभी 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर रखे हैं।

## महिला एशिया कप: 2024

# शेफाली वर्मा की आंधी में उड़ी नेपाल टीम...

### जीत की हैट्रिक से एशिया कप के सेमीफाइनल में भारत

**दांबुला, एजेंसी।** शैफाली वर्मा के धुआंधार 81 रन (48 गेंद) के बाद फिरकी गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने मंगलवार को यहां रनगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में महिला एशिया कप के ग्रुप ए मैच में नेपाल को 82 रनों से रौंदकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

भारत ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की और छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। नेपाल की टीम 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कभी भी जीत की स्थिति में नहीं दिखी। उसने दूसरे ओवर में अरुंधति रेड्डी की गेंद पर सलामी बल्लेबाज समझना खड़का (7) को आउट कर दिया। सीता राणा मगर और कबिता कुंवर ने पावर-प्ले में टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन रेड्डी ने पांचवें ओवर में कुंवर




(6) को आउट कर टीम को एक और झटका दिया। सीता और कप्तान इंदु बर्मा ने वापसी करते हुए तीसरे विकेट के लिए 22 रन जोड़े। राधा यादव ने इंदु बर्मा का विकेट लेकर इस साझेदारी को तोड़ दिया और 9.2 ओवर में श्रीलंका का स्कोर 43/3 हो गया।

सीता ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सकीं। अगले ओवर में रेड्डी ने उन्हें भी पवेलियन भेज दिया। नेपाल ने 11 ओवर के अंदर अपनी आधी टीम खो दी जबकि जीत के लिए उस समय 120 से अधिक रन चाहिए थे। चौदहवें ओवर में दीप्ति शर्मा ने तीन गेंदों के अंतराल में रुबीना छेत्री (15) और कबिता जोशी (0) को पवेलियन भेज दिया। नियमित अंतराल पर नेपाल के विकेट गिरते रहे और 20 ओवर में वह 96/9 ही बना सका। भारत के लिए दीप्ति ने अपने चार ओवर में 3-13 के आंकड़े के साथ वापसी की, जबकि रेड्डी और राधा ने दो-दो विकेट लिए।

इससे पहले, शैफाली वर्मा के शानदार अर्धशतक और दयालन हेमलता के 47 रनों की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए 178/3 का स्कोर बनाया। शैफाली और हेमलता ने मैच की शुरुआत से ही कोई दया नहीं दिखाई। शैफाली ने पहले ओवर में कबिता कुंवर के खिलाफ दो चौके लगाकर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए। उन्होंने एक छोर से आक्रमण जारी रखा, जबकि हेमलता ने दूसरे छोर को मजबूती से संभाले रखा। पहले पावर-प्ले के अंत में भारत का स्कोर 50/0 था। शैफाली ने सातवें ओवर में फुल टॉस पर रुबीना छेत्री को छक्का लगाया और गियर बदल दिया। कुछ ही समय में उन्होंने आठवें ओवर में 26 गेंदों पर अपना 10वां टी20 अर्धशतक पूरा किया। बीस वर्षीय युवा खिलाड़ी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। नेपाल के पास 12वें ओवर में हेमलता को वापस पवेलियन भेजने का मौका था, लेकिन कप्तान इंदु बर्मा ने लॉन्ग-ऑफ पर कैच छोड़ दिया।

सीता राणा मगर ने आखिरकार 14वें ओवर में हेमलता (47) को आउट कर ओपनिंग साझेदारी तोड़ी। रुबीना छेत्री ने लॉन्ग-ऑन पर कोई गलती नहीं की और भारत को मैच का पहला झटका दिया। शैफाली को भी अगले ओवर में राहत मिली, लेकिन आखिरकार वह 81 रन बनाकर आउट हो गईं। उन्होंने 48 गेंदों की अपनी पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया। सजीवन सजना और जेमिमा रोड्रिग्स ने 23 रनों की साझेदारी की और टीम को 150 रनों के पार पहुंचाया। सजना (10) क्रीज पर टिकी नहीं रह सकीं और 19वें ओवर में कबिता जोशी ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। अंत में, रोड्रिग्स ने आक्रामक खेल दिखाया और 15 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से नाबाद 28 रन बनाए.

## एक नजर

### कारपोरेट परस्त है आम बजट : डॉ. सुरेश पासवान

**औरंगाबाद( नि.सं.)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने कहा है कि केंद्र सरकार के वित मंत्री द्वारा संसद में प्रस्तुत 2024-25 के आम बजट में देश के आम आवाम के जीवन स्तर को उपर उठाने के लिए कोई खास प्रावधान नहीं किया गया है। खासकर मध्यम वर्ग, किसान, बेरोजगारी, महंगाई कम करने का कोई ठोस पहल नहीं किया गया है। इसलिए इस बजट से आम आदमी को निराश होना पड़ा है। बजट पेश होते ही शेयर बाजार में भारी गिरावट ने यह साबित कर दिया कि देश का बजट दिशाहीन है। कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलने की उम्मीद थी लेकिन फिर एक बार बिहारवासियों को निराशा हाथ लगी। आयकर दाताओं को भी कोई टैक्स स्लैब में राहत नहीं है। बल्कि कारपोरेट्स का टैक्स चालीस प्रतिशत से घटाकर पैंतीस प्रतिशत किया जाना कारपोरेट परस्त बजट माना जा रहा है। इस बजट को एनडीए का बजट कहा जा सकता है, इंडिया का नहीं।

### विवाहिता की हत्या मामले में ससुर गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** दो महीने पूर्व रफीगंज के कुंवर बिगहा में 35 वर्षीया विवाहिता स्नेहा कुमारी की हत्या के मामले में ससुर गोपाल यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि मामले में ससुरालियों के खिलाफ कांड संख्या 190/24 दर्ज किया गया था। मामले में गया जिले के आंती थाना के कावर गांव निवासी मृतका के पिता कुलदीप यादव ने मृतका के पति, ससुर एवं अन्य को नामजद अभियुक्त बनाया था। पूर्व में मृतका के पति ने औरंगाबाद कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। मंगलवार को गांव से ही मृतका के ससुर गोपाल यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

### उपहारा पुलिस अपहृत युवती को जहानाबाद से किया बरामद

**गोह (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** गोह के उपहारा थाना की पुलिस ने पिछले दिनों स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की अगवा हुई युवती को मंगलवार को जहानाबाद जिले के बिशनुगंज थाना क्षेत्र से बरामद कर आगे की करवाई मे जुटी है।थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया की थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा अपनी पुत्री के अपहरण करने का आरोप एक व्यक्ति पर लगाया गया था। इसे लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई मे जुटी हुई थी। इस दौरान मंगलवार को पता चला कि अपहरणकर्ता ने युवती को जहानाबाद जिले में छुपाकर रखा है। इसके बाद पुलिस ने एक टीम गठित कर जहानाबाद जिले के बिशनुगंज थाना पुलिस के सहयोग से अमसारा गांव से युवती को बरामद कर आगे की कार्रवाई मे जुट गई है।

### टेम्पो व बाइक में टक्कर, चार घायल, तीन रेफर

**रफीगंज (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** रफीगंज-कासमा पथ पर पचार पेट्रोल पंप के पास टेंपो एवं बाइक की टक्कर में टेम्पो चालक सह खैरी इटवां गांव निवासी पंकज कुमार उर्फ साधु, बाइक चालक राजा बिगहा निवासी मनोज पासवान का 18 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार, लोहार गली निवासी बबलू विश्वकर्मा का 18 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार एवं राजा बगीचा निवासी विनोद कुमार गुप्ता का 19 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार घायल हो गया।सूचना मिलते ही 112 एवं अस्पताल से एंबुलेंस घटनास्थल पहुंच कर चारों घायलों को आनन फानन में रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर एके केसरी द्वारा चारो घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें अंकित कुमार, रितेश कुमार, पंकज कुमार उर्फ साधु को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया। घायल सनी कुमार ने बताया कि हम लोग अपाची बाइक से रफीगंज से पचार जा रहे थे।तभी विपरीत दिशा से आ रहे टेम्पो ने टक्कर मार दी, जिससे एक बाइक पर तीन व टेम्पू चालक गिरकर घायल हो गए।

### अवैध शराब के विरुद्ध औरंगाबाद पुलिस की कार्रवाई

**औरंगाबाद ( का.सं.)।** बुधवार को एनटीपीसी खैरा थाना अंतर्गत से कुल-20 लीटर देशी महुआ शराब बरामद के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। संदर्भ मे कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# रफ्तार का कहर : एनएच-19 पर बोलेरो ने चाचा-भतीजे को रौंदा, दोनों की मौत

निज संवाददाता



**बारूण (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद में नेशनल हाईवे 19 पर बारुण थाना क्षेत्र के बरडीह मोड़ के पास बुधवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने बुलेट सवार दो युवकों को कुचल दिया। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में नवीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के अंकोरहा गांव निवासी नरेश यादव का 19 वर्षीय पुत्र चिंटू उर्फ पंकज कुमार और गोरख यादव का 18 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार शामिल हैं। दोनों मृतक चाचा-भतीजा हैं। चिंटू का बड़ा भाई राजकुमार यादव अंकोरहा पंचायत का उपमुखिया है।

परिजनों ने बताया कि प्रिंस और चिंटू दोनों औरंगाबाद में एक साथ पढ़ते थे। प्रिंस ने इसी साल 12वीं की परीक्षा पास की थी। दोनों प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। दोनों किसी काम से घर गए थे, जहां से औरंगाबाद जा रहे थे। जैसे ही दोनों बरडीह मोड़ के पास पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने दोनों को रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि बुलेट बाइक और बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

#### युवक ने निकाल ली पिस्तौल

स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना बारुण थाने की पुलिस को दी। साथ ही बोलेरो सवार चार लोगों को घेर लिया। इतने में एक युवक ने पिस्तौल निकाल ली और लोगों को दराने की कोशिश करने लगा। इसी बीच मौका देख तीन युवक भाग निकले। लेकिन पिस्तौल दिखाने वाला युवक भीड़ में फंस गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेते हुए पिस्तौल, बाइक और बोलेरो जब्त कर ली है। लोगों का कहना है कि चालक काफी तेज गति से बोलेरो चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

#### मुआवजे की मांग

पुलिसकर्मियों ने मृत दोनों युवकों को सदर अस्पताल पहुंचाया तथा घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और शव से लिपटकर रोने लगे। घटना की खबर सुनते ही जिला पार्षद अनिल यादव, बैरिया पंचायत के मुखिया उपेंद्र कुमार मेहता, दर्शन कुमार, कमलेश मेहता, मुखिया अप्पू सिंह, पंचायत अध्यक्ष प्रमोद यादव, सुभाष यादव सहित अन्य लोग वहां पहुंचे तथा रो रहे परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजा देने की मांग की है।

#### क्या बोले थाना प्रभारी?

बारुण थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने बताया कि हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई है। फिलहाल हादसे में क्षतिग्रस्त बोलेरो और बुलेट बाइक को जब्त कर लिया गया है। वहीं, एक युवक और उसके पास से एक पिस्टल जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं' योजनान्तर्गत 'सखी वार्ता' का आयोजन

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए बेटियों की शादी 18 वर्ष के बाद और लड़कों की शादी 21 वर्ष के बाद करने की दी गयी सलाह

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं' योजनान्तर्गत कौशल युवा कार्यक्रम प्रशिक्षण केंद्र महाराणा चौक, दानी बिगहा, औरंगाबाद में 'सखी वार्ता' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजीव रंजन, जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, मिथिलेश कुमार, जिला मिशन समन्वयक, डीएचईडब्लू औरंगाबाद एवं प्रशिक्षिका प्रिया कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा कहा गया कि सबसे पहले तो महिलाएं/बालिकाएं अपने साथ होने वाले हिंसा को पहचाने और उसे रोकें। इसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न व्यवस्थाएं दी गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है साथ ही उनके सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए कानूनी प्रावधान किया गया है। इसके लिए जिला में 'सखी वन स्टॉप सेंटर' एवं 'जिला हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वीमेन' जैसे कार्यालय संचालित हैं,जहां से महिलाऐं एवं बालिकाएं सहयोग ले सकती हैं। उन्होंने 'सखी वन स्टॉप सेंटर' का मोबाइल नंबर-9771468003, महिला हेल्पलाइन टॉल फ्री नंबर-181 एवं आपातकालीन हेल्पलाइन 112 के उपयोग की जानकारी सबों को दी। उन्होंने कहा कि बच्चियों का लालन-पालन सही तरीके से करते हुए पढाई अवश्य करायें, इन्हें आगे बढने का अवसर दें। बालिकाएं अब हर क्षेत्र में आगे बढ रही है,बेटा बेटी में अंतर नहीं कर दोनों को समान अवसर दें।

उन्होंने बाल विवाह की चर्चा करते हुए कहा की बेटी की शादी 18 वर्ष के बाद और लड़के की शादी 21 वर्ष के बाद करें। अगर इस तरह की घटना कहीं हो तो उसकी सूचना इन नंबरों पर देकर सहायता प्राप्त करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला मिशन समन्वयक द्वारा महिलाओं/बालिकाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए उनको मिलने वाले सरकारी योजनाओं से भी उपस्थित बालिकाओं को अवगत कराया गया साथ ही जिला मुख्यालय, समाहरणालय परिसर औरंगाबाद में संचालित जिला हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वीमेन तथा सखी वन स्टॉप सेंटर के कार्य प्रक्रियाओं से विस्तार पूर्वक अवगत कराते हुए वहां मिलने वाली सुविधा की जानकारी दिए।इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सरकार 'मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना' के माध्यम से बालिकाओं को पढने और आगे बढने का अवसर प्रदान कर रही है। अतः आपलोग इसका लाभ लें।

शांति समिति की बैठक में सड़क की समस्याओं से डीएम को कराया गया था अवगत

# आश्वासन के बावजूद सड़क की नहीं हो सकी मरम्मती

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जिला अधिकारी श्रीकांत शास्त्री के आश्वासन के 8 दिन बाद भी रफीगंज के ब्लॉक रोड के निर्माणाधीन पुल के दोनों साइड सड़क का मरम्मत का काम नहीं हो सका है। ब्लॉक रोड के पास बड़े-बड़े वाहनों के आवाजाही के कारण सड़क पर गड्ढे बन गए हैं। मुहर्रम को लेकर 13 जुलाई को रफीगंज प्रखंड मुख्यालय के बहुउद्देशीय भवन में शांति समिति की बैठक हुई थी। इसमें औरंगाबाद डीएम श्रीकांत शास्त्री को उपस्थित लोगों ने मौखिक रूप से इस समस्या से अवगत करवाया था। बैठक के दौरान बताया कि रफीगंज ब्लॉक रोड के पास निर्माणाधीन ओवरब्रिज के नीचे सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। जिसके कारण लोगों की समस्या आने-जाने में हो रही है। इस बिंदु पर औरंगाबाद डीएम श्रीकांत शास्त्री ने भरी सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि 17 जुलाई को आपका मुहर्रम है। लेकिन उससे पहले ही सड़क की मरम्मत हो जाएगी। लेकिन मोहर्रम के 8 दिन बीत जाने के बाद भी सड़क की वही स्थिति है। समाजसेवी लड्डू खान बताते हैं कि प्रतिदिन इस सड़क के माध्यम से गया, गुरारु, गोह , दाउदनगर, शिवगंज, औरंगाबाद तथा अन्य जगहों पर जाने के लिए हजारों लोगों को काफी असुविधा होती है। इस सड़क के माध्यम से प्रतिदिन दस हजार लोग गुजरते हैं।

# सर्वोच्च न्यायालय में लगने वाले विशेष लोक अदालत का गांव-गांव जाकर प्रचार करे पारा विधिक स्वयंसेवक : डीएलएसए

- पक्षकारों तक नोटिस की तामिला ससमय सुनिश्चित करना।

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने बुधवार को प्राधिकार के सभागार में प्राधिकार में सूचीबद्ध सभी पारा विधिक स्वयंसेवको के साथ बैठक की। बैठक में सचिव ने पारा विधिक स्वयंसेवकों को सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार में अहम् भूमिका निभाने का आह्वान किया। कहा कि पारा विधिक स्वयंसेवकों की गांव से लेकर पंचायत तक पहुंच है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट में लग रहे राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार में उनका सहयोग जरूरी है। सचिव ने सभी पारा विधिक स्वयंसेवको से सर्वोच्च न्यायालय में 29 जुलाई से 03 अगस्त तक आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत की चर्चा करते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में औरंगाबाद जिले से संबंधित कुछ मामलों की सूची प्राप्त हुई है। इन पक्षकारो को पारा विधिक स्वयंसेवकों के माध्यम से नोटिस प्रेषित किया गया है। इन नोटिस का तामिला पक्षकारो तक ससमय कराते हुए प्राधिकार के कार्यालय तक पक्षकारों की पहुंच सुनिश्चित कराए ताकि इन मामलों को लेकर प्राधिकार द्वारा अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके। कहा कि पारा विधिक स्वयंसेवक क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगो को सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित होने जा रहे विशेष लोक अदालत का प्रचार प्रसार करें ताकि अगर किसी व्यक्ति का वाद सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हो तो उन्हें इसके बारे में जानकारी मिल सके। अगर उन्हें किसी प्रकार की समस्या हो तो उन्हें प्राधिकार से सम्पर्क करा कर सहयोग करें।

### आगजनी के आरोपी को कोर्ट ने दिया दोषी करार

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में एडीजे-2 धनंजय कुमार मिश्रा की अदालत ने बुधवार को बारूण थाना कांड संख्या-109/13 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त मस्तूल बारूण निवासी रंजन पासवान को वाद के सूचक मस्तूल बारूण निवासी प्रयाग राम का घर नष्ट करने के आशय से आगजनी का दोषी ठहराया। एपीपी राजाराम चौधरी ने बताया कि अभियुक्त को आज्ञ बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया है और सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई की तिथि 02 अगस्त निर्धारित की गई है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी के सूचक ने 11 साल पहले 16 मई 2013 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में कहा था कि अभियुक्त का दिलीप राम से माचिस को लेकर झगड़ा हो गया था तो अभियुक्त ने सूचक के घर में आगजनी कर नहर के किनारे भाग गया।

# पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए एसएसबी ने किया पौधारोपण



निज संवाददाता

**देव (औरंगाबाद)।** वातावरण के अनुकूल पेड़ पौधा लगाना अति आवश्यक है, पेड़ पौधों के बिना स्वस्थ्य जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, ये बात भालुआहि एसएसबी के कमांडेंट धर्मेंद्र कुमार सिंह ने देव प्रखंड के दुलारे पंचायत अंतर्गत कर्मा मध्य विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को चाहिए कि वे अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ जरूर लगाए एवं वृक्ष बनने तक इसकी पूरी तरह से देखभाल करें। मौक़े पर मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष बिजेंद्र कुमार यादव ने कहा कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि सबको अधिक से अधिक पौधा लगाना चाहिए, जिससे वातावरण शुद्ध हो। पेड़ पर्यावरण से हानिकारक गैसों को अवशेषित कर शुद्ध ऑक्सीजन हमें देते हैं। हमें न केवल पेड़ लगाना है बल्कि पेड़ पौधे लगाकर उनका संरक्षण भी करना है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के इस अनमोल धरोहर को बचाने की जरुरत है।

# छठी पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किए गए वरीय अधिवक्ता मुखलाल बाबू

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला विधिक संघ, औरंगाबाद के प्रसिद्ध वरीय अधिवक्ता मुखलाल सिंह की छठी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने की जबकि संचालन उपाध्यक्ष क्षितिज रंजन ने किया। सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि दी गई। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि वक्ताओं ने कहा कि मुखलाल बाबू आपराधिक मामलों के औरंगाबाद के सबसे बड़े अधिवक्ता थे। वें जिला विधिक संघ के अधिकांश अधिवक्ताओ के सीनियर रहे। मुखलाल बाबू ने जिला विधिज्ञ संघ के सचिव पद को भी सुशोभित किया था। कम्युनिस्ट विचारधारा से ओतप्रोत मुखलाल सिंह गरीब मुवक्किलों के चहेते थे। वकालत में उन्होंने ने पचास साल सेवा दी। इस अवसर पर जिला विधिज्ञ संघ के महासचिव जगनारायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, पूर्व सचिव परशुराम सिंह, नागेंद्र सिंह, महेंद्र प्रसाद सिंह, कामता प्रसाद सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, सियाराम पांडेय, कुणाल कुमार, सविता कुमारी, प्रदीप सिंह, अवध बिहारी सिन्हा, अनिल कुमार, नवीन कुमार, ओमप्रकाश सिंह, उदय कुमार सिन्हा, आलिया, दिलीप कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सब्जी मंडी हटाने के विरोध में दुकानदारों की हड़ताल

- प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन और मांगें, शहर में सब्जियों की बिक्री ठप

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के मुख्यालय में सब्जी मंडी हटाने के खिलाफ बुधवार को फल और सब्जी विक्रेताओं ने व्यापक हड़ताल और प्रदर्शन किया। इसके परिणामस्वरूप पूरे दिन सब्जी मंडी में सन्नाटा पसरा रहा, और शहर में सब्जियों की बिक्री बंद हो गई। इस विरोध प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य प्रशासन द्वारा सब्जी मंडी को हटाने के निर्णय के खिलाफ आवाज उठाना था, जिसमें दुकानदारों को बिना किसी पूर्व सूचना के हटाया गया और उनकी आजीविका प्रभावित हुई। गांधी मैदान से शुरू होकर, सब्जी और फल विक्रेताओं ने पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली। यहां उन्होंने जिलाधिकारी (डीएम) को ज्ञापन सौंपा, जिसमें अपने मुद्दों और मांगों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया गया। विक्रेताओं का कहना था कि नगर परिषद ने वर्ष 2006 में ही इस जमीन से संबंधित मुकदमे को हार दिया था, तो अब उन्हें टैक्स की वसूली क्यों की जा रही है? उनका यह भी कहना था कि यह भूमि 184 डिसमिल है, जबकि विवाद केवल 65 डिसमिल के क्षेत्र का है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना नापी करवाए ही सभी दुकानों को तोड़ दिया गया, जिससे उनका भारी नुकसान हुआ। विक्रेताओं का आरोप है कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा 2014 और 2017 में लागू किए गए कानूनों का उल्लंघन करते हुए, उन्हें बिना वैकल्पिक व्यवस्था के बेदखल कर दिया गया। इन कानूनों के अनुसार, फुटपाथी दुकानदारों को हटाने से पहले उन्हें अन्यत्र स्थान प्रदान किया जाना चाहिए था, लेकिन प्रशासन ने इसका पालन नहीं किया। उन्होंने कहा कि बड़े पूंजीपति सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा जमाए बैठे हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती, जबकि गरीबों से जमीन जबरन खाली कराई जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि उन्होंने एक दिव्यांग व्यक्ति के साथ अभद्र व्यवहार किया और मारपीट की। इस मामले में जमीन की सही नापी करवाने और उसके बाद उचित कार्रवाई करने की मांग की गई। इसके साथ ही, विक्रेताओं ने अपने सामानों के नुकसान की भरपाई की मांग भी की। इस विरोध प्रदर्शन में फुटपाथ फेरी विक्रेता संघ के अध्यक्ष शशि सिंह, अशोक कुमार, सुरेश मेहता, बंटी कुमार, भोला प्रसाद, संतोष कुमार, सुनील मेहता, अशोक मेहता, रामाशीष शर्मा, धीरज कुमार, अंकित मेहता, प्रेम भगत, नीतीश कुमार, राजीव कुमार, कृष्णा मेहता, मनोज कुमार, मुरारी कुमार सहित अन्य विक्रेता शामिल रहे।

# भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह ने केन्द्रीय बजट को बताया सकारात्मक और स्वागत योग्य

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किया गया केन्द्रीय बजट को सकारात्मक एवं स्वागत योग्य बताया है।मीडिया प्रभारी ने कहा कि यह बजट सभी वर्गों के हित मे अच्छा बजट है और बिहार को इस बजट में बहुत कुछ दिया गया है आने वाले दिनों में इस बजट का असर देखने को मिलेगा और विकास के हर क्षेत्र में भारत के साथ साथ बिहार भी आगे बढ़ेगा। यह बजट गरीब,युवा,किसान और महिलाओं के विकास के साथ विकसित भारत के दिशा में सार्थक है।विशेष रूप से यह बजट बिहार के विकास के लिए ऐतिहासिक है।

# डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष बने संजय

निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** नवीनगर नगर पंचायत क्षेत्र के बस स्टैंड न्यू एरिया स्थित नई मारवाड़ी धर्मशाला में मंगलवार को जनवितरण प्रणाली दुकानदारों की बैठक जिलाध्यक्ष सह निर्वाची पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला संगठन मंत्री सिंटू सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित जन वितरण प्रणाली दुकानदारों ने सर्वसम्मति से नवीनगर प्रखंड में जनवितरण प्रणाली के संगठन के पदाधिकारियों का चुनाव किया। संगठन के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, बालमुकुंद सिंह को सचिव, बसंत यादव को उप सचिव, राजीव रंजन कुमार को कोषाध्यक्ष, मनीष कुमार को उप कोषाध्यक्ष, साहिब सिंह को संयोजक, चंचला देवी को मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता दीनानाथ कुमार को, हेमंत कुमार को संरक्षक चुना है।

# प्रेशर आईईडी को बरामद कर किया गया डिफ्यूज

निज संवाददाता



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के पचरुखिया पहाड़ से एक प्रेशर आईईडी बरामद की गई। एसपी के निर्देशन में सदर एसडीपीओ-2 अमित कुमार के नेतृत्व में मदनपुर थाना पुलिस, सीआरपीएफ कोबरा 205 और पदाधिकारी उपेंद्र प्रताप के नेतृत्व में पचरूखिया इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इस दौरान यहां जंगल से दो किलो वजन की एक प्रेशर आईईडी बरामद की गई। बाद में बम को डिफ्यूज कर दिया गया।

# डीएम ने किया बारूण प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण

निज संवाददाता



**बारूण (औरंगाबाद)।** बुधवार को जिला पदाधिकारी,श्रीकान्त शास्त्री द्वारा बारुण प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण कर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक किए। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड के पंचायत में चल रहे विकास योजना की जांच किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र के समस्याएं रखी। डीएम ने सभी शिकायतों को नोट करते हुए संबंधित पदाधिकारी को इसका समाधान करने का निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त मनरेगा, आवास योजना, दाखिल खारिज, राशन कार्ड कार्ड, नल जल सहीत अन्य कल्याणकारी योजनाओं का समीक्षा करते हुए यथाशीघ्र समाधान करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिए। साथ ही साथ जिला पदाधिकारी द्वारा मनरेगा पर जोर देते हुए मनरेगा मजदूरों को कैंप लगाकर मनरेगा कार्ड बनाने का निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त ज़िला पदाधिकारी ने कहा कि सरकार के स्तर से आम जनमानस एवं जन सरोकार से जुड़ी हुई कई योजनाएं को अंतिम लोगों तक पहुंचाने हेतु लगातार काम कर रही है। सभी विभाग अपने कार्यों को पूरी तत्परता से करें। समीक्षा बैठक में प्रखंड प्रमुख प्रखंड स्तरीय सभी जनप्रतिनिधि इसके अतिरिक्त प्रखंड स्तरीय सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### लंबित कांडों की समीक्षा पुलिस अधीक्षक ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**अम्बा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा बुधवार को अम्बा थाना में लूट/हत्या/डकैती एवं अन्य गंभीर लंबित कांडों की समीक्षा अम्बा थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ता के साथ की गई। कांडो में सत्य पाए गए एवं फरार अभियुक्तों के विरुद्ध गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की की कारवाई सुनिश्चित करने तथा लंबित सभी बिन्दुओं पर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए, जल्द से जल्द कांड का निष्पादन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

# संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की हड़ताल शुरू

निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** नवीनगर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों ने बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के नेतृत्व में मंगलवार को अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु कर दी है। स्वास्थ्य कर्मियों ने नवीनगर रेफरल अस्पताल परिसर के मुख्य गेट के समीप सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्वास्थ्य कर्मी सीमा कुमारी, स्वीटी कुमारी, डिम्पल कुमारी, अस्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी,ज्योति कुमारी, श्वेता कुमारी, रौशन कुमार, अशोक कुमार, तनुज कुमार, घनश्याम कुमार ने बताया कि उन्हें संविदा पर बहाल किया गया है। जो नियमित स्वास्थ्य कर्मी हैं, वह जितना काम करते हैं उतना काम उनसे भी लिया जाता है। समान काम का समान वेतन, स्मार्टफोन से ऑनलाइन उपस्थिति पर रोक लगाने की मांग की गई।

# भारतीय मजदूर संघ का मना 70वां स्थापना दिवस

निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** नवीनगर थाना के निकट स्थित गायत्री मंदिर परिसर में मंगलवार को भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई के द्वारा 70वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने की एवं संचालन जिला पार्षद हरिराम ने किया। स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित लोगों ने सर्वप्रथम भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दंतोपंत ठेंगडी के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित किया। जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ की स्थापना 23 जुलाई 1955 में की गई थी। यह देश का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन में एक था। समारोह में उपस्थित लोगों ने उनके बताए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों से भवन एवं पथ निर्माण में लगे मजदूरों का निबंधन कराने पर बल दिया। मजदूरों के हित में आज सरकार के द्वारा 14 प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। दुर्घटना होने पर बीमा राशि का चार लाख रुपये एवं स्वाभाविक मृत्यु होने पर दो लाख रुपए देने का प्रावधान है। मौके पर शंकर दयाल सिंह, राकेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, सुमन कुमार सिंह, अभय कुमार, सुरेंद्र सिंह उपस्थित थे।